राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र


# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 डिजिटल क्रिएशन पर बोलीं प्राजक्ता कोली...




गैंगस्टर के 207 अभियोग में... 12

गाजियाबाद, शनिवार 13 दिसंबर 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 280, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल का निधन, 90 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का लातूर में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे और घर पर ही उपचाररत थे। अपने



राजनीतिक जीवन में उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री समेत कई अहम पद संभाले। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से सात बार सांसद चुने गए और महाराष्ट्र की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण स्थान रहा। 12 अक्टूबर 1935 को चाकुर (लातूर) में जन्मे पाटिल ने आयुर्वेद और कानून की पढ़ाई की। उनका राजनीतिक सफर 1967 में लातूर नगर पालिका से शुरू हुआ। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की सरकारों में उन्होंने रक्षा, वाणिज्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे महत्वपूर्ण विभागों में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। 1991 से 1996 तक वे लोकसभा अध्यक्ष रहे और इस दौरान सदन के आधुनिकीकरण व सीधा प्रसारण जैसी पहलें आगे बढ़ाईं। 2004 में चुनाव हारने के बाद भी वे गृह मंत्री बने, लेकिन 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वे 2010 से 2015 तक पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक रहे।

### दर्दनाक हादसा : अनियंत्रित होकर प्राइवेट बस खाई में गिरी, आठ तीर्थयात्रियों की मौत

**विशाखापत्तनम (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामाराजू जिले में एक प्राइवेट ट्रैवल बस के खाई में गिरने से आठ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा चिंतूर-नारेदुमिल्ली घाट रोड पर हुआ, जब ड्राइवर कथित तौर पर एक तीखे मोड़ पर बस को कंट्रोल नहीं कर पाया और सेफ्टी वॉल से टकराने के बाद बस खाई में गिर गई। बस में दो ड्राइवरों समेत 37 लोग सवार थे और वह अन्नावरम जा रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार सभी यात्री चित्तूर जिले के थे, जो तेलंगाना के भद्राचलम मंदिर के दर्शन करने के बाद काकीनाडा जिले के अन्नावरम मंदिर जा रहे थे। जिस जगह हादसा हुआ, वहां मोबाइल फोन नेटवर्क नहीं था, इसलिए मोथुगुंटा में पुलिस तक जानकारी पहुंचने में कुछ समय लगा। पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस और बचाव टीम ने मौके से आठ शव बरामद किए। घायलों को चिंतूर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए पांच पुलिस वाहनों और तीन एंबुलेंस का इस्तेमाल किया गया। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने बचाव और राहत कार्यों के बारे में अधिकारियों से बात की। उन्होंने उन्हें घायलों को सबसे अच्छा इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गृह मंत्री वी अनिता और आदिवासी कल्याण और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री जी. संध्या रानी दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। उन्होंने अल्लूरी सीतारामाराजू जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से बात की और उन्हें पीड़ितों को हर संभव मदद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बढ़ते सड़क हादसों पर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पिछले महीने कारणों का पता लगाने के लिए सड़क हादसों की थर्ड-पार्टी ऑडिटिंग का आदेश दिया था।

## यह उपलब्धि अनगिनत युवाओं को प्रेरित करती है, हॉकी पुरुष जूनियर वर्ल्ड कप में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने खेले गए एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अर्जेंटीना के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की युवा टीम को सराहा है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एफआईएच हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में इतिहास रचने के लिए हमारी पुरुष जूनियर हॉकी टीम को बहुत-बहुत बधाई। हमारी युवा और जोशीली टीम ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का पहला कांस्य पदक जीता है। यह शानदार उपलब्धि पूरे देश के अनगिनत युवाओं को प्रेरित करती है।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने एक्स पर लिखा, मेंस एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में कांस्य पदक जीतने पर टीम इंडिया को हार्दिक बधाई। अर्जेंटीना के खिलाफ शानदार वापसी हमारे युवा खिलाड़ियों के हौसले, अनुशासन और अटूट दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने देश को गौरवान्वित किया है। हमारी जूनियर पुरुष हॉकी टीम को वैश्विक मंच पर और भी बड़ी सफलता और कई शानदार पलों के लिए शुभकामनाएं।

इस मुकाबले में अर्जेंटीना ने 2-0 से बढ़त बना रखी थी, लेकिन अंतिम 11 मिनटों में भारत ने मैच का पासा पलटते हुए तीसरा पायदान अपने नाम किया। इस मुकाबले में निकोलस रोड्रिगेज (तीसरे मिनट) और सैंटियागो फर्नांडीज (44वें मिनट) ने मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, जिसके बाद भारत के लिए अंकित पाल (49वें मिनट), मनमीत सिंह (52वें मिनट), शारदानंद तिवारी (57वें मिनट) और अनमोल एक्का (58वें मिनट) ने गोल किए।

## न्यू चंडीगढ़ में हरमनप्रीत कौर और युवराज सिंह के नाम पर स्टैंड्स का उद्घाटन

**न्यू चंडीगढ़ (आरएनएस)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे टी20 मैच से पहले भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और पूर्व पुरुष ऑलराउंडर

### सीएम मान ने दोनों खिलाड़ियों को किया सम्मानित

युवराज सिंह के नाम पर स्टैंड्स का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर दोनों दिग्गज स्टेडियम में मौजूद रहे। इस स्टैंड का उद्घाटन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पीसीए अध्यक्ष अमरजीत मेहता ने किया। इस दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष मिथुन मन्हास और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद रहे। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में पिछले महीने भारत ने महिला वनडे विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था। यह महिला सीनियर क्रिकेट टीम की पहली आईसीसी ट्रॉफी थी। हरमनप्रीत कौर तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हैं, जिनके सम्मान में स्टैंड का नाम रखा गया। इससे पहले, झूलन गोस्वामी (ईडन गार्डन्स, कोलकाता) और मिताली राज (एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापत्तनम) को यह सम्मान मिला था। मुख्यमंत्री और अन्य पीसीए पदाधिकारियों की उपस्थिति में हरमनप्रीत, अमनजोत कौर और हरलीन देओल को 11-11 लाख रुपये के नकद पुरस्कार भी दिए गए, जबकि विश्व कप जीतने वाली टीम के फील्डिंग कोच मुनीश बाली को 5 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं, युवराज सिंह टी20 विश्व कप 2007 और वनडे विश्व कप 2011 में भारत की खिताबी जीत के नायक रहे थे। युवराज साउथ अफ्रीका के विरुद्ध दूसरे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम के साथ भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को कुछ सलाह भी दी। गुरुवार को मुल्लांपुर में भारत-साउथ अफ्रीका के बीच जारी दूसरे टी20 मुकाबले में सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया है। टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि



साउथ अफ्रीकी टीम तीन बदलावों के साथ उतरी है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम में अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह को मौका दिया गया है। दूसरी ओर, एडेन मार्करम की कप्तानी में साउथ अफ्रीकी खेमे में रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), देवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, जॉर्ज लिंडे, मार्को जानसेन, लुथो सिपाम्ला, लुंगी एनगिडी और ओटनील बार्टमैन शामिल हैं।

## दिल्ली में होंगे अब 13 जिले, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, शासन होगा और अधिक सुचारू

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में प्रशासनिक कार्यों को अधिक कुशल, सुगम और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में दिल्ली के मौजूदा 11 राजस्व जिलों का पुनर्गठन करते हुए 13 नए राजस्व जिलों के गठन को मंजूरी प्रदान की गई। यह निर्णय शासन को सरल, पारदर्शी और समन्वित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार माना जा रहा है।



मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत बनाने का यह निर्णय वर्षों से लंबित था, जिसे किसी भी सरकार ने निपटाने का प्रयास नहीं किया। हमारी सरकार ने मात्र 10 माह में इस लक्ष्य को पूरा कर दिखाया। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सुशासन के विजन को धरातल पर उतारने का एक सशक्त उदाहरण है।

**जिला प्रशासन को बनाया जाएगा और अधिक मजबूतः मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन किसी भी शासन का केंद्र बिंदु होता है और जनता के जीवन में सरकार की सबसे नजदीकी इकाई है। दिल्ली की तेजी से बढ़ती आबादी, निर्माण गतिविधियों, शहरी विस्तार और नागरिक सेवाओं की जटिलताओं को देखते हुए जिला प्रशासन को और अधिक संगठित, प्रभावी और जवाबदेह बनाना समय की जरूरत था। उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे महानगर में सेवाओं के बेहतर समन्वय, त्वरित वितरण, शिकायतों के तेज समाधान और प्रभावी निगरानी के लिए छोटे, संतुलित और प्रशासनिक रूप से सशक्त जिलों का गठन आवश्यक था। इसी उद्देश्य से अब दिल्ली में 11 की जगह 13 जिलों का गठन किया जा रहा है।

**राजस्व जिलों और नगर निगम की सीमाएं अब एक जैसी होंगी**

मुख्यमंत्री ने बताया कि लंबे समय से दिल्ली के राजस्व जिलों की सीमाएं नगर निगम जोन, हृष्ठरूष्ट और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड की सीमाओं से मेल नहीं खाती थीं। इससे सेवा वितरण में देरी, शिकायतों में भ्रम, भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन में कठिनाई और विभिन्न विभागों के क्षेत्रों में असमानता जैसी समस्याएँ लगातार उत्पन्न होती थीं। नए पुनर्गठन के बाद 13 जिलों की सीमाएं पूरी तरह से दिल्ली नगर निगम, और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड की सीमाओं के अनुरूप होंगी, जिससे शासन में स्पष्टता आएगी और विभागों के बीच समन्वय तेज होगा।

**13 जिले और 39 सब-डिविजन, सभी जिलों में मिनी सचिवालय**

नई संरचना के तहत 11 जिलों को बढ़ाकर 13 और 33 सब-डिविजन को बढ़ाकर 39 सब-डिविजन किया जा रहा है। इससे अधिकारियों पर कार्यभार संतुलित होगा और नागरिकों को सेवाएँ अधिक त्वरित मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार सभी 13 जिलों में आधुनिक, बहु-विभागीय 'मिनी सचिवालयइ स्थापित करेगी, जहाँ नागरिकों को एक ही स्थान पर राजस्व कार्यालय, एसडीएम, एडीएम, तहसील, उप-पंजीयक कार्यालय समेत अनेक सेवाएँ उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि कई विभागों के दफ्तर अलग-अलग इमारतों में होने से नागरिकों को भारी असुविधा होती थी। मिनी सचिवालय बनने से सेवाएँ एक ही परिसर में मिलने लगेंगी, समन्वय बढ़ेगा और जिलाधिकारियों द्वारा निगरानी व समीक्षा अधिक प्रभावी हो जाएगी।

## रिव्यू मीटिंग



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में पार्लियामेंट हाउस एनेक्सी में पार्टी के लोकसभा सांसदों की रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, गौरव गोगोई और के सुरेश भी दिख रहे हैं।

## वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का एक और मौका

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने या उसमें सुधार करवाने के इच्छुक नागरिकों को बड़ी राहत दी है। आयोग ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात समेत छह राज्यों में 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन की समयसीमा को आगे बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी किए गए नए शेड्यूल

### चुनाव आयोग ने यूपी समेत 6 राज्यों में बढ़ाई डेडलाइन

के मुताबिक, 11 दिसंबर को खत्म हो रही यह मियाद अब राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की मांग पर आगे खिसका दी गई है। इस फैसले का लाभ उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह के करोड़ों मतदाताओं को मिलेगा। सबसे बड़ी राहत उत्तर प्रदेश के निवासियों को मिली है, जहां अब एसआईआर की प्रक्रिया 26 दिसंबर तक जारी रहेगी। यानी यूपी के वोटर्स को दस्तावेज जमा करने और वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाने के लिए 15 दिनों का अतिरिक्त समय मिल गया है। नए शेड्यूल के अनुसार, यूपी में रिवाइज्ड एन्यूमरेशन का काम 26 दिसंबर, शुक्रवार तक चलेगा और इसके बाद 31 दिसंबर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जाएगा।



आयोग ने स्पष्ट किया है कि तमाम प्रक्रियाओं के बाद वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 28 फरवरी, 2026 को होगा। आयोग के संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक, अन्य राज्यों में भी तारीखें बदली गई हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में रिवाइज्ड एन्यूमरेशन अब 18 दिसंबर तक चलेगा, जिसका पब्लिकेशन 23 दिसंबर को होगा। वहीं, गुजरात और तमिलनाडु के लोगों को 14 दिसंबर तक का समय दिया गया है, जहां मतदाता सूची का प्रकाशन 19 दिसंबर को किया जाना है। इससे पहले 30 नवंबर को भी आयोग ने 12 राज्यों में शेड्यूल को एक हफ्ते के लिए बढ़ाया था, ताकि आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों को पूरी तरह दुरुस्त किया जा सके। समयसीमा बढ़ाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिहीन बनाना है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने आयोग से विशेष आग्रह किया था कि जिला चुनाव अधिकारियों को मृत, स्थानांतरित और लापता मतदाताओं के सत्यापन के लिए और वक्त दिया जाए। आंकड़ों के मुताबिक, यूपी में करीब 1.88 करोड़ प्रविष्टियां अभी भी 'अपुष्ट श्रेणी में हैं, जिनमें 1.27 करोड़ मतदाता ऐसे हैं जो स्थायी रूप से जगह बदल चुके हैं और लगभग 46 लाख ऐसे नाम हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है। आयोग का लक्ष्य है कि 31 दिसंबर 2025 से 21 फरवरी 2026 के बीच दावों और आपत्तियों का निपटारा कर एक एकदम सटीक वोटर लिस्ट तैयार की जाए।

**शुभारंभ** — प्रगतिशील किसान सम्मेलन में खेत पर गूंजी खेती की बात, रबी सत्र की किसान पाठशाला 8.0 का शुभारंभ

## धरती का स्वास्थ्य सही रहेगा तभी बची रहेगी सृष्टिः सीएम योगी आदित्यनाथ

**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धरती माता हमारा पेट भरने के लिए अन्न उत्पन्न करती है लेकिन इसका स्वास्थ्य भी ठीक रहना चाहिए और स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो मानव ही नहीं बल्कि सारी सृष्टि बची रहेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए अनेक कार्यक्रम वर्तमान में चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नेशनल विजन ऑफ नेचुरल फार्मिंग के जिस अभियान को आगे बढ़ाया है ये उसी कड़ी का हिस्सा है। वे हमेशा कहते हैं कि किसान की आमदनी को बढ़ाने का पहला मंत्र है लागत कम हो तथा उत्पादन ज्यादा हो। अन्नदाता किसान को समय पर बीज, खाद, सिंचाई की सुविधाएं तथा वैज्ञानिक पद्धतियों का सहयोग मिले तो ये संभव है। शुक्रवार को बाराबंकी के दौलतपुर ग्राम में आयोजित प्रगतिशील किसान सम्मेलन तथा खेती की बात खेत पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रबी सत्र की किसान पाठशाला 8.0 का शुभारंभ किया। खेत पर पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद करने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश की कृषि प्रगति, बहु,फसली खेती, तकनीकी नवाचार,







एमएसपी व्यवस्था की पारदर्शिता और किसानों की आय वृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों का सम्मान भी किया गया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों को चेक व स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रदर्शनी में उन्नत किस्मों की फसलों, सब्जियों, कृषि यंत्रों और एफपीओ आधारित नवाचारों का अवलोकन भी किया गया, जबकि दौलतपुर की उन्नत खेती के मॉडल को प्रदेश के अन्य जनपदों के लिए प्रेरणा बताया गया।

**प्रधानमंत्री मोदी के विजन से प्रदेश का समग्र विकास हुआ सुनिश्चित**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है, जहां 25 करोड़ लोग निवास करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 11 वर्षों में प्रदेश ने समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उर्वर भूमि, पर्याप्त जल संसाधन और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण राज्य कृषि और अवसंरचना के क्षेत्र में अग्रणी बना है।

**कृषि उत्पादन व राष्ट्रीय योगदान का किया उल्लेख**

मुख्यमंत्री योगी के अनुसार देश की कुल कृषि योग्य भूमि में उत्तर प्रदेश का हिस्सा 11 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय खाद्यान्न आपूर्ति में प्रदेश का योगदान 21 प्रतिशत है। सरकार ने किसानों को बीज से लेकर बाजार तक आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी सुनिश्चित की है। स्वॉइल हेल्थ कार्ड, फसल बीमा, गन्ना भुगतान, कृषि मंडियों के विस्तार तथा स्टोरेज और प्रोसेसिंग सुविधाओं ने किसानों को लाभ पहुंचाया है।

**पारदर्शी व्यवस्था और तकनीकी प्रगति का मिल रहा लाभ**

मुख्यमंत्री योगी के अनुसार, पिछले आठ वर्षों में एमएसपी का भुगतान सीधे किसानों को मिल रहा है जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है।

सिंचाई के क्षेत्र में हर खेत को पानी उपलब्ध कराने, माइक्रो इरीगेशन, नहरों के नेटवर्क, सौर पंप और जल संरक्षण के अभियानों को गति दी गई है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# मदरसा अरबिया खुर्जा में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**खुर्जा।** क्षेत्र की प्रसिद्ध एवं प्रसिद्ध संस्था मदरसा अरबिया खुर्जा में परंपरा के अनुसार पुरस्कार वितरण एवं दस्तार बंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दारुल उलूम देवबंद के आदरणीय मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी एवं अन्य मदरसों के प्रभारी शिक्षकों ने विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मदरसा के किरात विभाग के शिक्षक कारी मुहम्मद हुजैफा द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई, जबकि मदरसा के छात्र मुहम्मद समीर द्वारा नात की पेश की गई।शीर्षक से कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे विद्वानों और दर्शकों ने पसंद किया और खुशी व्यक्त की, मदरसा के मोहतमिम मुफ्ती मुहम्मद हमजा कासमी ने मदरसे की एक संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की



और अपने बच्चों को और अधिक धार्मिक शिक्षा से लैस करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर दारुल उलूम, देवबंद के मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी ने अपने संबोधन के दौरान छात्रों, लोगों और मदरसा पदाधिकारियों को विशेष सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान युग में इस्लाम की शांति और सुरक्षा शिक्षाओं को लोकप्रिय बनाने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने दर्शकों और छात्रों को वर्तमान स्थिति के बारे में बताया और कहा कि मदरसों को समझदारी से इस्लाम धर्म का प्रचार और प्रसार करना चाहिए और लोगों को धर्म से जोड़ने का काम करना चाहिए।स्कूलों को अधिक चिंतित होना चाहिए क्योंकि धार्मिक शिक्षा समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है और यही हमारी पीढ़ियों की बुनियादी धार्मिक शिक्षा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सोशल मीडिया हमारे इमान को खत्म करना चाहता है. इसकी कोई जरूरत नहीं पड़ेगी. मान्यवर दारुल उलूम देवबंद ने आगे कहा कि दीनी शिक्षा के साथ-साथ दुनिया की शिक्षा भी बहुत जरूरी है। उन्होंने समय की कद्र करने की सलाह दी और कहा कि आप उम्मत में सबसे खुश नसीब उन लोगों में से हैं जिन्हें अल्लाह तआला ने अपने धर्म के प्रचार के लिए चुना है, इसलिए आपका हर कार्य पैगंबर की सुन्नत के अनुसार होना चाहिए। इस दौरान पिछले वर्ष के सभी विद्यार्थियों सहित सभी दलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पुस्तकों के रूप में विशेष एवं सामान्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। अंत में मोहतमिम दारुल उलूम देवबंद मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी की दुआ के साथ बैठक समाप्त हुई। मुफ्ती मुहम्मद हमजा कासमी ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। अल्हम्दुलिल्लाह, कार्यक्रम बहुत सफल रहा। मदरसे के बचचो और अध्यापक की खिदमत कबीले तारीफ रही जिनमें मुफ्ती मोहम्मद ताल्हा कासमी, हाफि ज मौ साजिद खुर्जा,कारी मोहम्मद फहद कासमी, के नाम उल्लेखनीय हैं, बैठक में सभी जिलों के मदरसों के प्रमुखों और इमामों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# नगर मे सीओ व एसएचओ केनेत्रत्व मे पुलिस टीम ने किया पैदल गश्त,नो पार्किंग में खड़े वाहनों का चालान

अब्दुल सलाम
बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** नगर में भीड़भाड़ वाले इलाकों में सीओ भास्कर मिश्रा व थाना प्रभारी शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेत्रत्व मे पुलिस ने नगर में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस ने सड़कों पर गश्त की, लोगों से बातचीत की और उन्हें निर्भय होकर यात्रा करने का आश्वासन दिया। कस्बा में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार की शाम पैदल



गश्त की। क्षेत्राधिकारी भास्कर मिश्रा ने थाना के प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह के साथ मुख्य चौराहे से लेकर बाजारो तक सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सीओ ने बताया कि पैदल गश्त का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ाना और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखना है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को नियमित रात्रिकालीन पेट्रोलिंग और बाजारों में सुचारु यातायात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संदिग्ध वाहनों की तलाशी भी ली गई।

यह गश्त का सिलसिला का चालान, दुकानदारों से जानी समस्याएं आमजन को मजबूत सुरक्षा व्यवस्था होने का अहसास कराया।

थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप ने कहा है कि वह कानून व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए अपने क्षेत्र में गंभीर हैं ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को पनपने का मौका ही न मिले।

कस्बा इंचार्ज संजेश कुमार सहित कई एसआई भी गश्त में रहे शामिल।

# विधायक लक्ष्मी राज सिंह की पहल रंग लाई: हामिदपुर-सिकंद्राबाद-कुचेसर मार्ग का होगा चौड़ीकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुलंदशहर जिले में हामिदपुर-सिकंद्राबाद-कुचेसर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-100) के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए 6818.90 लाख रुपये की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना के तहत 17.600 किमी लंबाई के मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिसमें 5 वर्षीय अनुरक्षण भी शामिल है।

विधायक लक्ष्मी राज सिंह ने कहा, "यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय



जनता को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। मैं इस परियोजना के लिए शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त करता हूं। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होगा और उनका जीवन आसान होगा।

इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1363.78 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। कार्य की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने और भूमि अधिग्रहण के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# किसान नेता पवन तेवतिया ने रोका बीडीए का बुलडोजर,कार्यवाही को बताया तानाशाही

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** गांव नत्थूगड़ी के समीप हाईवे 334 किनारे अवैध रूप से विकसित कालोनियों पर कार्यवाही करने गई बुलंदशहर विकास प्राधिकरण की टीम को किसान नेता पवन तेवतिया ने कार्यकर्ताओ के साथ रास्ते में रोक लिया।

पवन तेवतिया ने बीडीए की कार्यवाही को तानाशाही बताया। बीडीए की कार्यवाही के दौरान भाकियू संगठन के लोग हाईवे पर धरने पर बैठ गए और बीडीए को कार्यवाही नहीं करने दिया।





इसके बाद बीडीए की टीम बिना कार्रवाई के वापस लौट गई। शुक्रवार को बुलंदशहर विकास प्राधिकरण की टीम स्थानीय पुलिस और पीएससी बल के साथ हाईवे 334 किनारे अवैध रूप से विकसित कालोनियों पर कार्यवाही करने गई थी। बीडीए की टीम ने हाइवे किनारे अवैध रूप से विकसित हाजी शाहिद एवं बाबा बिजेंदर द्वारा लगभग तीन बीघा अवैध कॉलोनी पर जेसीबी चलाकर ध्वस्तीकरण किया और गांव मिट्ठेपुर के समीप मोहम्मद फखरुद्दीन द्वारा निर्माणाधीन 11 दुकानों को सील किया।

इसके बाद गांव नत्थूगड़ी की ओर अवैध रूप से विकसित कालोनियों पर कार्यवाही के लिए जा रही बीडीए टीम का जेसीबी को भाकियू नेता पवन तेवतिया ने कार्यकर्ताओ के साथ रास्ते में रोक लिया। इसके बाद भाकियू कार्यकर्ता हाईवे पर बैठ गए और बीडीए की कार्यवाही का विरोध किया।

किसान नेता पवन तेवतिया ने बीडीए कार्यवाही को तानाशाही बताया। जिसके बाद बुलंदशहर विकास प्राधिकरण की टीम पुलिस और पीएससी बल के साथ बिना कार्रवाई के ही वापस लौट गई।

# अगौता ब्लाक की दो सगी बहनों सहित सात कन्याओं के हुए सामूहिक विवाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया नव वर-वधू ने धन्यवाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गुरुवार को ब्लाक अगौता की सात कन्याओं के विवाह संपन्न कराये गये। पूर्व में बुलंदशहर में स्नेहा गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में एक दर्जन कन्याओं के विवाह संपन्न हुए थे।

शिकारपुर के रामलीला मैदान में गुरुवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में ब्लाक अगौता के बिहरा गांव की दो सगी बहनों ज्योति और पूजा पुत्री प्रमोद कुमार शर्मा, गांव नंगला शेख की पायल पुत्री महेश चंद्र, गांव सूजापुर की राधा पुत्री देवेन्द्र सिंह व इसी गांव की खुशबू पुत्री राजेन्द्र सिंह, गांव लोहगरा की अंजली पुत्री कमल सिंह तथा गांव शरीफपुर भैसरोली की अंशु पुत्री हेतराम सिंह के विवाह





संपन्न हुए। खंड विकास अधिकारी राजीव गौतम,एडीओ समाज कल्याण हिमांशु गुप्ता ग्राम पंचायत सचिव अरविंद यादव रोहित ढाका रुपेंद्र सिसोदिया तेज प्रताप सिंह आदि ने नव विवाहित वर वधू को सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नव वर-वधू ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस सहयोग के लिए बारंबार धन्यवाद दिया।

# डिबाई के कुबेर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में विधायक ने किया खेल स्पर्धा का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई।** विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ विधानसभा क्षेत्र डिबाई के कुबेर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में हुआ जिसका उद्घाटन मा॰ विधायक विधानसभा क्षेत्र डिबाई चंद्रपाल सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण विभाग द्वारा कराया गया। पहले दिन के खेलों में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स आदि विधाओं का आयोजन किया गया।

विधायक द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनायें की गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नेत्रपाल सिंह और धर्मेंद्र काली,



ब्लॉक प्रमुख दानपुर आनंद लोधी, ब्लॉक प्रमुख पति डिबाई अनार सिंह, मंडल अध्यक्ष मयंक वार्ष्णेय, मुकेश चौधरी, पिंटू लोधी, जिला आईटी सह-संयोजक नील भारद्वाज, चेतन राज, पवन सिंह, अनिल मास्टर, राजू यादव, अंकुर लोधी, दुर्वेश लोधी, अमित कुमार, किनिक उपाध्याय, उमेश शर्मा, संजीव चौधरी आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का सफल आयोजन जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक त्यागी, कुलदीप पूनिया, भूपेंद्र सिंह अत्री, अंकित भाटी ने बेसिक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के खेल शिक्षकों के सहयोग से किया गया। कल दिनांक 13/12/2025 को फुटबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती, जूडो तथा कबड्डी (बालक वर्ग) का आयोजन कुबेर इंटर कॉलेज में ही किया जाएगा।

# ग्रापए ने मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय ज्ञापन सदर विधायक को सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ठाकुर विजय राघव के नेतृत्व में सदर विधायक प्रदीप चौधरी को ज्ञापन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन विधायक को सौंपा



मुलाकात के दौरान पत्रकारों ने बताया कि क्षेत्र में काम कर रहे ग्रामीण पत्रकारों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिनके समाधान के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए एसोसिएशन ने मांग रखी कि क्षेत्र में कार्यरत पत्रकारों को सुरक्षा सरकारी सुविधाएँ मान्यता प्रक्रिया में सरलता तथा जिले में प्रेस क्लब भवन के निर्माण जैसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाए विधायक ने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और आश्वासन दिया कि ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं को मुख्यमंत्री तक पहुँचाया जाएगा तथा समाधान के लिए उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी ज्ञापन देने में मुख्यतः जिला महामंत्री सुरेंद्र भाटी मेरठ मंडल अध्यक्ष संजय गोयल मंडल महामंत्री हरकेश सिंह सोलंकी महामंत्री केशव वर्मा प्रचार मंत्री नितिन सोनी मेरठ मंडल मंत्री जय वर्मा आदि वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत की लापरवाही,टूटी पुलिया बन गयी जी का जंजाल,राह चलना दुश्वार सादात वाले परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नगर पंचायत औरंगाबाद की लापरवाही के चलते टूटी पुलिया मौहल्ला सादात के लोगों के जी का जंजाल बन गई है।

बेशुमार गंदगी से लोग परेशान हैं लेकिन नगर पंचायत के सर्वेसवाओं में से किसी की सेहत पर कोई असर नहीं दिखाई दे रहा है। वार्ड नंबर बारह पीपल के नीचे टंकी रोड पर स्थित पुलिया महीने पहले टूट गयी थी। अभी तक ज्यों कि त्यों पड़ी हुई है। जगह जगह गंदगी और कूड़े करकट के ढेर लगे हैं लेकिन नगर पंचायत के सर्वेसवाओं पर




कोई असर नहीं है। प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सैयद सईदुल हसन साहब के नवासे सैयद रसीद अहमद नकवी ने कहा कि नगर पंचायत के सर्वेसवाओं को विकास कार्यों के नाम पर लूट खसोट कमीशनखोरी और भृष्टाचार रिश्वत खोरी से ही फुर्सत नहीं है। विकास के नाम पर जेब भरी जा रही हैं। जनता की सुख सुविधाओं से किसी को कोई सरोकार नहीं है। मौहल्ला सादात की ये टूटी पुलिया और गंदगी की भरमार इसका जीता जागता नमूना है। सारे कस्बे का यही हाल है।

## भाजपा ये अधिकर खत्म करना चाहतीं हैं

# वोट हमारा संविधानिक अधिकार: जर्रार खान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव जर्रार खान ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे रक्फ़ कार्यक्रम के अन्तर्गत बुलंदशहर विधानसभा चुनाव क्षेत्र में एक अभियान चलाया और जिसमें आम जनता को रक्फ़ के संदर्भ में व्यापक जानकारी दी गई।

सपा नेता जर्रार खान के नेतृत्व में गठित टीमों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु बुलंदशहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्धारित सभी बूथों पर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं को पुननिरिक्षित कराया और समाज के हर वर्ग को मतदाता सूची में दर्ज किये जाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इतना ही नहीं



सपा नेताओ ने जनता को रक्फ़ के प्रावधानों से अवगत कराया। इस महत्वपूर्ण भूमिका में रहे मुजाहिद अंसारी(पूर्व चेयरमैन), नासिर, विजय कुमार, मौ जुनैद, शरीफ अंसारी, हशमुदीन, साहिल आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आव्हान | दीदी प्रियंका गांधी जी के प्रत्येक निर्देश का बुलंदशहर कांग्रेस अक्षरशः पालन करेगी

# कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मिले जियाउर्रहमान,महारैली को सफल बनाने का आव्हान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर ।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी से कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान प्रियंका गांधी ने रविवार 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली कांग्रेस की वोट चोर- गद्दी छोड़ महारैली को जन-आंदोलन बनाने का आव्हान करते हुए बुलंदशहर कांग्रेस द्वारा अधिकतम संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने प्रियंका गांधी को चरखा एवं पोर्ट्रेट भेंट कर सम्मानित किया। प्रियंका गांधी ने आभार व्यक्त करते हुए बुलंदशहर में जियाउर्रहमान द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसी तरह मजबूती से काम करते रहने के निर्देश दिए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने जनवरी में प्रियंका गांधी को कार्यकताओं से मिलने के लिए बुलंदशहर आने का निमंत्रण दिया, जिसे प्रियंका गांधी ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आने का आश्वासन दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि रविवार को प्रियंका गांधी जी ने 14 दिसंबर को होने वाली महारैली में बुलंदशहर से बड़ी भागीदारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले से 3000 कांग्रेसी महारैली में जाएंगे।




जियाउर्रहमान ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लोग दिल्ली जाने के लिए उत्सुक हैं । जियाउर्रहमान ने जिले के सभी कांग्रेसियों से महारैली में पहुंचने का आव्हान किया है। जियाउर्रहमान ने कहा कि जनवरी में प्रियंका गांधी जी को बुलंदशहर आने का निमंत्रण दिया है, उम्मीद है वह जनवरी में बुलंदशहर आएंगी । जियाउर्रहमान ने कहा कि प्रियंका गांधी जी ने मेरे जैसे हजारों मिडिल क्लास के लड़कों को नेतृत्व देकर नेता बनाया है यह अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि दीदी प्रियंका गांधी जी के प्रत्येक निर्देश का बुलंदशहर कांग्रेस अक्षरशः पालन करेगी।

प्रियंका गांधी से जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, शहर अध्यक्ष रवि लोधी, पीसीसी सदस्य अमित जाटव, कुंवर आदिल, हिमाचल गुर्जर, नईम मंसूरी और डॉ इरफान ने भी मुलाकात की।

# ठंड से बचाव के लिए नगर पालिका ने उठाए अहम कदम, बेसहारो को उपलब्ध कराई छत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** शासन के निदेर्शानुसार नगर पालिका परिषद शिकारपुर चेयरपर्सन राजबाला देवी व




अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह के आदेशानुसार सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर के भवन में प्रथम तल पर अस्थायी रैन बसेरा संचालित किया गया है। जिसमें 05 पुरुष व 04 महिलाओं के रुकने हेतु कुल 09 बैड की उचित व्यवस्था की गयी है जिसमें रात्रि में निराश्रित व्यक्तियों के रुकने हेतु मूलभूत सुविधायें जैसे बिस्तर, कम्बल, तकिया,पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, सफाई व्यवस्था आदि की पूर्ण व्यवस्था की गयी है।

अगर किसी भी नगरवासी को रात्रि में कोई असहाय/जरूरतमंद व्यक्ति मिलता है तो कृपया नीचे दिये हुए नाम व नंबरो पर सूचित करने का कष्ट करें ताकि कोई भी व्यक्ति इस सर्दी के मौसम में रात्रि में खुले आसमान के नीचे ना सोये। रितिक शर्मा-8923865030, जामीन अली-8126404137।

# प्राधिकरण की चेतावनी,कूड़े के निस्तारण में लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल के अनुसार सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को कूड़े का खुद से प्रबंधन करना होता है, लेकिन कुछ लोग इस कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं। बल्क वेस्ट जनरेटरों को इस नियम से जागरूक करने और लापरवाही करने पर कार्रवाई से अवगत कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ लक्ष्मी वीएस के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और प्राधिकरण से संबद्ध संस्था फीडबैक फाउंडेशन की तरफ से प्राधिकरण के बोर्ड रूम में कार्यशाला आयोजित की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने के लिए उद्योगों को आगे आना होगा। सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को अपने परिसर में कूड़े को सेग्रिगेट करना और प्रबंधन करना अनिवार्य है। इस दौरान फीडबैक फाउंडेशन की तरफ से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल 2016 और अपडेट रूल 2024 पर प्रस्तुति दी, जिसमें बल्क वेस्ट जनरेटरों की जिम्मेदारियों पर फोकस किया गया। फीडबैक फाउंडेशन की तरफ से बताया गया कि उद्योगों को कूड़े को सेग्रिगेट करने, उसे सुरक्षित स्थान पर रखने, गीले कचरे का निस्तारण, अधिकृत एजेंसियों को सेग्रिगेट कचरे का हस्तांतरण, यूजर चार्ज का समय से भुगतान और कूड़े के प्रबंधन




की रिपोर्ट प्राधिकरण को देना अनिवार्य है। प्राधिकरण की तरफ से चेतावनी दी गई कि सॉलिड वेस्ट रूल का उल्लंघन करने पर पेनल्टी व अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता एवं जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन पर सामूहिक रूप से शपथ ली।

इस दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सहायक प्रबंधक गौरव बघेल, फीडबैक फाउंडेशन के प्रतिनिधि, इंडस्ट्री बिजनेस एसोसिएट के अध्यक्ष अमित उपाध्याय और कोषाध्यक्ष श्री राकेश अग्रवाल सहित उद्योगों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# एकलव्य पब्लिक स्कूल में चमके मलिक फैमिली के सितारे, माहिरा मलिक फर्स्ट,सुल्तान मलिक सेकेंड

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** शहर के एकलव्य पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में मलिक परिवार के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए फर्स्ट एवं सेकेंड पोजीशन के खिताब अपने नाम किए। उक्त स्कूल में कक्षा नर्सरी की छात्रा माहिरा मलिक पुत्री नदीम मलिक ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फर्स्ट प्राइज अपने नाम किया, जबकि कक्षा दो के छात्र सुल्तान मलिक ने दमदार प्रस्तुति देकर सेकेंड प्राइज हासिल किया। स्कूल प्रबंधन ने दोनों बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके






उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अध्यापकों ने कहा कि महिरा और सुल्तान ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया है। माता-पिता ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा कि यह उनके लिए गर्व का पल है।

# एयरपोर्ट से प्रभावित परिवार के युवाओं की मांगे पूरी,जल्द मिलेगी नौकरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुलहक)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित किसान परिवार के युवा शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर एसडीएम से मिले। अब युवाओं को एनआईए के लेटर पर मिलेगी जॉब, मंगलवार दिया जायेगा ड्राफ्ट। एसडीएम ने जल्द नौकरी का दिया आश्वासन। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से प्रभावित किसान परिवार के युवा अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में पहुंचे और वहां एसडीएम कार्यालय के पास बैठ गए। कुछ देर बाद एसडीएम अभय कुमार कार्यालय पहुंचे। जिसके बाद सभी युवाओं ने



उनके कार्यालय पहुंच उनसे स्थाई नौकरी दिये जाने आदि अपनी पांच मांगों को उनके सामने रखा। जिसपर एसडीएम अभय कुमार ने युवाओं को बताया कि उनकी मांगों को मान लिया गया है और युवाओं को दी जाने वाली नौकरी की पूरी जानकारी दी जाएगी। जिसके बाद प्रभावित युवाओं के चेहरे खिल उठे। युवाओं का कहना है कि एसडीएम ने उनको जानकारी दी है कि उनके द्वारा की जा रही सभी मांगों को मांगों को पूरा किया जा रहा है, उनको एनआईए के लेटर पर ही नौकरी दी जाएगी और मंगलवार को उनको ड्राफ्ट दिया जायेगा। इस मौके पर अरुण चौंकर, सिराजुद्दीन, सरोज शर्मा, अजय चौंकर, देवेंदर शर्मा, रवि चौंकर, कमलकांत, उमाशंकेर आदि मौजूद रहे।

# भारत गौरव अवार्ड-2025 से सम्मानित हुए वरिष्ठ पत्रकार के.पी. मलिक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित संस्थान काली रमन फाउंडेशन द्वारा इंडियन इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित 11वें रहबर-ए-आजम सर छोटू राम मेमोरियल भारत गौरव अवार्ड-2025 समारोह में इस वर्ष विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रमुख हस्तियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा, राजनीति, स्वास्थ्य, खेल और समाजसेवा के साथ-साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तित्व भी इस सम्मान के पात्र बने। इन्हीं में शामिल रहे वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक भास्कर के राजनीतिक संपादक के.पी. मलिक, जिन्हें उनकी बेबाक और निर्भीक पत्रकारिता के लिए भारत गौरव सम्मान-25 से नवाजा गया।

समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए के.पी. मलिक ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज और देश के प्रति कर्तव्य निर्वहन की नई प्रेरणा है। उन्होंने आयोजक संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज की सच्ची आवाज बनना और पीड़ितों की बात सत्ता के केंद्र तक पहुँचाना है, जिसे वह हमेशा निभाते रहेंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शामली जिले के आदमपुर गाँव में जन्मे कुंवर पाल मलिक, जिन्हें पत्रकारिता जगत में के.पी. मलिक के नाम से जाना जाता है, ने अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद दिल्ली को कर्मभूमि बनाया। गांव के संस्कारों और किसान परिवार की सादगी से निकला यह युवा धीरे-धीरे देश के प्रमुख मीडिया संस्थानों का जाना-




माना नाम बन गया। मलिक के लेखों और रिपोर्ट्स में किसानों, गरीबों, मजदूरों और वंचितों की समस्याएँ लगातार प्रमुख स्थान पाती रही हैं, जिसके चलते उन्हें जनपक्षधर पत्रकार माना जाता है। अपने बेबाक लेखन और निर्भीक रिपोर्टिंग के कारण के.पी. मलिक न केवल दिल्ली की पत्रकारिता दुनिया में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक सशक्त और सम्मानित आवाज बन चुके हैं। संसद की रिपोर्टिंग में उनका लंबा अनुभव है और वर्ष 2001 में हुए संसद हमले की कवरेज के दौरान वह चश्मदीद गवाह भी रहे। मीडिया के अधिकारों और पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दों पर भी वह हमेशा अग्रसर रहते हैं। कैरियर के शुरूआती दिनों में उन्होंने दूरदर्शन, बीबीसी टीवी, जी न्यूज, सहारा समय और हिंदुस्तान टाइम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में काम किया। बाद में दैनिक भास्कर से जुड़कर उन्होंने राजनीतिक संपादक के रूप में अपनी पहचान को और अधिक मजबूत किया। पिछले वर्ष उन्हें अटल रत्न लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और मुंशी प्रेमचंद सम्मान से भी नवाजा गया था।

पत्रकारिता के साथ-साथ मलिक समाजसेवा में भी सक्रिय रहते हैं। अपने व्यस्त समय के बावजूद वह अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं और अक्सर गाँव जाकर खेती-किसानी और ग्रामीण समस्याओं को समझते हैं। उनके लेखों में यह जुड़ाव साफ झलकता है। दिल्ली में रहते हुए भी उनकी पहचान एक जमीन से जुड़े, सरल और सच्चे पत्रकार की है, जिनकी प्रतिबद्धता युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणा बन चुकी है।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज ने रोजगारोन्मुख पहल को गति दी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** उच्च शिक्षा संस्थानों में उद्योग संचालित प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज ने ट्रेंडी हाउस कंपनी के साथ एक नई साझेदारी स्थापित की है। समग्र कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन को केंद्र में रखकर किए गए इस समझौते को कॉलेज की प्राचार्या प्रो पूनम शर्मा के नेतृत्व में औपचारिक रूप दिया गया। समझौते के अनुसार, कंपनी द्वारा छात्राओं को प्रायोगिक प्रशिक्षण, कौशल विकास सत्र और प्रत्यक्ष रोजगार की संभावनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रारंभिक चरण में कॉलेज की छह छात्राएँ ईशा झा,



निशा, तनु, निकिता, मिनाक्षी और शिवानी शर्मा का चयन कर उन्हें नियुक्ति प्रदान की गई है, जिसे संस्थान ने महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। चयन प्रक्रिया के दौरान छात्राओं को प्रशिक्षित करने और उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार करने में शिवानी शर्मा के सहयोग को कॉलेज प्रशासन ने महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्या प्रो पूनम शर्मा ने कहा कि यह साझेदारी उद्योग की वास्तविक मांगों और अकादमिक तैयारी के बीच सेतु का कार्य करेगी। उनके अनुसार, ऐसे सहयोग से छात्राओं में व्यावहारिक समझ, पेशेवर दक्षता और करियर उन्मुख दृष्टिकोण मजबूत होता है।

वहीं कॉलेज प्रबंधन ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि संस्थान भविष्य में भी ऐसे सहयोगी कार्यक्रमों का विस्तार करेगा, ताकि अधिकाधिक छात्राओं को रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जा सकें।

# युवा एकता सेवा समिति द्वारा लगाया गया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** युवा एकता सेवा समिति संगठन की ओर से आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा सैकड़ो लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें निशुल्क परामर्श व दवाइयां भीदी गई। इस दौरान आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।। शिविर में स्थानीय निवासियों, वरिष्ठ नागरिकों और कामगार परिवारों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। शिविर का उद्घाटन संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेविका अलका गुलाब सिंह चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि संस्था सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है और समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह कराए जाते हैं और आगामी फरवरी 2026 में भी कुछ जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। शिविर के संचालन में कोर कमेटी के अरुण गोयल सहित संगठन की टीम सक्रिय



रही। ग्रेटर नोएडा के शारदा हॉस्पिटल के चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ अंजली, डॉ आकाश अवाना, अंकित, हिमांशुव नर्सिंग स्टाफ द्वारा लोगों के बीपी, शुगर आदि परीक्षण किया गया और परामर्श के साथ-साथ निशुल्क दवाइयां भी दी गईं। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक सहजानंद महाराज, अंकित भारद्वाज सहित अनेक पदाधिकारी व स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# स्व महिपाल सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** किसान-मजदूर आंदोलन के प्रमुख नेता रहे महिपाल सिंह की 21वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उनके पैतृक गांव बुदाना में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह ने की तथा संचालन रामभरोसे लाल मोर्य ने किया। श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निजी सचिव वीरपाल मलिक ने कहा कि महिपाल सिंह केवल एक नेता नहीं, बल्कि किसानों की आवाज थे। उन्होंने ग्रामीण समाज को संगठित कर उसके अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा दी। उनकी प्रतिबद्धता आज भी प्रेरणा देती है। इसके अलावा रालोद के प्रदेश महासचिव रणबीर दहिया ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महिपाल सिंह ने हमेशा अंतिम व्यक्ति के हित को प्राथमिकता दी। उनकी सोच और संघर्ष



की विरासत को आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने कहा कि उनके आदर्श ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय और किसान कल्याण की दिशा में मार्गदर्शक सिद्ध होते रहेंगे।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वीरपाल मलिक, अमरजीत सिंह विड्डी, रणबीर दहिया, सतेन्द्र तोमर, बिट्ठ खेजरपुर, राजन चौधरी, पुनीत चौधरी, देवेंद्र चौधरी, योगेंद्र पतला, अमरपाल सारन, कुशलतीर, आलोक चौधरी, जयवीर नेहरा, उमेदपाल सिंह, विपिन शर्मा, विनोद चौधरी, ओमवीर, सुरेंद्र त्यागी, राम अवतार त्यागी, विपिन रुपया, कृष्णपाल, आशाराम, वेदपाल सिंह, महक सिंह, सुखपाल, नरेन सिंह, जोनी चौधरी, दीपक नेहरा, मनोज चौधरी, राहुल, नवीन सहरावत, वरुण दहिया, अरुण दहिया, उषा चौधरी आदि शामिल रहे।

# अधिकारियों के साथ रैन बसेरे का निरीक्षण करने पहुंचे नगर आयुक्त, बोले व्यवस्थाओं को बनाए रखें टीम, साफ सफाई का रखा जाए विशेष ध्यान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा रैन बसेरों का निरीक्षण किया जिसमें कवि नगर तथा सिटी जोन के रैन बसेरे की व्यवस्थाओं जायजा लिया गया, नगर आयुक्त ने नसीरपुर फाटक, बस अड्डे स्थित रैन बसेरा पर पहुंच कर पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था को देखा, प्रतिदिन आश्रय स्थलों में साफ सफाई के साथ-साथ फागिंग करने के निर्देश दिए तथा बिस्तरों की संख्या को भी बढ़ाने के निर्देश दिए गए, मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद तथा प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज उपस्थित रहे ल नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण के समय उपस्थित अधिकारियों को निगम द्वारा संचालित किया जा रहे रेन बसेरों की जानकारी




के प्रचार प्रसार हेतु प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर बोर्ड लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए, निराश्रित खुले में ना सोए प्रतिदिन और रात्रि में मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए भी निर्देश दिए गए, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन ठंड रात्रि के समय अधिक होती जा रही है जिसको देखते हुए अलाव की व्यवस्था भी सार्वजनिक स्थलों पर कराई गई है 22 आश्रय स्थलों को पूर्ण रूप से व्यवस्थित किया गया है ।

# पहले धर्म छिपाकर युवती से दोस्ती कर फोटो खींचे, अब बना रहा है शादी का दबाव, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नगर की एक कॉलोनी निवासी एक युवती से एक युवक ने धर्म छिपाकर पहले दोस्ती कर युवती के फोटो खीच लिए। अब आरोपी फोटो व वीडियो वायरल करके शादी करने का दबाव बना रहा है। डर के चलते युवती घर से बाहर नहीं निकल पा रही है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय युवती ने बताया कि दो साल पहले मेरे इस्टाग्राम पर अजय ठाकुर नाम के युवक का मैसेज आया। जिस समय मैसेज आया था मेरी उम्र 16 साल थी। इसके बाद युवक ने मुझे मिलने के लिए एक पार्क में बुलाया। वहां पर उसने अश्लील हरकत कर कुछ फोटो खीच लिए। थोडे दिन बाद ही पता चल गया कि युवक का असली नाम मोहम्मद आदिल है। इसके बाद से मैने आरोपी से दूरी बना ली। आरोप काफी समय से शादी करने का दबाव बना रहा है। इंकार करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देता है। अब आरोपी उस समय खीची गई फोटो इस्टाग्राम पर वायरल करके आपित्तजनक बातें लिख रहा है। फोटो वायरल होने के बाद से पीड़िता डर के चलते घर से बाहर नहीं निकल पा रही है। पीड़िता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मसूरी सर्किल लिपि नगायच ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी आदिल पुत्र जमील निवासी कस्बा रोड मुरादनगर को गिरफ्तार कर लिया।

# 14 वर्षीय किशोरी से चाकू के बल पर किया दुष्कर्म, पांच माह की गर्भवती होने पर परिजनों को हुई जानकारी

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गांव की ही 14 वर्षीय किशोरी के साथ चाकू के बल पर कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी युवक युवती के साथ मारपीट करता था तथा छोटे भाई को मारने की धमकी देता था। किशोरी के पांच माह की गर्भवत्ती होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी महिला ने बताया कि सात दिसंबर को मेरी 14 वर्षीय पुत्री के पेट में तेज दर्द हुआ। पेट में दर्द होने पर मै उसे स्थानीय डॉक्टर के पास ले गई। चैकअप के दौरान डॉक्टर ने बताया कि आपकी पुत्री पांच माह की गर्भवती है। महिला ने बताया कि जब अपनी पुत्री से पूछा तो उसने बताया कि गांव निवासी सुमित अक्सर घर पर आता था।

# दहेज की मांग पूरी ना होने पर महिला को दिया तीन तलाक, केस दर्ज

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** दहेज में पांच लाख रुपए की नकदी व कार की मांग पूरी ना होने पर महिला को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी महिला शहाना परवीन की शादी सात नवंबर 2024 को बुलन्दशहर निवासी मोहम्मद परवेज के साथ हुई थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग शादी के बाद से ही कम दहेज लाने पर परेशान करने लगे। ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपए नकदी व कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी ना होने पर यातनाएं देने लगे। महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस कमिशनर को दी।

**किसान पाठशाला**

## नई कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया

# ग्राम लधवाड़ी, विकासखंड बागपत, जनपद बागपत में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बागपत।** ग्राम लधवाड़ी, विकासखंड बागपत, जनपद बागपत में ग्राम पंचायत स्तरीय गोष्ठी/किसान पाठशाला (रबी 2025-26) के अंतर्गत आयोजित तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को रबी फसलों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में तकनीकी प्रशिक्षण महेश कुमार खोखर, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि विभाग बागपत) द्वारा दिया गया। उन्होंने किसानों को रबी दलहन/तिलहन की नवीन प्रजातियाँ एवं उत्पादन तकनीक, प्राकृतिक खेती एवं हरी खाद का महत्व, तथा रबी फसलों में खरपतवार प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर



विस्तार से मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम में उपकृषि निदेशक बागपत श्रीमती विभाति चतुवेर्दी विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री एवं नई कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। श्री राजकुमार (एस.एम.एस.) द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभ, जीवामृत-घनजीवामृत तथा पारंपरिक इनपुट की उपयोगिता के बारे में बताया गया। श्री सुशील कुमार, सहायक विकास अधिकारी कृषि, ने आज के सत्र में कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग, उसके लाभ, लागत व भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किए। इस प्रकार आज का प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# पुलिस कमिश्नर रेट के अपर पुलिस महानिदेशक ने अग्निशमन तथा आपात सेवा स्कूलों के छात्र व छात्रों को अवगत कराया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निदेर्शानुसार संचालित स्कूलो के सभी छात्रो/छात्राओ, अध्यापकों को एकत्रित करके ईक्युवेशन ड्रिल कर चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसके अर्न्तगत सन वैली इंटरनेशन स्कूल सैक्टर-१ वैशाली गाजियाबाद, मदर्स ड्रीम्स लैंड जूनियर हाई स्कूल DLF अंकुर विहार लोनी गाजियाबाद , पूर्ण ज्ञानाजली इंटरनेशनल स्कूल भोजपुर मोदीनगर गाजियाबाद, देहरादून पब्लिक स्कूल मधुबन बापूधाम, गाजियाबाद में अग्निशमन प्रणाली के परीक्षण के दौरान वहा पर उपस्थित लगभग 570 लोगो को स्थापित अग्निशमन





उपकरणो के चलाने का अल्प प्रशिक्षण प्रदान करते हुये आग से होने वाली जन धन की क्षति के बारे मे जागरूक किया गया है। साथ ही स्कूलों मे स्थापित विधुत सुरक्षा प्रणाली का विधुत आडिट कराने हेतु भी सम्बन्धितो को अवगत कराया गया। सभी स्कूल स्वामियो को अपने-अपने स्कूल मे स्थापित अग्निशमन प्रणाली को सदैव आटोमोड पर रखते हुये कार्यशील दशा मे रखने, किसी भी आपात स्थिति में क्या करे क्या ना करे के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी निकास मार्गो को सदैव अवरोध मुक्त रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज: जन-सुविधाओं हेतु कैंपों का होगा आयोजन जन सेवा के लिए किया जाता है राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन: कुमार मिताक्षर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** कुमार मिताक्षर सचिव डीएलएसए द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया गया कि आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर न्यायालय परिसर में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में नागरिकों के लिए आवश्यक सरकारी दस्तावेजों एवं योजनाओं से संबंधित कार्य सुगमता से कराए जाएंगे। इन कैंपों में आयुष्मान कार्ड व स्वावलंबन (यूडीआईडी) कार्ड के नए आवेदन और सुधार संबंधी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। इसका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को इन महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिल सके। कुमार मिताक्षर सचिव डीएलएसए ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन लगाए जा रहे इन कैम्पों में प्रत्येक काउंटर पर संबंधित विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे, जो आने वाले नागरिकों को आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान करेंगे। अतः आम लोगों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ कैंपों में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लें और समय पर अपने कार्ड बनवा लें।

कुमार मिताक्षर ने सभी जनपद वासियों से अपील की है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण करवा कर लाभ प्राप्त करें। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जन सेवा के लिए किया जाता है, अतः इसका लाभ अवश्य लें।

## रेलवे पुलिस गाजियाबाद द्वारा दुर्घटना मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** रेलवे पुलिस द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया । जिसमे रेलवे की तरफ से ए डी आर एम मंडल के निर्देशन मे बचाव कार्य किया गया । उक्त मोक ड्रिल के दौरान सीनियर डीएसो, एनडीआरफ कमांडेंट, एरिया मेनेजर और प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ चेतन शर्मा के अतिरिक्त सभी ब्रांच सुपर वाईजर मय स्टाफ मौजूद रहे। मॉकड्रिल के दौरान आरपीएफ गाजियाबाद 22, सिविल डिफेंस 45 सिविल पुलिस 1, मेडिकल 25, एंबुलेंस 30, व अन्य मोक ड्रिल के बचाव कार्य मे तैनात रहे तथा मौके पर फायर ब्रिगेड टीम के 6 सदस्य भी मौजूद रहे। उक्त मोक ड्रिल मे बचाव कार्य के दौरान आरपीएफ द्वारा सर्वप्रथम मौके पर सम्पूर्ण संसाधन के साथ पहुँचकर घायल यात्रियो को तुरन्त प्राथमिक उपचार देते हुये एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया तथा कोच के अंदर से आरपीएफ टीम नई दिल्ली एवं एनडीआरफ टीम द्वारा कोच को काटकर यात्रियों को निकाला गया। जिसमे आरपीएफ स्टाफ द्वारा उक्त टीम का पूर्ण सहयोग किया गया ।



इस प्रकार कुल 25 घायल यात्रियो को उक्त ड्रिल के दौरान सकुशल निकाला गया कउपरोक्त ड्रिल के दौरान किसी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं हुई ।

## श्रीराम कालेज में योगव आयुर्वेद से तनावमुक्ति के लिए प्रेणादायक वेलनेस कार्यशाला हुई आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर (डा० एम. ए. तोमर)।** श्री राम कॉलेज में आयुर्वेद एवं योग से तनाव मुक्ति व कल्याण विषय पर उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें सभी फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को तनाव प्रबंधन, मानसिक-शारीरिक संतुलन और समग्र स्वास्थ्य के प्राकृतिक तरीकों से अवगत कराना था।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ जिसमें योगी डा० अमृत राज (डायरेक्टर आरोग्यधाम रिट्रीट एंड वेलनेस),प्राचार्या प्रो0 प्रेरणा मित्तल,उप-प्राचार्य डा० सौरभ मित्तल,डीन क्द्दअउ विनीत शर्मा,डा० निशांत राठी (डीन कंप्यूटर एप्लिकेशन) तथा डा० मनोज धीमान (डायरेक्टर,ललित कला विभाग) उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता योगी डा० अमृत राज का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। उन्होंने योग,प्राणायाम,ध्यान, आयुर्वेदिक दिनचर्या एवं तनाव कम करने की प्राकृतिक विधियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया तथा सरल एवं प्रभावी योगाभ्यास भी करवाए जिन्हें शिक्षकों ने अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि नियमित योग, सकारात्मक सोच और आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाकर तनाव नियंत्रित किया जा सकता है।प्राचार्या डा० प्रेरणा मित्तल ने कहा कि व्यस्त जीवन में शिक्षकों का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा कॉलेज ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित करता रहेगा।

**बीके शर्मा हनुमान और समाजसेवी गौरव बंसल ने राज कौशिक के जन्मदिन पर अभिनंदन किया**



कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीतू पुंडीर एवं आयुषी गर्ग (प्रवक्ता, बेसिक साइंस) ने किया।समापन पर कॉलेज प्रशासन ने योगी डा० अमृत राज को पट्टिका व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और कार्यशाला को शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। संस्था ने भविष्य में भी स्वास्थ्य व कल्याण से संबंधित कार्यशालाएँ आयोजित करने की घोषणा की।

## वोटर लिस्ट पुनरीक्षण में शिप्रा कृष्णा विस्ता बना अग्रणी सोसायटी मॉडल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में चलाए जा रहे वोटर लिस्ट विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के आरम्भ से ही शिप्रा कृष्णा विस्ता अपार्टमेंट, इंदिरापुरम में जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। भाजपा इंदिरापुरम मंडल उपाध्यक्ष नवीन कुमार ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मताधिकार से जोड़ने के उद्देश्य से एस आई आर हेल्पडेस्क की शुरूआत की, जिसे निवासियों से लगातार सकारात्मक सहयोग प्राप्त हो रहा है। अब क्षेत्रवासियों की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए हेल्पडेस्क को और व्यापक बनाते हुए नए वोटर कार्ड के लिए फॉर्म-6 भरने, पता संशोधन, तथा अन्य निर्वाचन संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु एक विशेष वोटर हेल्पडेस्क भी आरम्भ कर दिया गया है, जिससे निवासी इस सुविधा का लाभ उठा कर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जुड़ रहे है।

मंडल उपाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि मैने हेल्पडेस्क के शुरूआत से ही आने वाले निवासियों का वोटर लिस्ट से संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं का डाटाबेस बनाना शुरू कर दिया था और साथ ही सभी को एक अनुमानित डेट देनी शुरू कर दी थी जिससे कि एस आई आर का काम खत्म होते होते नए वोट्स पर भी काम करना शुरू कर दिया जाए। साथ ही



सोसाइटी के 950 अपार्टमेंट्स का 1 या 2 नहीं बल्कि 1 दर्जन से ज्यादा पोलिंग बूथ में बटे होने का डेटा भी तैयार करा गया है जिस वजह से एक बड़ी संख्या में निवासियों का वोट डालने से कतरना भी सामने आया। नवीन कुमार का कहना है कि शुरूआत से ही इस यात्रा में कई चुनौतियाँ भी सामने आती रहीं, धरातल पर मेहनत किए बिना राजनीतिक लाभ लेना चाहने वाले कुछ लोगों तथा निष्क्रिय फ्हअ तंत्र के कारण समय-समय पर बाधाएँ उत्पन्न हुईं, जिनकी जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों तक नियमित रूप से पहुंचाई जाती रही है। बावजूद इसके, जनसेवा के संकल्प ने इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाया है।हेल्पडेस्क के प्रभावी संचालन और समाज की सहभागिता को देखते हुए इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने मंडल महामंत्री देवाशीष दत्ता तथा मंडल मंत्री गायत्री पांडे को हेल्पडेस्क पर भेजकर सभी वॉलंटियर्स का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मंडल उपाध्यक्ष नवीन कुमार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे जनसेवा कार्य ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाते हैं। यह पहल न केवल मतदाता सूची में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज में सक्रिय नागरिकता और जागरूकता को भी बढ़ावा दे रही है। मंजुला गुप्ता और नवीन कुमार का कहना है कि उपयुक्त स्थान और समय पर सभी वॉलंटियर्स राजेश जैन, सुरेश सिंघल, ओ पी अरोड़ा, एल बी महेश्वरी, मयंक सिंघल, विपिन गोयल, सुशील, सीमा अग्रवाल, आलोक कंसल, संजय राजदान, पराग गोयल आदि को सम्मानित भी करा जाएगा।

## ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन फिल्मी कलाकारों का जमावड़ा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन फिल्मी कलाकारों का जमावड़ा। जीवन सदैव गतिमान रहा है इसलिए में अपने छात्रों से कहता हूँ कि जो काम मिले कर लेना चाहिए क्योंकि पता नहीं कौन सी छोटी फिल्म इतिहास रच दे आज सिनेमा में एनिमेशन, श्त्रृ और ग्राफिक्स का ऐसा उदय हुआ है कि जिस ने फिल्मी नगरी में नई क्रांति ला दी है यह कहना था नोएडा फिल्म सिटी के संस्थापक और एएएफटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप मारवाह का जो 18वां ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा 2025 का के दूसरे दिन आये हुए अतिथियों को सम्बोधित कर रहे थे फेस्टिवल के दूसरे दिन भी आपार जनसमूह शामिल हुआ. इस अवसर पर जाने-माने अभिनेता, रंजीत जिन्होंने एक खलनायक के रूप एक अमिट छाप छोड़ी है सीईओ, प्रसार भारती गौरव द्विवेदी, जाने-माने अभिनेता वत्सल सेठ, ऑस्कर नॉमिनी निर्देशक अश्विन कुमार, सुश्री पूजा गौर, जानी-मानी अभिनेत्री, जानी-मानी निमार्ता कृषिका लुल्ला, इन्फ्लुएंसर, जानी-मानी अभिनेत्री/मॉडल/डांसर, जानी-मानी अभिनेत्री परिणीता सेठ, वो जाने माने सिंगर एक्टर अरुण बख्शी ने सेमिनार में भाग लिया सेमिनार का विषय है सिनेमा में एनिमेशन, श्त्रृ और ग्राफिक्स का उदय इस अवसर पर डॉ. कुमार प्रशांत मानव द्वारा 'एक बेहतर भविष्य का निर्माण पुस्तक विमोचन किया गया इस अवसर पर रंजीत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मैने कही से कोई एक्टिंग का कोर्स नहीं किया है आप लोग खुश नसीब है कि आपको तैयार करने के लिए मारवाह स्टूडियो जैसा संस्थान क्या है अंत में संदीप मारवाह ने आए हुए सभी मेहमानों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जिसमें रंजीत को हिंदी सिनेमा रत्न अवार्ड , अरुण बक्शी वो अश्वनी कुमार को हिंदी सिनेमा भूषण , वत्सल सेठ को हिंदी गौराव राष्ट्रीय अवॉर्ड देकर सम्मानित किया हुए फेस्टिवल के निर्देशक अशोक त्यागी।




## वृहद रोजगार मेले का आयोजन 18 दिसम्बर को होगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद एवं आर० डी० इंजी० कॉलेज, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में दिनॉकः 18 दिसम्बर, 2025 को आर० डी० इंजी० कॉलेज, मेरठ रोड, दुहाई, गाजियाबाद में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस वृहद रोजगार मेले में टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की कम्पनियों द्वारा 3500 से अधिक विविध पदों के सापेक्ष चयन,साक्षात्कार किया जाएगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अर्हता निम्न प्रकार हैः- योग्यता- हास्कूल से स्नातक, स्नातकोत्तर, आई०टी०आई०, डिप्लोमा, बी०टेक। आयुसीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष तक। साक्षात्कार का स्थान आर० डी० इंजी० कॉलेज, मेरठ रोड, दुहाई, गाजियाबाद। वृहद रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन हेतु सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायाजन कार्यालय मेरठ मण्डल की अध्यक्षता में आर०डी० इंजी०कॉलेज के उच्च अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की गयी।

**विभिन्न प्रकार की कम्पनियों द्वारा 3500 से अधिक विविध पदों के सापेक्ष चयन किया जाएगा।**

जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सहायक निदेशक, सेवायोजन द्वारा अवगत कराया गया कि अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल पर अपना पंजीयन कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 18 दिसम्बर, 2025 को समयानुसार प्रातः 10.00 बजे अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र की छायाप्रति, बायो-डाटा (कम से कम 05) की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग करें।

## इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की प्रधानमंत्री से अपील: अंडर-16 टीनएजर्स के सोशल मीडिया पर लगे बैन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी )।** पेरेंट्स एसोसिएशन (आईपीए ) ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की माँग को लेकर भारत के प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, तथा संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को विस्तृत ज्ञापन भेजा है आईपीए की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी ने कहा है कि देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है कि टीनएजर्स को सोशल मीडिया की लत और उससे जुड़े खतरों से बचाया जाए, क्योंकि यह समस्या अब राष्ट्रीय स्तर का गंभीर मुद्दा बन चुकी है। अंडर-16 बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से दूर रखना अब बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, उनकी सुरक्षा और पढ़ाई– सबके लिए अनिवार्य हो गया है। हम सभी माता-पिता से अपील करते हैं कि यदि आपके बच्चे किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय हैं, तो तत्काल उन्हें लॉग-आउट करवाएं। सभी माता पिता चिंतित हैं कि





बच्चों के लिए सोशल मीडिया आज मानसिक सुरक्षा, प्राइवेसी उल्लंघन, साइबर बुलिंग, गेमिंग एडिक्शन, असभ्य कंटेंट और अन्य साइबर खतरों का बड़ा स्रोत बन चुका है। कई अंतरराष्ट्रीय शोध बताते हैं कि कम उम्र में सोशल मीडिया का उपयोग बच्चों की एकाग्रता, पढ़ाई, सामाजिक व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। मीडिया की खबरों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला देश बन गया है जिसने अंडर-16 बच्चों को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, एक्स, स्नैपचैट और टिकटॉक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से प्रतिबंधित कर दिया है। अब जब भारत विश्वगुरु बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, तो हमें भी अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए उसी स्तर का साहसिक कदम उठाना होगा। देश के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक है कि हम अपने बच्चों को स्क्रीन और वर्चुअल दुनिया की गिरफ्त से निकालकर वास्तविक दुनिया की ओर वापस ले जाएँ। अब समय है कि भारत भी अंडर-16 बच्चों को सोशल मीडिया से पूर्णतः लॉग-आउट कराए और उनके खोए हुए बचपन को पुनः लौटाए।

**16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पेरेंट्स सोशल मीडिया से कराएं लॉग-आउट - आईपीए**

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने भारत सरकार से मांग की है कि देश में एक सुरक्षित इंटरनेट नीति लागू की जाए, जिसमें सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अनिवार्य आयु-पुष्टि (ऐज वेरिफिकेशन) लागू करना शामिल हो, ताकि बच्चों को डिजिटल खतरों से प्रभावी रूप से बचाया जा सके।

**निरीक्षण** | **सभी पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करने पर विशेष जोर**

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में तेजी, जिलाधिकारी मेधा रूपम ने किया बूथों का निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गौतमबुद्धनगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मृतक, अनुपलब्ध/अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं खोज तथा सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जनपद के सभी बूथों पर बीएलओ एवं बीएलए की बैठक संपन्न हुईं। इस बैठक में बीएलओ द्वारा बीएलए को मृतक, अनुपलब्ध/अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराई गई, ताकि उनका सत्यापन व खोज कार्य तेजी से पूर्ण किया जा सके। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मेधा रूपम ने शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, सूरजपुर ग्रेटर नोएडा के मतदान बूथ पर पहुँचकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ, बीएलए एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि मृतक, अनुपलब्ध/अनट्रेसेबल, स्थायी रूप से स्थानांतरित, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणी वाले मतदाताओं को खोजने में आप सभी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे।





जिलाधिकारी ने अब तक बीएलओ एवं बीएलए द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि टीम के निरंतर प्रयासों से विशेष पुनरीक्षण अभियान को गति मिली है और अपेक्षा है कि आगे भी इसी समर्पण के साथ कार्य करते हुए इस अभियान को भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करें तथा यदि उनका नाम सूची में नहीं है या किसी प्रकार का संशोधन आवश्यक है, तो संबंधित बीएलओ से संपर्क अवश्य करें।

## डिबाई में बीती रात दर्दनाक हादसा, 35 वर्षीय युवक की मौत, ट्रैक्टर से गिरकर पिछले पहिए के नीचे आया युवक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)**। अनाज मंडी के पास बीती देर रात एक दुखद हादसा





सामने आया है। जानकारी के अनुसार नगर के पटे मोहल्ला निवासी गणेश (35) पुत्र नारायण दानपुर में रहने वाली अपनी बुआ के यहां आयोजित भात कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। परिवार के साथ वह कुसया रोड स्थित मयूरम मैरिज होम में भात देने के लिए ट्रैक्टर पर बैठकर जा रहा था। रास्ते में अचानक ट्रैक्टर पर बैठने के दौरान संतुलन बिगड़ गया, जिसके चलते गणेश नीचे गिर गया और ट्रैक्टर के पिछले पहिए के नीचे आ जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन और आसपास के लोग तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिबाई लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गणेश खेती-बाड़ी करता था और परिवार की आर्थिक रूप से प्रमुख जिम्मेदारी उसी पर थी। उसके तीन छोटे बच्चे–दो बेटियां और एक बेटा हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों के अनुसार रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही और रोशनी की कमी भी दुर्घटना का बड़ा कारण बन रही है। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## पापड़ नगरी पर प्रतिदिन भारी पड़ने लगा जाम... जाम से बदली पापड़ नगरी की पहचान,जाम नगर बनी नई पहचान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़**। पापड़ नगरी के नाम से देश विदेश में विख्यात हापुड़ पर प्रतिदिन दिन लगने वाला जाम

- स्थानीय अधिकारी भी प्रतिदिन होते है जाम का शिकार
- ई-रिक्शा की बहुत अधिक संख्या में होना भी बना जाम का मुख्य कारण
- स्थानीय लोगों की मांग,अवैध ई-रिक्शा के संचालन पर लगे रोक

भारी पड ? लगा है। सुबह से शाम तक लगने वाले जाम के कारण अब पापड़ नगरी जाम नगर के नाम से मशहूर हो गया है। करोड़ों की लागत से बना बाईपास भी जाम में सुधार नहीं ला सका है। ई-रिक्शाओं की संख्या अधिक होना भी हापुड़ नगर में जाम लगने को मुख्य कारण माना जा रहा है। जिसके चलने स्थानीय लोगों ने अवैध ई-रिक्शाओं के संचालन पर रोक लगाने की मांग उठाई है। आपको बता दें कि चार दशक पूर्व हापुड़ के पापड़ की विदेशों तक धूम थी। जिस कारण यह दुनिया भर में पापड़ नगरी के नाम से विख्यात हो गया। मौजूदा समय में पापड़ नगरी की पहचान धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इस मुख्य कारण हापुड़ नगर में प्रतिदिन कई कई घंटे लगने वाला जाम। अब पापड़ नगरी जाम नगर के नाम से देश विदेश में प्रसिद्ध होती जा रही है। इससे न सिर्फ यहां का व्यापार प्रभावित हो रहा है। बल्कि आये दिन राहगीरों के साथ साथ दुकानदारों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पापड़ नगरी को जाम की समस्या से निजाम दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निजाम से लेकर ततारपुर तक करोड़ों की लागत ने बाईपास का निर्माण कराया गया। जिसका उद्घाटन तत्कालीन राजग सरकार में भूतल परिवहन केन्द्रीय मंत्री रहे चन्द्रभुवन खंडूरी ने किया था। साथ ही उन्होंने जनपद की जनता को आश्वस्त किया था कि अब उन्हें जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा।



लेकिन हापुड़ शहर में जाम की समस्या आज भी निजात नहीं मिल सकी है। गौरतलब है,यातायात पुलिस को परिवहन सुचारु कराने के लिए मुख्य चौराहों पर तैनात किया गया है किन्तु वह अपने कर्तव्य सही ढंग से निर्वाह नहीं कर पा रहे है। इतना ही नहीं स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जाम का प्रतिदिन शिकार होते है। अब उन्हें भी जाम झेलने की आदत पड़ गयी है। वही ट्रैफिक पुलिस द्वारा भी जाम की समस्या समाप्त करने के लिए कई उपाय किये। लेकिन सभी विफल साबित हुए हैं।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा लाखों की लागत से तहसील चौपला,मेरठ तिराहा,पक्का बाग चौराहा पर ट्रैफिक लाइटें लगवायी,जो एक भी नहीं चली,और कबाड़ में तब्दील हो गयी। पुलिस विभाग उक्त चौराहों पर लाखों की लागत से ट्रैफिक लाइट लगवायी,जो अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। और खंभों से टूटकर नीचे आ गयी है।

**अवैध ई-रिक्शा का संचालन बंद हो**

हापुड़ शहर की जनता व व्यापारियों का भी कहना है,कि ई=रिक्शा की संख्या बहुत अधिक होना भी शहर में जाम लगने का मुख्य कारण माना जा रहा है। लोगों का कहना है,कि अवैध ई-रिक्शाओं का संचालन बंद होने से जाम से राहत मिल सकती है।

## पुलिस ने नाबालिग से कुकर्म मामले में फरार शातिर आरोपी हाजी अकील को दबोचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । नाबालिग से कुकर्म के गंभीर मामले में पिछले दो वर्ष से पुलिस की पकड़ से बचता फिर रहा शातिर आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। हापुड़ पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों

**वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत धौलाना पुलिस ने की विशेष कार्रवाई**

की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत धौलाना पुलिस ने यह महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। थाना धौलाना में वर्ष 2023 में पंजीकृत मु०अ०सं० 126/2023, धारा 377 भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट के तहत नाबालिग के साथ घटी कुकर्म की घटना




में आरोपी हाजी अकील लगातार फरार चल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस टीम को मुखबिर से उसकी लोकेशन के संबंध में जानकारी मिली, जिसके बाद घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया हाजी अकील पुत्र जलील, मूल निवासी सादीपुर छिड़ौली थाना बादलपुर, जनपद गौतमबुद्धनगर, तथा वर्तमान में ग्राम शेखपुर खिचरा थाना धौलाना में निवास कर रहा था। जिसकी जांच करने में अपराधिक इतिहास भी सामने आया है। गिरफ्तारी के बाद की गई जांच में पता चला कि आरोपी पर पहले से ही तीन मुकदमे पंजीकृत दर्ज है । आरोपी लंबे समय से लगातार ठिकाने बदलकर गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था, लेकिन अभियान के चलते उसकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल एसआई वरुण कुमार, एसआई राहुल पाण्डेय तथा सिपाही गौरव कुमार, की विशेष भूमिका रही ।

## टीबी मुक्त हो हमारी सभी ग्राम पंचायत: राम कुमार शर्मा बीडीओ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** । जिलाधिकारी हापुड़ अभिषेक पांडेय के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम

- धौलाना में पंचायत राज और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्यशाला
- सभी की हो साफ सहभागिता : गुरविंदर सिंह एडीओ पंचायत

में गुरुवार को धौलाना विकास खंड में ग्राम पंचायत सचिवों एवं ग्राम प्रधानों की संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने कहा कि भारत सरकार देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, परंतु बिना जनसहभागिता यह लक्ष्य संभव नहीं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रति हजार आबादी पर कम से कम 30 टीबी जांच कराना आवश्यक है। यदि किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण पाए जाएं तो तत्काल इलाज शुरू कराया जाए और मरीज को सरकार द्वारा दी जाने वाली




सभी निःशुल्क सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएं। खंड विकास अधिकारी रामकुमार शर्मा ने सचिवों और ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग दें। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सचिवालय एवं सरकारी भवनों पर वॉल राइटिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा ग्राम पंचायत विकास कार्यक्रम में इसके लिए बजट का प्रावधान भी सुनिश्चित किया जाए। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डा कृष्ण कुमार शर्मा ने टीबी के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि टीबी की सभी जांच और उपचार सरकार द्वारा बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध हैं। साथ ही प्रत्येक मरीज को निश्चय पोषण योजना के तहत 1000 प्रतिमाह पोषण भत्ता भी दिया जाता है।कार्यक्रम में एडीओ पंचायत बलविंद्र सिंह, जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### आज होगा सेमीफाइनल, सोमवार को होगा फाइनल मैच

## इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता: तीसरे दिन रोमांच चरम पर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)**। सिंभावली माउंट कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में नीलगिरी हाउस ने शिवालिक हाउस को तीन सेटों तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-20, 16-21 और 21-15 से हराया।दूसरे मैच में अरावली हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विंध्याचल हाउस को सीधे सेटों में 21-02 और 21-13 से मात दी। आयोजन में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अंकित चौधरी और प्रिन्स शर्मा रहे। स्कूल मैनेजर उमंग यादव, कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र यादव और




पुष्पा रावत ने अतिथियों का स्वागत किया। मैच रेफरी हरेंद्र पवार और स्कोरर सचिन शर्मा ने जिम्मेदारियां संभालीं। चारों हाउस के इंचार्ज व स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल शनिवार को खेले जाएंगे। विजेता टीमें सोमवार को फाइनल में आमने-सामने होंगी।

## जर्जर सड़कों की शिकायत पर प्रशासन सक्रिय, अधिकारियों की टीम ने किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)**। उपजिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर श्री राम यादव के आदेश पर शुक्रवार को एक अधिकारियों की टीम ने सिंभावली नए हाईवे बाईपास से रतुपुरा, रझैटी, रझेड़ा, हरोड़ा आदि गांवों की ओर जाने वाली सड़क का मौका मुआयना किया। टीम ने पूरी सड़क के जर्जर हिस्सों का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करते हुए एसडीएम को भेजने की बात कही। हालांकि टीम ने जांच संबंधी अन्य जानकारियां साझा करने से इंकार कर दिया।

**तीन प्रमुख मांगों को लेकर बीकेयू (संघर्ष) ने सौंपा था ज्ञापन**

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन इरकान चौधरी के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र संघ एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा एडवोकेट



आदिल चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम श्री राम यादव को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में क्षेत्र से जुड़ी तीन गंभीर समस्याओं के समाधान की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को अवगत कराया कि नहर सफाई के दौरान निकली मिट्टी सड़क पर फैली होने से रास्ता बाधित है और उड़ती धूल के कारण छात्र-छात्राएं तथा ग्रामीण विशेष रूप से परेशान हैं। इसके अलावा सिंभावली चीनी मिल द्वारा पिछले वर्ष का बकाया भुगतान अब तक न मिलने से किसानों में गहरा आक्रोश है। साथ ही सिंभावली-हरोड़ा मोड़ से रझैटी गांव तक अत्यंत जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की गई।

एसडीएम श्री राम यादव ने आश्वासन दिया था कि दो से तीन दिनों के भीतर सभी समस्याओं का समाधान कराने की कार्रवाई की जाएगी।

इस मौके पर चौधरी नौफिल, चौधरी जराफत खान, मोइनुलहक उर्फ लाला, दानिश चौधरी, इंतजार अली, जाकिर अली, आले अली, चौधरी निवास खां सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

### सम्मान — वार्षिकोत्सव में प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित

## हसनपुर लोढ़ा गांव स्थित राजकीय विद्यालय के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)**। धौलाना ब्लाक के ग्राम हसनपुर लोढ़ा स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद छात्र सम्मेलन की आकर्षक झलकियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, गीत, नाटक एवं शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया।






समारोह में प्रधानाचार्या दिव्या यादव सहित हेमलता, रेनू आर्या, शिखा श्रीवास्तव, सरिता दुआ, पूजा खंडेलवाल, सिमा और अलका बरगोती का विशेष योगदान रहा। इन्होंने न केवल कार्यक्रम का सफल संचालन किया, बल्कि विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और ग्रामीणों ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की और विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की।प्रधानाचार्या दिव्या यादव ने कहा, हृहमारे विद्यालय के बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। वार्षिकोत्सव उनके अंदर मौजूद प्रतिभा को मंच देने का अवसर है। आज सम्मानित हुए बच्चे ही कल समाज और राष्ट्र का भविष्य बनेंगे। हम उन्हें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और आत्मविश्वास भी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ह्व उन्होंने शिक्षकों के अथक प्रयास और छात्रों की मेहनत की भी सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने विद्यालय परिवार की इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने की अपेक्षा जताई।

## मुठभेड़ में गोली लगने से शातिर एक बदमाश घायल, गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़**। जनपद की सदर कोतवाली पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जिसे गिरफ्तार कर उपचार

- बदमाश से तमंचा, कारतूस, खोखा,नगदी व बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद
- गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ विभिन्न थानों में एक दर्जन अभियोग दर्ज है

के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश के कब्जे से तमंचा, कारतूस, खोखा, सफेद धातु के सिक्के,पायल,नगदी व बिना नंबर की बाइक बरामद की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह बिष्टद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपराधिक घटनाओं पर



अंकुश लगाने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में थाना पुलिस की मोदीनगर रोड प्रीत बिहार रेलवे लाइन के निकट बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी। जिसमें गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गये। जिसे घायलावस्था में गिरफ्तार कर पुलिस ने उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके कब्जे से तमंचा,कारतूस,खोखा,सफेद धातु के सिक्के, पायल, नगदी व बिना नंबर की बाइक बरामद की। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश का नाम शाहिद उर्फ शहजाद पुत्र यासीन निवासी करीमपुरा बुलन्दशहर रोड थाना हापुड़ नगर जिला हापुड़ है। गिरफ्तार बदमाश अंतर्राज्यीय अपराधी है। जिसके खिलाफ उत्तराखंड के जनपद देहरादून,उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद,मेरठ व हापुड़ के विभिन्न थानों में लूट,हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट के एक दर्जन

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# परिवर्तन से गुजरती परंपरा: भारतीय हस्तशिल्प गढ़ रहे हैं आधुनिक डिजाइन की पहचान

ग्रामीण असम में शिल्पकारों की एक बस्ती की हाल की यात्रा के दौरान एक सामान्य से दृश्य में भारत के हस्तशिल्प तंत्र में आ रहे गहरे बदलाव की झलक दिखाई दी। अनेक शिल्पकार सूखी हुई जलकुंभी को बुन रहे थे। लेकिन ये शिल्पकार वे परंपरागत टोकरियां नहीं बना रहे थे जिन्हें उनका समुदाय सदियों से बुनता आ रहा है। इसके बजाय वे कॉरपोरेट बैठकों के लिए खूबसूरत ऑफिस फोल्डर बना रहे थे। उनके हाथ पीढ़ियों से जारी कला को आगे बढ़ाते हुए चिरपरिचित लय में चल रहे थे। लेकिन उनके उत्पाद और उद्देश्य, दोनों ही पूरी तरह से बदल चुके हैं। हम 08 से 14 दिसंबर, 2025 तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प दिवस मना रहे हैं। ऐसे में, यह दृश्य भारत के हस्तशिल्प परिदृश्य में एक मूक क्रांति का प्रतीक है। हमारी जीवंत हस्तशिल्प परंपराओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। उनका नई जगहों, नए बाजारों और नूतन भविष्य में विस्तार हो रहा है। मूल विशेषताओं की शुद्धता बरकरार रहने के बावजूद माध्यमों और स्वरूपों में जो विकास हो रहा है उसकी कल्पना एक दशक पहले शायद ही की जा सकती थी।



**अब्दुल सलाम सैफी**
**संपादक**

जीवंत ज्ञान प्रणाली के रूप में हस्तशिल्प इस विकास को समझने के लिए यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि भारतीय हस्तशिल्प सिर्फ सुंदरता की वस्तु नहीं रहे हैं। वे सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक परंपराओं में गहराई से रची-बसी जीवंत ज्ञान प्रणालियां हैं। मधुबनी में महिलाएं परंपरागत तौर पर त्यौहारों, शादियों और जीवन संस्कारों के दौरान ताजा लेपी गई दीवारों पर चावल के पेस्ट से पेंटिंग बनाती थीं। इन चित्रों में मछली को जनन क्षमता और मोर को प्रेम का प्रतीक माना जाता था। चित्रण अपने मूल में व्यक्तिगत के बजाय सामूहिक हुआ करता था। गोंड समुदाय के लिए पेंटिंग उसके जीव संबंधी विश्वासों तथा जंगलवासी प्राकृतिक शक्तियों और रक्षा करने वाली आत्माओं से जुड़ी है। उनकी कला सिर्फ सुंदर ही नहीं, बल्कि वाचक परंपरा में जड़ों वाला अनुष्ठानिक ब्रह्मांड विज्ञान भी है। स्वरूपों को हमेशा उपयोग ने गढ़ा है। असम में जलकुंभी को सुखाने के बाद बुन कर घर में काम आने वाली टोकरियां बनाई जाती हैं। कर्नाटक में लाख के लेप वाले चन्नपटना काष्ठ खिलौने बच्चों के खेलने के काम आते हैं। उन्हें पीढ़ियों से खराद पर बनाया जाता रहा है। माध्यम, स्वरूप और आकृति को एकदूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। वे विशिष्ट अनुष्ठानिक और कार्यात्मक संदर्भों से आबद्ध हैं। परंपरा का आधुनिक अभिव्यक्ति में विस्तार, आज जो हो रहा है, वह परंपरा से अलग नहीं, बल्कि उसका विस्तार है। मूलभाव, पैटर्न और तकनीकें अभी भी पहचानी जा सकती हैं, लेकिन उनके प्रयोग आश्चर्यजनक रूप से समकालीन हो गए हैं। यह बदलाव केवल एक आयामी नहीं, बल्कि बहु-आयामी है। मधुबनी की मछली, जो कभी एक बड़ी प्रजनन कथा का हिस्सा हुआ करती थी, अब तकिए, टोट बैग और फोन कवर पर दिखाई देती है, जिसे आज के समय के अनुसार इस्तेमाल के लिए नया रूप दिया गया है। गोंड के गहरे रंगों वाले जानवर और पौधे और ज्यामिति डिजाइन आज अपने पौराणिक संदर्भ से बाहर भी सराहे जाते हैं।

हालांकि, सबसे बड़ा परिवर्तन माध्यम में आया है। जलकुंभी आज कॉर्पोरेट फोल्डर और डिजाइनर हैंडबैग का रूप ले रही है। मधुबनी कला मिट्टी की दीवारों से हटकर लकड़ी के फर्नीचर, वस्त्रों और चमड़े के सहायक उपकरणों पर की जाने लगी है। चन्नपटना शिल्प, जो कभी केवल खिलौनों में ही दिखता था, अब सजावटी नक्शों, झूमरों, गृह सज्जा और डिजाइनर फर्नीचर में दिखाई देता है। पारंपरिक लाख का अभी भी इस्तेमाल हो रहा है लेकिन उसका रूप पूरी तरह आधुनिक हो गया है। यह बदलाव आज के अनुकूल है, न कि उसका कमजोर पड़ना। भारतीय शिल्प पर आधारित फैशन की वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख पहचान बन गयी है, जिसमें पारंपरिक कढ़ाई को 'पेरिस हौते कॉउचर वीक' में प्रदर्शित किया गया था। नेशनल गैलरी ऑफ विक्टोरिया जैसे संग्रहालयों में अब ट्रांसफॉर्मिंग वल्ड्र्स जैसी प्रदर्शनियाँ गोंड और मधुबनी कला और उनके आधुनिक रूपों को उनकी संस्कृति या समाज के संदर्भों के बजाय समकालीन कला के तौर पर चित्रित कर रही हैं।

# महामानव का हौसला मत टूटने देना?



**जुनैद मलिक अत्तारी**

देश के हवाई अड्डों पर रोते-कलपते खाए-अघाए लोगों से एक ही गुजारिश है कि चाहे जो हो जाए, महामानव का हौसला मत टूटने देना! प्रिय पाठकों भारतीय उड्डयन क्षेत्र आज दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल है, लेकिन यह विस्तार जितना चकित करता है, उतना ही चिंतित भी करता है। हवाई यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी के बावजूद, भारतीय एयरलाइंस और सरकारी नियामक संस्थाएं यात्रियों को सुरक्षित, समयबद्ध और भरोसेमंद सेवाएं देने में नाकाम दिखती हैं। इसका सबसे बड़ा दर्पण बनकर उभरता है–इंडिगो एयरलाइंस का संचालन मॉडल, जिसने वर्षों से मुनाफे को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यात्री सुविधाओं, सेवा-गुणवत्ता, सुरक्षा-मानकों और पारदर्शिता को गौण बना दिया है। उधर उड्डयन मंत्रालय और नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए की नीतिगत ढिलाई और अकुशलता ने इस समस्या को संस्थागत रूप दे दिया है। नतीजा यह कि आम यात्री लगातार परेशानियों, असुरक्षा, अव्यवस्था और उपेक्षा का सामना कर रहा है।विश्व स्तर पर ओवरबुकिंग को एयरलाइंस अपनीती हैं, लेकिन यह तभी व्यवहारिक होती है जब यात्रियों को विकल्प, मुआवजा और पूर्ण पारदर्शिता मिले। भारत में इंडिगो जैसे निजी ऑपरेटरों ने इसे मुनाफा बढ़ाने का साधन बना लिया है। उड़ानों में जितनी सीटें हैं, उससे 10झ20% अधिक टिकट बेचना और फिर हवाईअड्डे पर यात्रियों को बोर्डिंग अस्वीकार जैसी स्थिति का सामना कराना आम हो चुका है। एयरलाइंस इसे नो-शो पैसेंजर के संतुलन के नाम पर उचित ठहराती हैं, लेकिन यह प्रबंधन की विफलता और अव्यवस्था को व्यवस्थित करने के बजाय यात्रियों पर थोपने का तरीका है।ओवरबुकिंग के कारण कई यात्रियों को अपने महत्वपूर्ण काम, मीटिंग, पारिवारिक अवसर या चिकित्सकीय अपॉइंटमेंट तक छोड़ने पड़ते हैं। सबसे चिंताजनक यह है कि इंडिगो अक्सर मुआवजे के स्पष्ट नियमों का पालन नहीं करती, और यात्रियों को घंटों तक हवाईअड्डे पर भटकना पड़ता है।इंडिगो के संचालन में पिछले वर्षों से उड़ान रद्द होने और घंटों देरी से उड़ान भरने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। आधिकारिक कारण आमतौर पर ऑपरेशनल इश्यू, मौसम, तकनीकी गड़बड़ी या स्टाफ शॉर्टेज बताए जाते हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि पायलटों की कमी, क्रू मैनेजमेंट की अव्यवस्था, अधिकतम पैसेंजर फ्लाइट्स शेड्यूल करने का दबाव और ग्राउंड हैंडलिंग का कमजोर सिस्टम इस देरी और रद्द होने के मूल कारण हैं। उड़ान रद्द होने पर एयरलाइन यात्रियों को ठीक से सूचित नहीं करती, और कई बार रिफंड या मुआवजे के लिए सप्ताहों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

पिछले वर्षों में इंडिगो के पायलट और क्रू ने लगातार थकान, ओवरवर्क और अत्यधिक दबाव के मुद्दे उठाए हैं। कई पायलटों ने शिकायत की कि उन्हें न्यूनतम विश्राम समय नहीं दिया जाता, और शेड्यूलिंग टीम मुनाफे के दबाव में उनकी क्षमता से अधिक फ्लाइटें अलॉट करती है।यह केवल कर्मचारी अधिकारों का मुद्दा नहीं, बल्कि यात्री सुरक्षा का प्रश्न है। थके हुए पायलटों द्वारा विमान उड़ाना अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है। लेकिन डीजीसीए की कागजी जांच और इंडिगो की कॉर्पोरेट भाषा के बीच यह मुद्दा लगातार दबा दिया गया।इंडिगो अपनी ऑनटाइम परफार्मेंस का दावा करती है, लेकिन जमीन पर हालात इसके उलट हैं। सहायता काउंटरों पर स्टाफ की कमी, यात्रियों के प्रश्नों का समाधान न होना, सामान को होने वाले नुकसान या गुम होने पर फौरन मदद का अभाव और व्हीलचेयर/विशेष जरूरत वाले यात्रियों के प्रति उपेक्षा आम बात है। ये समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। बदसलूकी के कई वीडियो और शिकायतें सोशल मीडिया पर सामने आती हैं, जिससे एयरलाइन की ब्रांड छवि भी प्रभावित होती है। लेकिन कंपनी की रुचि इन शिकायतों को हल करने के बजाय इमेज मैनेजमेंट और फायरफाइटिंग में अधिक दिखती है।डीजीसीए का काम नियामक का है, लेकिन वह मात्र दर्शक बनकर रह गया है। डीजीसीए का दायित्व




सुरक्षा, सेवा-मानक, टिकटिंग व्यवस्था, मुआवजा प्रणाली और संचालन शुचिता की निगरानी करना है। लेकिन इंडिगो जैसी बड़ी एयरलाइंस के मामलों में डीजीसीए अक्सर अत्यंत नरम रवैया अपनाती है। मामूली जुमार्ने, चेतावनियां या केवल नोटिस भेज कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है। इन सबके कारण एयरलाइंस बिना भय के मनमानी करती रहती हैं। जुमार्ना लाखों में लगता है, लेकिन इंडिगो जैसी कंपनियां जो अरबों का वार्षिक मुनाफा कमाती हैं; ऐसे में जुमार्ना उनकी आर्थिक रणनीति का हिस्सा मात्र बनकर रह जाता है।उड्डयन मंत्रालय द्वारा एयरलाइंस को स्लॉट (टेकऑफझलैंडिंग समय), रूट और परमिट अलॉट करने के नियम पारदर्शी नहीं हैं। बड़े ऑपरेटरों को प्राथमिकता देने से छोटी और क्षेत्रीय एयरलाइंस कमजोर होती हैं। इससे प्रतिस्पर्धा कम होती है, नतीजतन बड़ी कंपनियां सेवाओं में गिरावट के बावजूद यात्रियों पर बोझ डालती रहती हैं। नीतिगत स्तर पर परिवर्तन लाने में मंत्रालय बहुत सुस्त है। कई बार राजनीतिक कारणों से एयरलाइंस को छूट दी जाती है। मंत्रालय का काम यात्रियों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करना है, लेकिन प्रशासन का रवैया अक्सर एयरलाइंस के हितों के अनुरूप दिखता है।पिछले दशक में यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, लेकिन उसके अनुपात में हवाईअड्डों का आधुनिकीकरण और विस्तार नहीं हुआ। नतीजा हवाई अड्डों पर भीड़भाड़, सामान हैंडलिंग में देरी, रनवे पर ट्रैफिक जाम, सुरक्षा जांच में लंबी कतारें और विमान संचालन में देरी होना है। ये समस्याएं आम हो गई हैं। मंत्रालय और निजी हवाईअड्डा प्रबंधन कंपनियां डिजाइन क्षमता बढ़ाने में पीछे रह गई हैं, जिससे एयरलाइंस को मनमानी करने का और अवसर मिलता है–क्योंकि अव्यवस्था का दोष वे एयरपोर्ट कंजेशन के नाम पर डाल देती हैं।जब इंडिगो या कोई भी एयरलाइन उड़ान रद्द करती है, तो यात्री को मिलने वाला रिफंड कई बार हफ्तों या महीनों तक रोका जाता है। एयरलाइंस क्रेडिट शेल का विकल्प देती हैं, जिसमें पैसा यात्रियों के खाते में बंध जाता है। यह उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है। विदेशों में ईयू-261 जैसे नियम यात्रियों को मोटा मुआवजा देते हैं लेकिन भारत में इस दिशा में कोई ठोस कानून नहीं है। परिणामस्वरूप एयरलाइंस मनमानी करती रहती हैं और मंत्रालय/नियामक मौन रहते हैं।इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 55% से अधिक होने का अर्थ यह है कि आधे से ज्यादा यात्रियों के पास विकल्प सीमित हैं। एयरलाइन अपने प्रभुत्व का उपयोग कर सकती है। कम प्रतिस्पर्धा का परिणाम हमेशा उपभोक्ता के लिए हानिकारक होता है, और यह स्थिति उड्डयन क्षेत्र में तेजी से बन रही है। अन्य एयरलाइंस या तो बंद हो गईं (जेट एयरवेज) या संघर्ष कर रही हैं (गो फर्स्ट, स्पाइसजेट)। इससे इंडिगो की पकड़ और मजबूत हो रही है।डीजीसीए को दंडात्मक शक्ति और कठोर नियम देने की आवश्यकता है। जब तक नियामक संस्था कठोर, निष्पक्ष और प्रभावी नहीं होगी, एयरलाइंस नियमों को केवल औपचारिकता की तरह लेंगी। DGCA को करना चाहिए। ओवरबुकिंग पर सीमा तय करना, देरी/रद्द उड़ानों पर स्पष्ट मुआवजा नियम लागू करना, फ्लाइट स्टाफ के आराम और सुरक्षा मानकों का कठोर पालन, गंभीर मामलों में लाइसेंस निलंबन तक की कार्यवाही।

यात्री अधिकार कानून के लिए भारत को ईयू-261 जैसे नियम चाहिए। यदि भारत में मजबूत यात्री अधिकार कानून लागू किया जाए, तो एयरलाइंस को जवाबदेह बनाना संभव होगा। इसमें देरी/रद्दीकरण पर निश्चित राशि का मुआवजा, बोर्डिंग डिनायल पर दोगुना मुआवजा, रिफंड 48 घंटे में अनिवार्य और क्रेडिट शेल की बाध्यता समाप्त।इसके अलावा नए रनवे, बैगेज सिस्टम का आधुनिकीकरण, सुरक्षा जांच में टेक्नोलॉजी का उपयोग और भीड़ नियंत्रण के लिए प्रबंधन जैसे जरूरी सुधार हवाई अड्डों पर करना जरूरी हैं।इंडिगो का कुप्रबंधन और उड्डयन मंत्रालय की अकुशलता मिलकर ऐसी स्थिति निर्मित कर रहे हैं जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान यात्रियों को हो रहा है। यदि भारत वास्तव में वैश्विक उड्डयन केंद्र बनना चाहता है, तो यात्रियों की सुरक्षा, सम्मान, सुविधा और अधिकारों को प्राथमिकता देनी ही होगी।

## हेल्दी फूड्स

सात रंगों के है सात चक्र सात रंगों की सात रोशनी,
लाल, नारंगी, पीला, हरा,नीला, जामुनी और बैंगनी,
प्राणिक ऊर्जा जीवन चक्र इन्हीं सातों रंगों का है मेल,
प्रतिदिन करना होगा हमें भोजन में नित इनका तालमेल ।

चलो आज खोलते हैं तन्दरूस्त सेहत का न्यू चैप्टर,
जानते हैं कुछ हेल्दी फूड्स फॉर हेल्दी बॉडी फैक्टर,
धरा पर मानव को प्रकृति ने दिया ये "आनंद" खजाना,
अनाजों फलों-सब्ज़ियों बीजों मेवों में है अमृत सुहाना ।

संतरा, सेब, केला, जामुन, ब्लूबेरी, अमरूद और अनार,
सभी अति आवश्यक विटामिन्स की फलों में है भरमार,
चुकंदर, गाजर, ब्रोकली, टमाटर, खीरा, पालक व केले,
विभिन्न प्रकार के खनिज लवण इनमें स्वाद में अलबेले ।

सप्त धान ज्वार, गेहूँ, चावल, मूँग, उड़द, तिल व बाजरा,
इनकी अलग-अलग उपयोगिता व स्वास्थ्य से जुड़ाव गहरा,
आगे है मेथी, तुलसी, पुदीना, धनिया, सौंफ, जीरा, राई,
हल्दी, कालीमिर्च, दालचीनी, लौंग, इलायची खाओ भाई ।

प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट वसा खनिज लवण व विटामिन्स,
शामिल करें संतुलित आहार में आप इनको प्रतिदिन,
भोजन में सभी तत्वों के सम्मिश्रण से दिखेगा असर,
रोगप्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी कोशिकाओं के अन्दर ।



**मोनिका डागा "आनंद"**


**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# भारत में कम होती सूरज की चमक से आने वाले संकट की आहट देख वैज्ञानिक भी हैरान!

एक नए अध्ययन के अनुसार भारत के कई हिस्सों में सूरज की रोशनी (धूप के घंटे) कम हो रही है, जिसे 'सोलर डिमिंग' कहा गया है, जिसका मुख्य कारण वायु प्रदूषण (एरोसोल) और बढ़ता बादलों का आवरण है, जो सौर ऊर्जा उत्पादन और कृषि को प्रभावित कर सकता है। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी और अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों ने पिछले 30 सालों (1988-2018) के डेटा का विश्लेषण करके यह पाया है कि उत्तर भारत के मैदानी इलाकों और पश्चिमी तट पर गिरावट सबसे ज्यादा है, जहाँ हर साल औसतन 13.1 घंटे और 8.6 घंटे धूप के कम हुए हैं। लंबे समय तक बारिश और लगातार बादल छाए रहने से ऐसा माहौल बना हुआ है जो गायब हो गया है, लेकिन यह सिर्फ एक एहसास नहीं है, यह आंकड़ों द्वारा समर्थित है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (क्क्ळट) और पुणे में भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि पिछले तीस वर्षों में भारत के अधिकांश हिस्सों में सूर्य के प्रकाश के घंटों की संख्या तेजी से कम हो रही है। यह घने बादलों और बढ़ते एयरोसोल प्रदूषण के कारण है। नेचर के हाल के अंक में प्रकाशित। वैज्ञानिकों ने 1988 से 2018 तक नौ क्षेत्रों के बीस मौसम स्टेशनों से सूर्य के प्रकाश 'हमारे डेटा' की जांच की। सूर्य का प्रकाश 'हमारा डेटा' वह अवधि है जब सूर्य का प्रकाश रिकॉर्ड-तीव्र होता है। अवलोकनों के अनुसार, सभी क्षेत्रों में वार्षिक सूर्य के प्रकाश के घंटों में कमी आई है, केवल उत्तर-पूर्व भारत में मानसून में कुछ स्थिरता दिखाई दे रही है। बीएचयू के वैज्ञानिक मनोज के. श्रीवास्तव ने कहा कि पश्चिमी तट पर प्रति वर्ष सूर्य के प्रकाश के औसत घंटों की औसत संख्या में



**अशोक भाटिया**

औसतन 8.6 घंटे की कमी आई है, जिसमें सबसे बड़ी गिरावट उत्तरी मैदानी इलाकों में हुई है। लेकिन जून से सितंबर तक इसमें तेजी से गिरावट आई। जब सूर्य के प्रकाश में कमी के कारणों का अध्ययन किया गया, तो यह पाया गया कि इसके लिए बादल और प्रदूषण जिम्मेदार थे। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह 'सौर डिमिंग' (सूर्य के प्रकाश की हानि) एयरोसोल कणों के कारण होता है। एरोसोल कारखाने के धुएं, जलने वाले बायोमास (लकड़ी और कोयला) और वाहनों के प्रदूषण से निकलने वाले छोटे कण होते हैं। वे छोटे बादल की बूंदें बनाते हैं और लंबे समय तक आकाश में लटके रहते हैं। इस साल मानसून के मौसम में भारत के अधिकांश हिस्सों, विशेष रूप से पश्चिमी तट, मध्य भारत और दक्कन के पठार पर लगातार बादल छाए रहे। आर्द्रता और बादलों की प्रकृति समान होती है। बढ़े हुए एरोसोल बादल वातावरण में लंबे समय तक बने रहते हैं। नतीजतन, सूरज की रोशनी जमीन तक कम पहुंचती है। जलवायु परिवर्तन की भविष्यवाणियां त्रुटिपूर्ण हैं। प्रदूषण और बादलों की प्रकृति बदल रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर यही प्रवृत्ति जारी रही तो भारत को प्रदूषण नियंत्रण और क्लाउड मॉनिटरिंग पर अधिक ध्यान देना होगा, जिससे पता चलता है कि विकास किस तरह पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत को स्वच्छ हवा, कम एरोसोल और बेहतर मौसम पूर्वानुमान पर तेजी से काम करना चाहिए। यह भारत में बढ़ती प्रदूषण की समस्या को दर्शाती है। पृथ्वी पर पड़ने वाले सूर्य के प्रकाश की अवधि को सनशाइन ऑवर (रस्ल) कहा जाता है। इस अवधि के दौरान, सूर्य का प्रकाश सीधे पृथ्वी तक पहुंचता है।

# भारत रूस 75 वर्ष की कूटनीतिक यात्रा और अमेरिका की नई सुरक्षा रणनीति

**कांतिलाल मांडोत**

भारत और रूस पूर्व सोवियत संघ के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है।एक ऐसा पड़ाव जो गौरव, संघर्ष, विश्वास और ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा है। 1950 और 1960 के दशक में सोवियत संघ की मदद से भारत में भारी उद्योग, स्टील प्लांट, मशीन टूल्स, परमाणु ऊर्जा तथा बड़े बिजली संयंत्रों की नींव रखी गई। 1971 की भारत सोवियत मैत्री संधि ने दोनों देशों को रणनीतिक साझेदारियों के स्वर्ण युग में प्रवेश कराया। इन सात दशकों में न तो विश्वास डगमगाया और न ही नीतियों में अस्त-व्यस्तता आई।यही कारण है कि मास्को और दिल्ली की दोस्ती आज भी उतनी ही मजबूत है जितनी उस दौर में थी, जब दुनिया द्विध्रुवीय शक्ति-संतुलन से संचालित होती थी।रूस ने भारत को सैन्य रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में असाधारण भूमिका निभाई। आज भी भारतीय सेनाओं के लगभग 60% हथियार रूसी तकनीक से निर्मित हैं।मिग -21 से लेकर सुखोई30एमकेआई टी 90 टैंक, ब्रह्मोस मिसाइल और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम तक। यह संबंध सिर्फ सौदेबाजी नहीं, बल्कि विश्वास पर आधारित दीर्घकालिक कूटनीति का उदाहरण है।इसी परिप्रेक्ष्य में, वैश्विक राजनीति के बदलते स्वरूप ने अमेरिका की नई रणनीतियों को भी प्रभावित किया है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की भारत यात्रा के तुरंत बाद अमेरिका ने अपनी नई नेशनल सेक्युरिटी स्ट्रेटेजी जारी की, जिसने दुनिया के शक्ति-संतुलन पर गहरा संदेश दिया है। 33 पन्नों के इस दस्तावेज ने अमेरिकी प्राथमिकताओं, साझेदारियों और चुनौतियों का नया खाका पेश किया है। यह नई रणनीति क्या संकेत देती है और भारत रूस संबंधों की 75 वर्ष की यात्रा के संदर्भ में इसका क्या महत्व है।

**भारत रूस संबंध 75 वर्ष**

विश्वास और रणनीतिक स्थिरता की अनूठी मिसाल है।भारत और रूस के रिश्ते सिर्फ कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने समय की कसौटी पर खुद को बार-बार सिद्ध किया है।सोवियत संघ की तकनीकी और औद्योगिक सहायता 1950झ60 के दशक में यूएसएसआर ने भारत को भारी उद्योगों का बुनियादी ढांचा दिया। भिलाई और बोकारो स्टील प्लांट, मशीन टूल्स फैक्ट्रियां, पावर प्लांट, अंतरिक्ष कार्यक्रम आदि इन सभी में रूसी सहयोग का गहरा प्रभाव रहा।यह वही समय था जब दुनिया दो ध्रुवों में बंटी हुई थी और नवस्वतंत्र भारत को एक ऐसे सहयोगी की जरूरत थी, जो विकास के हर मोर्चे पर साथ खड़ा रह सके। 1971 की अभूतपूर्व मैत्री संधि सार्थक सिद्द हुई।भारत-सोवियत मैत्री, सहयोग और पारस्परिक सहायता संधि ने दोनों देशों के बीच ऐसी सामरिक समझ पैदा की, जिसने 1971 के युद्ध में निर्णायक भूमिका निभाई। यह संधि सिर्फ सैन्य सहयोग नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्वास का सबसे ठोस प्रमाण थी।

सैन्य शक्ति का स्तंभ भारत की रक्षा क्षमता का बड़ा हिस्सा रूस से मिला।मिग -21 ने भारत की वायु शक्ति की रीढ़ मजबूत की। सुखोई 30 एमकेआईआज भी भारत का सबसे भरोसेमंद फाइटर रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल ने भारत को सुपरसोनिक हथियारों की श्रेणी में अग्रणी बनाया।एस-400 सिस्टम भारत की वायु सुरक्षा का नया कवच बना।रूस की यह सैन्य सहायता किसी भी तत्कालिक सौदे की तरह नहीं थी, बल्कि दीर्घकालिक साझेदारी पर आधारित थी।

भारत अमेरिका की द्विपक्षीय सौदेबाजी में उस समय विरोधाभास देखने को मिला है,तब अमेरिका के रास्ट्रपति ट्रम्प ने भारत की आयात निर्यात प्रणाली को प्रभावित कर उस पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाई गई थी।अमेरिका को भारत की आवश्यकता क्यों है? वैश्विक भू-राजनीति में यह स्पष्ट है कि आज अमेरिका के लिए भारत उतना ही जरूरी है जितना भारत के लिए अमेरिका।चीन अमेरिका की सबसे बड़ी चुनौती है।

चीन का उभार अमेरिका के लिए एक दीर्घकालिक रणनीतिक चुनौती बन चुका है। एशिया प्रशांत से हिंद प्रशांत तक चीन की आक्रामक नीतियों ने अमेरिका को ऐसे साझेदारों की तलाश में धकेला है, जिनके पास जनशक्ति, भौगोलिक स्थिति और सैन्य क्षमता तीनों हों।भारत इस संदर्भ में स्वाभाविक रूप से सबसे उपयुक्त साझेदार है।

अमेरिका की नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और वैश्विक नेतृत्व की पुनर्स्थापना का प्रयास आज के परिपेक्ष्य में अहम भागीदारी निभा रहा है।पुतिन की भारत यात्रा के तुरंत बाद अमेरिकी प्रशासन द्वारा जारी की गई नेशनल सिक्युरिटी स्ट्रेटेजी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इस दस्तावेज ने अमेरिकी कूटनीति और सामरिक प्राथमिकताओं को नए ढंग से परिभाषित किया है।

**पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी प्रभुत्व का पुनर्स्थापन**

दस्तावेज का मुख्य उद्देश्य यह स्थापित करता है कि अमेरिका अपने निकटतम भौगोलिक क्षेत्र पश्चिमी गोलार्ध में अपने प्रभाव को पुनर्स्थापित करेगा। लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में बढ़ते चीनी प्रभाव को चुनौती देना भविष्य प्रभावित करने की सम्भावना है। इस बीच नशीले पदार्थों, अवैध प्रवास और संगठित अपराध पर नियंत्रण जरूरी है।आर्थिक सहयोग को रणनीतिक सुरक्षा से जोड़ना उचित होगा।यह स्पष्ट संकेत है कि अमेरिका अब वैश्विक स्तर पर छिटपुट नीतियों के बजाय क्षेत्रीय सुदृढ़ता पर जोर देगा।एनएसएस में पहली बार यूरोप पर इतने स्पष्ट और कड़े शब्दों में टिप्पणी की गई है। यूरोपीय देशों की बढ़ती निर्भरता के कई कारण हो सकते है।

रक्षा खर्च में कमी,रूस और चीन के साथ स्वतंत्र समीकरण, और अमेरिका इन मुद्दों को अपने सामरिक हितों के विपरीत मानता है। 33 पन्नों के दस्तावेज में भारत, रूस और चीन तीनों को विशेष स्थान दिया गया है, लेकिन तीनों के संदर्भ अलग-अलग हैं।अमेरिका ने भारत को प्रमुख लोकतांत्रिक शक्ति ,हिंदझप्रशांत क्षेत्र में स्वाभाविक साझेदारऔर तकनीकी और आर्थिक क्षमता वाला राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया है।यह संदेश है कि अमेरिका भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी को महत्वपूर्ण मानता है, चाहे भारत रूस के साथ अपने संबंध कैसे भी बनाए रखे।एनएसएस में रूस को रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी सैन्य शक्ति वाला आक्रामक राष्ट्र के रूप में वर्णित किया गया है।लेकिन साथ ही यह भी माना गया है कि रूस को पूरी तरह अलग-थलग करना लंबे समय में संभव नहीं।दस्तावेज में चीन को सबसे बड़ा रणनीतिक प्रतिस्पर्धी आर्थिक और सैन्य चुनौती करार दिया गया है।

अमेरिका की पूरी रणनीति चीन-निरोध पर केंद्रित है। भारत की भूमिका और महत्व बढ़ा है।एनएसएस का संदेश स्पष्ट है कि अमेरिका भारत को सिर्फ साझेदार नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व के एक स्तंभ के रूप में देखता है।लोकतंत्र जनसंख्या भौगोलिक स्थिति भारत रूस संबंधों का ऐतिहासिक पक्ष इन चारों वजहों से भारत विश्व राजनीति में संतुलनकारी शक्ति बन चुका है।

रूस भारत संबंध अमेरिका को स्वीकार नही है।नई रणनीति में अमेरिका यह मानकर चल रहा है कि भारत और रूस के संबंध ऐतिहासिक हैं और अमेरिका इन्हें बदल नहीं सकता। इसलिए अमेरिका भारत पर दबाव डालने के बजाय उसके साथ सहयोग बढ़ाने की नीति अपना रहा है।चीन के खिलाफ भारत निर्णायक मुड़ में है।अमेरिका की रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण तत्व यह है कि चीन को संतुलित करने में भारत अब अपरिहार्य है।

भारत रूस की 75 वर्ष पुरानी दोस्ती ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। यह संबंध विश्वास, सहयोग और साझा हितों पर आधारित है।

दूसरी ओर, अमेरिका की नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति यह दशार्ती है कि दुनिया एक नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है, जहाँ भारत रूस का पुराना सहयोगी अमेरिका का नया रणनीतिक साझेदार चीन का भू-क्षेत्रीय संतुलनकर्ता

तीनों भूमिकाओं में निर्णायक महत्व रखता है।आज भारत के पास वह क्षमता और सामर्थ्य है, जहाँ वह वैश्विक कूटनीति का केंद्र बन सकता है। अमेरिका, रूस और चीन तीनों शक्तियाँ इसे स्वीकार कर चुकी हैं।इस प्रकार भारत रूस संबंधों की 75वीं वर्षगांठ और अमेरिका की नई रणनीति दोनों मिलकर दुनिया को यह संदेश देते हैं कि आने वाला दशक भारत-केंद्रित कूटनीति का दशक होगा।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** – कुछ ऐसा होगा जिसकी अब तक होने की प्रतीक्षा थी, घर या दुकान सही जगह पर खरीदें,अपने कार्य में प्रसिद्धि बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-80

**वृषभ** – कफ, शुगर जनित रोग बढ़ सकते है, मीठे का सेवन भी कम करे, मुश्किल कार्य में लोगों का सहयोग मिलेगा, टैलेंट से लोग जल सकते है। भाग्य प्रतिशत-57

**मिथुन** – तनाव कम करने हेतु किसी विवाद को पैसा देकर समाप्त कर सकते है, नौकरी में स्थिति बिगड़ सकती है,विदेश यात्रा का मार्ग प्रशस्त होगा। भाग्य प्रतिशत-60

**कर्क** – बड़े खर्चे हो सकते है, जो चाह रहे थे उसकी मंजिल करीब ही है, अपने ज्ञान से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।भाग्य प्रतिशत-78

**सिंह** – अचानक नस में खिंचाव,वाहन को नुकसान, चोट लग सकती है ध्यान रखें, काम में मन लगेगा लेकिन कुछ लोगों के कारण घर में टेंशन सम्भव है।भाग्य प्रतिशत-54

**कन्या** – प्रेम समबन्ध होने से मन खुश रहेगा, बात गुप्त रखेंगे, मनोरंजन के क्षेत्र से जुड़े है तो कार्य मिलता जाएगा, लोगों से मिले तो उन्हें परखें। भाग्य प्रतिशत-77

**तुला** – नौकरी में नोटिस मिल सकता है ढिलाई ना बरते, मकान बनाने के लिए पैसा कम पड़ सकता है, भगवान शंकर की उपासना करें। भाग्य प्रतिशत-50


**वृश्चिक** – पिता की सेहत ढलती जाएगी ध्यान रखें, पैसे का लेनदेन सावधानी से करें, विवाह ना होने से मायूस ना हो मार्ग खुलेगा। भाग्य प्रतिशत-52

**धनु** – सगे सम्बन्धीयो के यहां से निमन्त्रण मिल सकता है, रात्रि में पत्नी से विवाद सम्भव है, कोई लाभ पाने के लिए दूसरा तरीका अपनाने से नहीं चुकेगे। भाग्य प्रतिशत-76

**मकर** – कंसल्टेशन, कला, रेडीमेड गारमेंट व्यवसाय से धन लाभ होगा, इगो बढ़ाने की जगह डिप्लोमेटिक रहे आगे बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-66

**कुंभ** – घर पर कुछ मीठा या अन्य पकवान बना सकते है,होम डेकोरेशन, लेडीज टेलर का कार्य चलेगा, कुछ खरीदारी सम्भव है, कुछ भूल सकते है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-76

**मीन** – किसी महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग मिलने से आसानी हो जाएगी, धार्मिक प्रवचन भी सुन सकते है, भाई बहनो के घर कुछ शुभ कार्य की सूचना मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-80



**अशनिका शर्मा ज्योतिष।**
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

## अलीगढ़ पुलिस जनसुनवाई में 79 शिकायतें सुनी गईं, एसएसपी ने दिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** पुलिस कार्यालय पर आज आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़, पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा प्रभारी जनशिकायत प्रकोष्ठ ने संयुक्त रूप से आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। सुबह से शुरू हुई इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, पारिवारिक प्रकरण, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर ठगी, पड़ोसी विवाद, पुलिस कार्यवाही में देरी तथा अन्य विभिन्न शिकायतें दर्ज कराईं कुल 79 प्रार्थना पत्र (शिकायतें) एसएसपी अलीगढ़ के समक्ष प्रस्तुत की गईं। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना व शाखा प्रभारी अधिकारियों को तत्काल और प्रभावी कार्यवाही करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से थानों के चक्कर न लगाने पड़ें और प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए एसएसपी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने मौके पर कुछ मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए और शिकायतकताओं को भरोसा दिलाया कि हर शिकायत पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी जनसुनवाई में आए लोगों ने यह व्यवस्था होने पर संतोष जताया और उम्मीद व्यक्त की कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा। पुलिस प्रशासन ने बताया कि जनसुनवाई का यह क्रम आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि जनता और पुलिस के बीच संवाद सुदृढ़ हो सके।

## एएमयू प्रोफेसर ने लखनऊ विश्वविद्यालय में पर्यावरणीय मानविकी पर व्याख्यान दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर समी रफीक ने लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में एनवायरन्मेंटल ह्यूमैनिटीजः प्रेजेंट डे कंसर्न्स विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों की बढ़ती गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने एनवायरन्मेंटल ह्यूमैनिटीज के अंतरविषयी दायरे को विस्तार देते हुए मानव गैर-मानव संबंध, साहित्य में पर्यावरणीय सरोकारों की प्रस्तुति और प्रकृति से पुनः जुड़ने की आवश्यकता पर चर्चा की। प्रो. रफीक ने सतत जीवन शैली, जैव विविधता की पुनर्स्थापना और धरती को एक जीवित इकाई की तरह समझने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि साहित्य और मानविकी समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

## सरकारी अस्पताल डिलीवरी के नाम पर पैसे लेने के लिए बन जाते हैं प्राइवेट अस्पताल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अतरौली ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के नाम पर लिए जा रहे हैं 1000 से लेकर 1500 तक मरीज पैसे नहीं देते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है, यह मामला आज प्रातः 9:00 का है कि सूरज पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव बिधिपुर तहसील अतरौली जिला अलीगढ़ अपनी पत्नी को एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौली जिला अलीगढ़ पर प्राप्त है 9:00 बजे लेकर आए जहां पर स्टाफ नर्स ममतेश द्वारा सूरज वह उसके साथियों से कहा गया कि डिलीवरी नॉर्मल हो जाएगी, और प्राप्त है 9:00 बजे डिलीवरी हो गई जिसमें सूरज की पत्नी सुमन की बेटी हुई, उसके बाद स्टाफ नर्स ममता से द्वारा 1100 की मांग की गई जिसमें सूरज के साथ उनके बड़े भाई मनपाल सिंह ने कहा कि 1100 किस बात के हैं तो स्टाफ नर्स ममता से नहीं बताया कि अभी प्राइवेट अस्पताल ले जाते तो 5000 का खर्च बैठता अब यहां पर आप 1100 भी नहीं दे रहे हो, मनपाल सिंह के साथ हमने डिलीवरी महिलाओं से बात की गई तो ज्यादातर महिलाओं ने बताया कि हजार रुपए से 2500 तक की मांग की गई जिसमें किसी ने 2500 किसी ने 1000 किसी ने 1500 के हिसाब से स्टाफ नर्स को और उधर सूरज पुत्र ओमप्रकाश ने भी 1100 स्टाफ नर्स ममता इसको दे दिए लेकिन जब मीडिया तक यह बात पहुंची तो ममतेश स्टाफ नर्स चढ़ गई और उसने कहा कि अब यहां पर इसका कोई इलाज नहीं होगा मीडिया वालों से ही इसका इलाज करवा लो ऐसे संबंध में सीएमओ अलीगढ़ से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब वहां पर अधीक्षक मौजूद है तो मैं क्या कर सकता हूं, स्टाफ नर्स ममता को द्वारा मनपाल सिंह पुत्र ओमप्रकाश के साथ दो व्यवहार करते हुए कहा कि अब इसका इलाज नहीं होगा अगर ज्यादा करोगे तो अलीगढ़ के लिए रेफर कर दूंगी तुम जैसे पता नहीं कितनी रोज आते हैं यह हमारा रोज का काम है हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा जहां भी शिकायत करनी है करो लगभग प्रतिदिन 10 डिलीवरी होती हैं तो आप हिसाब लगा सकते हैं कि एक माह में सरकारी वेतन ले रही है।




## मिशन शक्ति अभियान-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है । मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड /बाजार/ गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । इस अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## मण्डलायुक्त ने ब्लॉक गंगीरी कार्यालय में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मण्डलायुक्त संगीता सिंह द्वारा विकासखण्ड गंगीरी के छर्रा स्थित कार्यालय में संचालित डिजिटल-लाइब्रेरी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे मीना, बबिता, अमित कुमार, सचिन समेत अन्य छात्र-छात्रा ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किए जाने की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने कहा कि लाइब्रेरी के संचालन से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में काफी मदद मिल रही है। जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहां छात्र-छात्राओं को निःशुल्क इंटरनेट के साथ ही उपयोगी पाठ्य पुस्तकें एवं समाचारपत्र उपलब्ध कराए जाते हैं। विगत दिनों में कई छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर विभिन्न पदों पर नियुक्ति भी पाई है। इस अवसर पर एसडीएम अतरौली, ज्ञानेश शर्मा समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



## मृतक बीएलओ और प्रधानाध्यापिका साधना वर्मा के घर पहुंचे अजय राय ने की परिजन से मुलाकात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अलीगढ़ के लोधा ब्लॉक के सदलपुर गांव मृतक बीएलओ और प्रधानाध्यापिका साधना वर्मा के परिजन से मुलाकात की। परिजन से संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार एसआईआर सर्वे को जल्दबाजी में

**परिजन से संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार एसआईआर सर्वे को जल्दबाजी में करा रही है,**

करा रही है, जिससे बीएलओ अत्यधिक दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि दबाव के कारण अब तक 15द16 बीएलओ की मौत हो चुकी है। उन्होंने मांग की कि मृतक कर्मचारियों के परिजन को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। अजय राय ने कहा कि साधना वर्मा की मौत बेहद दुःखद है। परिवार का आरोप है कि उन पर विभागीय दबाव बढ़ता जा रहा था और एक सहायक अध्यापिका उन्हें लगातार परेशान कर रही थी। घटना के बाद आरोपी सहायक अध्यापिका को निलंबित किया गया। अजय राय ने कहा कि यह कार्रवाई पर्याप्त नहीं है और सरकार को बीएलओ की कार्यस्थितियों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

उन्होने कफ सीरप मामले पर योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आरोपियों को बचा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्रवाई में देरी साफ इशारा करती है कि अपराधी सत्ता के संरक्षण में पनप रहे हैं, उन्होने कहा कि जिन घरों से कफ सीरप की अवैध सप्लाई के सबूत मिले हैं, उन पर भी बुलडोजर चलना चाहिए। सब जानकारी के बाद भी सरकार का रवैया ढीला है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार आरोपियों के खिलाफ कठोर कदम नहीं उठाएगी, तब तक ऐसे मामले नहीं रुकेंगे। 4 दिसंबर को प्रधानाध्यापिका और बीएलओ साधना वर्मा की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। वह सुबह सासनी गेट स्थित अपने घर में स्कूल जाने की तैयारी कर रही थीं। परिवार ने आरोप लगाया कि एसआईआर कार्य का दबाव और सहायक अध्यापिका की प्रताड़ना के कारण उनकी स्थिति बिगड़ी।



## अलीगढ़ में पकड़ा गया लव जिहाद का मामला,नाबालिग हिंदू छात्रा के साथ हुआ लव जिहाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** एक लव जिहाद का मामला संज्ञान में आने पर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की माँग को लेकर करणी सेना के पदाधिकारी वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा० ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पीड़ित हिंदू छात्रा व उसके परिजनों को साथ लेकर बन्नादेवी थाने पहुंचे तथा आरोपी शहजाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा० ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने बताया के आरोपी मुस्लिम युवक शहजाद इंस्टाग्राम से पीड़ित हिन्दू छात्रा के संपर्क में आया और दोस्ती की तथा अपना नाम हिमांशु बताया आरोपी ने पीड़ित छात्रा को बहला फुसलाकर उसका शोषण किया जब पीड़ित छात्रा को हिमांशु के शहजाद(मुस्लिम) होने की जानकारी हुई तो पीड़ित छात्रा ने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी तब आरोपी शहजाद ने पीड़ित छात्रा को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। पीड़िता ने जब यह बात अपने परिजनों को बताई तो परिजनों ने करणी सेना युवा शक्ति के जिलाध्यक्ष सचिन राघव के माध्यम से वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा0 ज्ञानेन्द्र सिंह चौहान से संपर्क किया।

जानकारी मिलने पर करणी सेना के पदाधिकारी बड़ी संख्या में बन्ना देवी थाने पहुंच गए। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जगमोहन मालवीय, ब्रज प्रदेश अध्यक्ष युवा शक्ति आशीष चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा शक्ति वीरू भदोरिया, महानगर अध्यक्ष दलवीर सिंह, राजेश वशिष्ठ, गुड्डन ठाकुर, मनी ठाकुर, प्रशांत कुमार,मनु ठाकुर,शरद ठाकुर,योगेश, सागर, रजत शर्मा, ललित राघव, सुन्दर सिंह राघव, लोकेश, ललित चौधरी, अमित कुशवाहा, सूर्यांश खुराना, बॉबी राजपूत ,गोपाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित थे।

### मण्डलायुक्त ने ब्लॉक गंगीरी कार्यालय में संचालित डिजिटल लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मण्डलायुक्त संगीता सिंह द्वारा विकासखण्ड गंगीरी के छर्रा स्थित कार्यालय में संचालित डिजिटल-लाइब्रेरी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे मीना, बबिता, अमित कुमार, सचिन समेत अन्य छात्र-छात्रा ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किए जाने की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने कहा कि लाइब्रेरी के संचालन से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में काफी मदद मिल रही है। जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यहां छात्र-छात्राओं को निःशुल्क इंटरनेट के साथ ही उपयोगी पाठ्य पुस्तकें एवं समाचारपत्र उपलब्ध कराए जाते हैं। विगत दिनों में कई छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर विभिन्न पदों पर नियुक्ति भी पाई है। इस अवसर पर एसडीएम अतरौली, ज्ञानेश शर्मा समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

### 26.60 करोड़ की लागत से बनेगा ब्लाक का यह सात मंजिला भवन

## मंगलायतन विश्वविद्यालय में नए अकादमिक ब्लॉक का शिलान्यास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विधि-विधान के साथ नए अकादमिक ब्लॉक की राइट विंग का शिलान्यास किया गया। यह भवन नर्सिंग, फामेर्सी और पैरामेडिकल कार्यक्रमों के विस्तार की प्रमुख परियोजना का हिस्सा है। कुलपति प्रो. पीके दशोरा, संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा, इंजीनियर प्रो. महेश कुमार, वित्त अधिकारी मनोज गुप्ता और प्रशासनिक अधिकारी गोपाल राजपूत ने भूमि पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आचार्य ने कलश स्थापना कराई।

कुलपति प्रो. दशोरा ने कहा कि नया भवन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और स्वास्थ्य शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करेगा। संयुक्त कुलसचिव प्रो. दिनेश शर्मा ने बताया कि यह निर्माण विश्वविद्यालय के दीर्घकालिक विकास एवं अधोसंरचना विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यूनिवर्सिटी इंजीनियर प्रो. महेश कुमार ने जानकारी दी कि यह ब्लॉक पूरी तरह भूकंप-रोधी होगा। 5.17 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में बनने वाले इस विशाल भवन पर लगभग 82.70 करोड़ रुपये की लागत आएगी। पहले चरण में राइट विंग का निर्माण होगा जिसकी लागत करीब 26.60 करोड़ है। इसमें कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, व्याख्यान कक्ष, सेमिनार कक्ष, संकाय कक्ष, बहुउद्देशीय कक्ष और म्यूजियम शामिल होगा। ऊपरी मंजिलों के लिए लिफ्ट भी स्थापित की जाएंगी। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रो. अब्दुल वदूद सिद्दीकी, प्रो. सिद्धार्थ जैन, प्रोजेक्ट इंजीनियर मनु सोनिक, साइट इंजीनियर बृजलाल शर्मा और साइट सुपरवाइजर धीरेंद्र कुमार, सोमिल सक्सेना, शिशुपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

**पहल** | शिक्षा एवं बालिका सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : संगीता सिंह, आयुक्त, अलीगढ़

## एसबीआई की सीएसआर पहलः मण्डलायुक्त ने मेधावी एवं जरूरतमंद 100 छात्राओं को वितरित निःशुल्क साइकिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आयोजित सीएसआर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह समारोह की केंद्रीय प्रेरणा रहीं। उन्होंने छात्राओं को साइकिलें ही वितरित नहीं की, बल्कि बालिका शिक्षा को एक नई दिशा भी दी। मण्डलायुक्त द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड गंगीरी के छर्रा स्थित कार्यालय पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 100 मेधावी छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मण्डलायुक्त ने शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए चल रही एसबीआई की इस विशेष पहल सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल इन छात्राओं को अपने अध्ययन कार्य के लिए आने-जाने में सुगमता होगी वहीं यह बचे हुए समय का सदुपयोग अपनी पढ़ाई के लिए भी कर सकेंगी। कमिश्नर ने एसबीआई की सराहना करते हुए कहा कि आप अपने सीएसआर फण्ड का सदुपयोग अन्य क्षेत्रों में भी कर सकते थे, परन्तु आपने सरकार की विशेष पहल बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को सार्थक करते हुए न केवल शिक्षा बल्कि बालिका सशक्तीकरण के लिए भी विशेष कार्य किया है। बालिकाओं के चिन्हीकरण में मेरिट के अनुसार उनका चयन करना वास्तविक रूप से उनकी प्रतिभा का सम्मान करना है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप में प्रतिभा है इसीलिए आपको लाभान्वित किया गया है। सफल होने के लिए अपने जुनून और जिद को कम न होने दें, जिस भी क्षेत्र में जाएं समय का सुदपयोग करते हुए पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करें।



उप महाप्रबंधक एसबीआई नोएडा वृत्त राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि मण्डलायुक्त के मार्गदर्शन के अनुसार मेधावी छात्राओं का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि 1806 में इंपीरियल बैंक के नाम से इसकी शुरूआत हुई और 1955 में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का इसे नाम दिया गया। आज एसबीआई विश्व के टॉप 50 बैंक में शामिल है और भारत में सबसे ऊपर है। एसबीआई द्वारा समय-समय पर सीएसआर के माध्यम से अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया जाता है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सहायक महाप्रबंधक एसबीआई अलीगढ़ वृत्त धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जिले में एसबीआई द्वारा 44 शाखाओं एवं 180 सीएसपी के माध्यम से उपभोक्ताओं को बैंकिंग सुविधाएं प्रदत्त की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं में भी बैंक द्वारा ऋण प्रदान कर उनके क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई जाती है। इससे पूर्व छात्रा तनु, बबली, सूरजमुखी, दीक्षा एवं सिदरा ने हम होंगे कामयाब गीत की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति देकर अन्य छात्राओं को भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मण्डलायुक्त द्वारा प्रतीक स्वरूप कु. राजमाला, कु. चाहत, कु. अंशू, कु. प्रतिभा सिंह, कु. गौरी, कु. दीपिका, कु. रचना, कु. आशा गुप्ता समेत 100 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित कर उनसे अध्ययन-अध्यापन के बारे में भी वार्ता की गई।

इस अवसर पर डीडीओ आलोक आर्या, एसडीएम अतरौली सुमित कुमार, मुख्य प्रबंधक मानव संसाधन रितु सिंह, मुख्य प्रबंधक ऑपरेशन आराधना त्रिपाठी, मुख्य प्रबंधक रिंकी साहा, मुख्य प्रबंधक मेघा गौड़, प्रबंधक मानव संसाधन मीनाक्षी लोधी, सुमित सिंह, यूनिसेफ से देवेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रबंधक एवं कवि अरविंद संवेदित द्वारा किया गया।

### एसबीआई की सीएसआर पहल मण्डलायुक्त ने मेधावी एवं जरूरतमंद 100 छात्राओं को वितरित निःशुल्क साइकिल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** स्टेट बैंक द्वारा आयोजित सीएसआर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह समारोह की केंद्रीय प्रेरणा रहीं। उन्होंने छात्राओं को साइकिलें ही वितरित नहीं की, बल्कि बालिका शिक्षा को एक नई दिशा भी दी। शुक्रवार को मण्डलायुक्त द्वारा विकासखण्ड गंगीरी के छर्रा स्थित कार्यालय पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 100 मेधावी छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मण्डलायुक्त ने शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए चल रही एसबीआई की इस विशेष पहल सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल इन छात्राओं को अपने अध्ययन कार्य के लिए आने-जाने में सुगमता होगी वहीं यह बचे हुए समय का सदुपयोग अपनी पढ़ाई के लिए भी कर सकेंगी। कमिश्नर ने एसबीआई की सराहना करते हुए कहा कि आप अपने सीएसआर फण्ड का सदुपयोग अन्य क्षेत्रों में भी कर सकते थे, परन्तु आपने सरकार की विशेष पहल बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को सार्थक करते हुए न केवल शिक्षा बल्कि बालिका सशक्तीकरण के लिए भी विशेष कार्य किया है। बालिकाओं के चिन्हीकरण में मेरिट के अनुसार उनका चयन करना वास्तविक रूप से उनकी प्रतिभा का सम्मान करना है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप में प्रतिभा है इसीलिए आपको लाभान्वित किया गया है। सफल होने के लिए अपने जुनून और जिद को कम न होने दें।

# नंदपुर बीटा में भाकियू द्वारा संगठन विस्तार को की गई चर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा शुक्रवार को जिला संगठन मंत्री चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक असमोली अंतर्गत ग्राम - नंदपुर बीटा में महेन्द्र सिंह की बैठक पर संगठन विस्तार को लेकर जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने किसानों से एक जुट होने का आह्वान करते हुए किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान पर जोर दिया ! साथ ही जनपद में फैले भ्रष्टाचार पर तीखा वार करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही तमाम लाभकारी योजनाएं भ्रष्टाचार के चलते किसानों एवं आम जनमानस तक सीधे-सीधे नहीं पहुंच पा रही हैं ! तहसील पर व्यापत भ्रष्टाचार के कारण तमाम प्रमाण पत्र बनाने में किसानों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है किसानों की विभिन्न समस्याओं का अधिकारियों एवं कर्मचारीयों द्वारा लापरवाही व अनियमितता बरतने का काम किया जा रहा है वही संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि 16 दिसंबर दिन मंगलवार को ब्लॉक परिसर संभल में दोपहर 12 बजे से भ्रष्टाचार समाप्त कराने को एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर एक किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा ! किसान भाई अपनी समस्या का समाधान कराने के लिए विभाग के नाम प्रार्थना पत्र लिखकर लाएं ! साथ ही संगठन को बढ़ावा देते हुए सुशील कुमार शर्मा को जिला उपाध्यक्ष सम्भल चौधरी नेमपाल सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष असमोली, चौधरी महेन्द्र सिंह को ब्लॉक महासचिव असमोली नियुक्त किया गया। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला संगठन मंत्री चौधरी ऋषिपाल सिंह, तहसील संरक्षक सेवक सैनी, नेताजी राजेन्द्र सिंह , तहसील अध्यक्ष (अ. मो.) मेहंदी हसन, वरिष्ठ कार्यकर्ता मो. हसन, महकार सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, कमल वीर सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# दंगाइयों के ईंट-पत्थर से बनी दीपा सराय पुलिस चौकी,बच्ची ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** अति संवेदनशील क्षेत्र दीपा सराय में बनी नई पुलिस चौकी का उद्घाटन शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ। चौकी का निर्माण उन ईंट-पत्थरों से किया गया है, जो 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा में उपद्रवियों ने पुलिस के ऊपर बरसाए थे। शुक्रवार को नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला दीपा सराय में बनी स्थायी पुलिस चौकी का एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई और सीओ कुलदीप कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुतियां देकर उद्घाटन किया। छोटी बच्ची जेनुल ने फीता काटकर चौकी को औपचारिक रूप से जनता को समर्पित किया। इनाया वही बच्ची है, जिसने कुछ माह पहले इस चौकी की नींव रखी थी। इससे पहले हिंदुपुरा खेड़ा और रिठाली पुलिस चौकी का शुभारंभ भी इसी मुस्लिम बच्ची के हाथों हुआ है। दीपा सराय लंबे समय से संवेदनशील माना जाता है। यहां पर सांसद जियाउर्रहमान बर्क का आवास भी है। 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा में जिस ईंटो का इस्तेमाल हुआ था, उसी से इस स्थायी चौकी की दीवारों का निर्माण कराया गया है। उद्घाटन के दौरान चौकी परिसर में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रशासन के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि चौकी बनने से इलाके में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। यह क्षेत्र खुफिया एजेंसियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय अपराधी और हिंसा का मास्टर माइंड शारिक साठा का मकान भी इसी क्षेत्र में स्थित है। बीते वर्षों में यहां से कई युवक संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाए गए, जिसके चलते यह इलाका सुरक्षा एजेंसियों की नजर में बना है। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा कि चौकी बनने के बाद पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता और भी तेज होगी तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।चौकी का निर्माण कार्य हाल ही में पूरा हुआ, जिसमें कार्यालय, दो कक्ष और आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं।



# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अमरोहा (डा. महताब अमरोहवी)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, श्रीमती लक्ष्मी मेमोरियल इंटर कॉलेज नगली खादर, गंगेश्वरी मे मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह की सामाजिक व कानूनी जटिलताओं पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ममता दुबे सेंटर मैनेजर ने कहा कि किसी भी बच्चे का, चाहे वह लडका हो या लडकी कम उम्र में विवाह नही होना चाहिए। विवाह की कानूनी उम्र लड़कों की 21 वर्ष और लड़कियों की 18 वर्ष है ।

बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं से ऐसे मामलों की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने की अपील की। करुणा निधि, परामर्शदाता ने बच्चो को बताया कि समय से पूर्व विवाह उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने बालक/बालिकाओं को को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने का संदेश दिया।इस कार्यक्रम के दौरान ममता दुबे, सेंटर मैनेजर, करुणा निधि परामर्शदाता, अनुराधा भारती स्टाफ नर्स ,प्रधानाध्यापक, अध्यापिकाएं आदि उपस्थित रहे।

# गुन्नौर में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गुन्नौर (मौहम्मद अब्बास)।** शुक्रवार को गुन्नौर मेरठ-बदायूं मार्ग पर गांव सैजना मुस्लिम पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल हो गये जिसमें एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गुन्नौर मेरठ-बदायूं मार्ग पर गांव सैजना मुस्लिम पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल हो गये।घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां डॉक्टर ने बाइक चालक सुभाष पुत्र नाथू निवासी रसूलपुर थाना गुन्नौर गांव रसूलपुर से अपने साले ललतेश को लेकर गांव असोली छोड़ने जा रहा था। गांव सैजना मुस्लिम पर एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे दोनों लोग हुए गंभीर रूप से घायल हो गये।जहां डॉक्टर ने ललतेश पुत्र रामओतार को मृत घोषित कर दिया शव को पीएम के लिए भेज दिया बताते हैं कि मृतक ललतेश की 2 वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। दो भाई थे। सबसे बड़ा ललतेश था छोटा भाई 10 वर्ष का है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से,मोटरसाइकिल सवार वृद्ध की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** आज एक





अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और बाइक का अगला हिस्सा ध्वस्त हो गया। थाना वनिया ठेर की आटा चौकी में आटा पंवासा मार्ग नगलिया बल्लू गांव के नजदीक मोड़ पर वाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया और मृतक के मोबाइल से जानकारी जुटाई मृतक जगदीप अल्लह पुर थाना इस्लाम नगर का निकला उसके परिजनों को सूचित कर दिया मोके पर पहुची चौकी पुलिस व 112 ने शव को एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदोसी भेज दिया और उसकी वाइक चौकी। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई , यह घटना लगभग 3:15 की बताई जा रही है।

# जिला चिकित्सालय में "सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस 2025" पर विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** जिला चिकित्सालय में "सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस 2025" पर विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन किया गया। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं ज्योति चौधरी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जनपद अमरोहा में शुक्रवार को जिला चिकित्सालय अमरोहा में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस 2025 पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता सी०एम०एस० अश्विनी भंडारी ने की।अश्विनी भंडारी ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस को मूल रूप से प्रचारित विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बताया गया, जो की एक संयुक्त राष्ट्र का हिस्सा है और पूरे विश्व की बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राष्ट्र ने 2012 में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के प्रति एक प्रस्ताव पारित किया जिसमे स्वास्थ्य कवरेज में तेजी लाने के प्रति आकर्षित किया, तथा शिविर का संचालन लोकमान सिंह चौहान पैरा विधिक स्वयं सेवक ने किया। लोकमान सिंह ने संचालन करते हुए बेहतर स्वास्थ्य अच्छा जीवन हर कोई चाहता है लेकिन आज के इस दौर में स्वास्थ्य सम्बंधित बीमारियां आम बात हो गयी है और सबसे बडी समस्या है वित्तीय संसाधनों की कमी और अच्छी स्वास्थ्य जांच प्राप्त करने के लिए सबके पास अतिरिक्त पैसे नहीं होते हैं खास तौर पर निम्न वर्ग के परिवार और गरीब लोगों के पास। इन मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए प्रति वर्ष संयुक्त राष्ट्र के द्वारा 12 दिसंबर को 'सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस के रूप में मनाया जाना सुनिश्चित किया



है। प्रीति पैरा विधिक स्वयं सेवक ने बताया कि "सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस 2025 भारत की स्वास्थ्य सेवा नीति का एक मूलभूत लक्ष्य है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों को समान और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। हर साल 12 दिसंबर को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज या यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) दिवस मनाया जाता है। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का एक लक्ष्य है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी को बिना किसी वित्तीय कठिनाई के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मिले। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का क्या कार्य है, और कैसे करता है, और पैरा विधिक स्वयं सेवक कौन होते इन का क्या कार्य होता इन सब बातों से आम जनता को जागरूक कर सब के अच्छे स्वास्थ्य की परिकल्पना के साथ शिविर का समापन किया गया। शिविर में पैरा विधिक स्वयं सेवक डा० प्रथम चौधरी, प्रीति, रामनिवास, महेश सिंह शोभित, आदि पैरा विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# एमजीएम कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को दिया गया पोस्टर निर्माण का प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** शुक्रवार को एम.जी.एम. पी.जी.कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को पोस्टर निर्माण का प्रशिक्षण दिया गयो पोस्टर निर्माण का विषय महिला सशक्तिकरण रहा । इस प्रशिक्षण में 25 छात्राएं और 1 छात्र उपस्थित रहा। मिशन शक्ति प्रभारी डॉक्टर रितु भटनागर के साथ उर्दू विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर हुमा फातिमा भी उपस्थित रहीं। प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर योगेंद्र सिंह जी ने छात्र छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया।



# हवन पूजन के साथ दीपक सराय पुलिस चौकी का बालिका ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के द्वारा थाना नखासा के अन्तर्गत नवीन पुलिस चौकी दीपा सराय का विधि विधान से मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना करते हुए तथा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मोहल्ला दीपा सराय की बालिका कु. जुनेरा एवं जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा फीता काटकर पुलिस चौकी का उदघाटन किया गया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी संभल रामानुज, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# डीएम ने विधानसभा धनौरा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण और आवश्यक निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** डीएम ने विधानसभा धनौरा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण और आवश्यक निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है।जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा धनौरा विधानसभा में विभिन्न बूथों पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का निरीक्षण किया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि अगर किसी कारणवश किसी मतदाता की मैपिंग नहीं हो पाई अगर वो अपना सही विवरण लेकर आ रहा है तो उसको जांच कर फीड कर दिया जाए। इसके अतिरिक्त किसी का विवरण गलत भरा गया हो तो उसकी सही जानकारी प्राप्त कर संशोधन कर दें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गरिमा सिंह, उप जिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव सहित संबंधित उपस्थित रहे।



**बनाए पोस्टर** | 100 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# यूनिवर्सल हेल्थ डे पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वास्थ्य के महत्व को दर्शाते हुए बनाए पोस्टर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (मौहम्मद अब्बास)।** शुक्रवार को नगर में यूनिवर्सल हेल्थ डे पर हमारे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वास्थ्य के महत्व को दर्शाते हुए बेहद खूबसूरत पोस्टर बनाए। उनके रंगों में जागरूकता भी थी और एक स्वस्थ भविष्य का सपना भी अयाज फाउंडेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट डॉक्टर शारिक हड्डी के डॉक्टर की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 100 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम के चीफ गेस्ट रेहान अशरफ (मर्चेंट नेवी ऑफिसर) रहे, जिन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के मंत्र बताए और एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा दी। डॉ. अलवीरा शारिक ने कहा कि हमें नारी शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य करना चाहिए डॉ.शारिक (हड्डी रोग विशेषज्ञ) ने बताया कि मेहनत, निरंतरता और फोकस से जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने यूनिवर्सल हेल्थ डे पर यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य सबका अधिकार है—चाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो, अमीर हो या गरीब। इसी उद्देश्य से वे पिछले 6 वर्षों से संभल में अयाज क्लीनिक पर हर जुम्मे को फ्री ओपीडी कर रहे हैं, जिसमें 100झ150 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाता है। मुहम्मद अयाज साहब ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हैं और आगे भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।



**पुरस्कार परिणामः**
प्रथम पुरस्कारः उनज़िला अकरम
द्वितीय पुरस्कारः कायनात तबिंदा
तृतीय पुरस्कारः तीसरी कक्षा के मुहम्मद फाहम, जिन्होंने बेहद सुंदर पेंटिंग बनाकर स्वास्थ्य की वैश्विक आवश्यकता को प्रदर्शित किया। मुहम्मद अहमद (अंग्रेजी शिक्षक) ने कहा कि संभल के बच्चों को आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

केंद्र vyavasthapak व्यवस्थापक मुहम्मद शारिक जीलानी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम संभल में लगातार होने चाहिए फहीम कायनात ने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने में माता-पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है कार्यक्रम में डॉ. शारिक (हड्डी वाले), शाह फहद, फरजंद वारसी, उमेद वकील, शारिक जीलानी, वाइज खान, बिलाल सर, आगोश-ए-आजम, मुहम्मद अतहर, पाकीजा अनवर आदि उपस्थित रहे। 3 कंसोलेशन प्राइज भी दिए गए।

# असमोली में खनन अधिकारी सम्भल एवं खनन निरीक्षक बरेली द्वारा खनन करते पकड़े ट्रैक्टर व जेसीबी मशीन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास) ।** शुक्रवार को तहसील के ग्राम शाहपुरडसर में खनन निरीक्षक शिवम कुमार एवं क्षेत्रीय अधिकारी बरेली द्वारा साधारण मिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर मढ़न पुलिस चौकी थाना असमोली में सुपुर्द किया गया एवं ग्राम एहरोलमाफी में मिट्टी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी और गारा बनाने वाली मशीन को पकड़ा गया। उक्त मशीनों द्वारा बिना विनियमन शुल्क जमा किए हुए एक भट्टे में मिट्टी का खनन कर ईट पलोथन का कार्य किया जा रहा था। खनन निरीक्षक द्वारा जेसीबी को पकड़ कर थाना असमोली में सुपुर्द किया गया। खनन निरीक्षक द्वारा बताया गया कि शासन की प्राथमिकता पूरे प्रदेश में अवैध खनन व परिवहन न होने देना है जिलाधिकारी जनपद सम्भल द्वारा समय समय पर दिए गए निर्देश के क्रम में क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन व परिवहन बर्दास्त नहीं किया जाएगा।



# कानपुर पुलिस ने शुरू किया वसूलीबाजों के खिलाफ ऑपरेशन 500,गलत सूचना वालों के खिलाफ भी होगी कार्रवाई

बुलन्द सदेंश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** वसूलीबाज यूट्यूबर्स, कथित पत्रकार, थाने के दलाल और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों पर शिकंजा कसने के इरादे से यहां के पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल द्वारा ऑपरेशन 500" शुरू कर दिया गया है। इस ऑपरेशन के तहत इसके लिए एक वॉट्सऐप नंबर जारी किया गया है।

वसूली बाजों के खिलाफ इस अभियान के मुताबिक सूचना देने वालों का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा। हालांकि सूचना झूठी मिलने पर उनके खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी।

अवगत कराते चलें कि पूर्व पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के ऑपरेशन महाकाल के बाद कमिश्नरेट पुलिस का यह दूसरा ऑपरेशन है जिसके शुरू होने से वसूलीबाजों में हड़कंप मचा है।

इस अभियान के बारे में जानकारी देतेहुए पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस को लगातार

**वसूली बाजों के खिलाफ इस अभियान के मुताबिक सूचना देने वालों का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा**

वसूलीबाज, रंगदारी, थानों में दलाली और जांच के नाम पर पीड़ितों से उगाही की सूचनाएं मिल रहीं थी। इसे देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने ऑपरेशन 500 की शुरूआत की है। इस बारे में जो योजना बनाई गई है । उसके मुताबिक यह ऑपरेशन लगातार 500 घंटे तक चलेगा। पीड़ित आसानी से सूचनाएं दे सकें इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस ने वॉट्सऐप नंबर 7839863274 जारी किया है। आमजन से सही सूचना और शिकायत देने की अपील करते हुए पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया कि पीड़ित इस नंबर पर साक्ष्यों के साथ अपनी शिकायत भेज सकते हैं। शिकायत भेजने के बाद कमिश्नरेट पुलिस अपना काम शुरू कर देगी। पीड़ित यदि इस नंबर की बजाय अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखना चाहें तो वह भी कार्यालय के समय में आकर शिकायत व साक्ष्य दे सकते हैं। पुलिस के इस ऑपरेशन से वसूलीबाजों में हड़कंप भी मचा हुआ है।

# गांधी पॉलिटेक्निक में आयोजित पुरातन छात्रों के भव्य स्वागत-सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं का अनुभवी पूर्व छात्रों ने किया मार्गदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** गांधी पॉलिटेक्निक मुजफ्फरनगर के स्टेनोग्राफी ब्रांच के पुरातन छात्र-छात्राओं जगबीर सिंह यादव (रिपोर्टिंग ऑफिसर, पीआर विभाग,राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ), मधु चौधरी सहित अन्य पूर्व छात्रों के मुजफ्फरनगर आगमन पर शुक्रवार को एक भव्य स्वागत-सम्मान समारोह आयोजित किया गया।यह कार्यक्रम ऑडियो-विजुअल हॉल में प्रधानाचार्य इंजीनियर राजीव सिंह की अध्यक्षता और हिन्दी प्रवक्ता बबीता देवी के संयोजन में पुरातन छात्र एसोसिएशन द्वारा संपन्न हुआ।संचालन एसोसिएशन के सचिव इंजीनियर बसन्त कुमार गोयल ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के संस्थापक पूज्य स्वामी कल्याणदेव महाराज की




प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।समारोह के दौरान आए हुए पुरातन छात्रों ने अपने विभागीय अनुभव और सरकारी सेवाओं में सफल होने के महत्वपूर्ण गुर वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साझा किए और उन्हें भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया।गांधी पॉलिटेक्निक की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं उद्योगपति कन्दर्प स्वरूप ने अपने संदेश में समारोह की सफलता की कामना करते हुए कहा कि इस प्राचीन तकनीकी संस्थान के पूर्व छात्र आज देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं जो संस्थान के लिए गौरव की बात है।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य इंजीनियर राजीव सिंह ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में सेवाएं दे रहे पुरातन छात्रों का पुनः संस्थान में आना और सहयोग के लिए आगे बढ़ना,पूज्य स्वामी कल्याणदेव जी को सच्ची श्रद्धांजलि है।कार्यक्रम में उन्होंने सभी पुरातन छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में इंजीनियर चमन लाल, इंजीनियर बरिजेन्दर, इंजीनियर आरके वर्मा, नूपुर त्यागी,महिमा पाल, सुनील वर्मा,अमित गंगवार, अवधेश कुमार,नैना आदि विशेष योगदान रहा। समारोह में अंजू,रिया शर्मा, खुशी, अंशिका, लक्की,आलोक, आकाश आदि छात्र छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।समारोह उत्साह,प्रेरणा और संस्थान के प्रति गौरव की भावना से सराबोर रहा।

# राज्य पुरस्कार जांच शिविर में स्काउट-गाइड्स में दिखाई दिया उत्साह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम ए तोमर)।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उत्तर प्रदेश महानगर लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित राज्य पुरस्कार जांच शिविर का शुभारंभ गुरुवार को कुंवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर में किया गया।यह शिविर 11 दिसंबर से 14 दिसंबर 2025 तक चलेगा।जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उपाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास तथा सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर अमित कुमार सैनी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर के प्रथम दिवस पर अनेक गणमान्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला मुख्यायुक्त डा०कंचन प्रभा शुक्ला,जिला स्काउट एवं गाइड कमिश्नर विजय कुमार शर्मा,डा० राजेश कुमारी,जिला सचिव अनिल कौशिक,कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा,सहायक कमिश्नर सुखदेव मित्तल एवं रेनू गर्ग, सनातन धर्म सभा के मंत्री




सतीश गर्ग एवं सदस्य आनंद प्रकाश सहित कई पदाधिकारियों ने स्काउट एवं गाइड्स को आशीष वचन देकर शिविर का शुभारंम्भ किया।शिविर संचालक प्रकाश शर्मा एवं रिहाना सुल्ताना तथा सहायक संचालक संतोष कुमार वर्मा एवं किरण शर्मा ने प्रथम दिन पंजीकरण प्रक्रिया के तहत प्रतिभागियों को चेस्ट नंबर और टेस्ट कार्ड प्रदान किए।इसके बाद स्काउट एवं गाइड्स की लिखित प्रवेश जांच परीक्षा कराई गई।शिविर को सुचारु रूप देने में जिला ट्रेनिंग टीम के सदस्य आयुष,पिंकू ,ज्योति,साक्षी, सोनम और नैना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।वहीं विभिन्न विद्यालयों से स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन के रूप में सुनित,तीर्थराज सिंह,जितेंद्र प्रसाद,सुचित्रा शर्मा सहित अन्य प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे।शिविर के दौरान स्काउट-गाइड्स में राज्य पुरस्कार हासिल करने का उत्साह साफ दिखाई दिया।

# भारतीय ई-रिक्शा मजदूर यूनियन के कार्यालय का चौधरी शाह आलम ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** शुक्रवार को भारतीय ई-रिक्शा मजदूर यूनियन के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया।यह कार्यालय पाल धर्मशाला के सामने स्थापित किया गया है। कार्यालय का उद्घाटन भारतीय किसान मजदूर संयुक्त संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शाह आलम ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर चौधरी शाह आलम ने कहा कि भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा का ई-रिक्शा मजदूर यूनियन को पूरा सहयोग रहेगा।उद्घाटन के अवसर पर यूनियन से जुड़े बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने ई-रिक्शा चालकों के साथ हो रहे शोषण,अवैध वसूली तथा अन्य समस्याओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। यूनियन के जिला



अध्यक्ष रमेश प्रजापति ने कहा कि ई-रिक्शा चालक समाज की सेवा में दिन-रात जुटे रहते हैं लेकिन उनके साथ हो रहे अन्याय को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।यदि किसी भी प्रकार का उत्पीड़न किया गया तो यूनियन पुरजोर विरोध करेगी।उन्होंने यह भी बताया कि सैकड़ों रिक्शा चालक यूनियन से जुड़े हुए हैं और संगठन का उद्देश्य है चालकों के अधिकारों की सुरक्षा,समस्याओं का समाधान और उनके जीवन में स्थिरता लाना है।इस दौरान कई चालकों ने भी अपनी समस्याएँ रखते हुए यातायात व्यवस्था में सुधार एवं प्रशासन से सहयोग की मांग की।यूनियन ने बताया कि जल्द ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसमें चालकों को यूनियन से जोड़ने का कार्य तेज किया जाएगा।कार्यक्रम में चौधरी शाह आलम,सुदेश गोतम, जिला उपाध्यक्ष नौशाद अली,जिला महामंत्री नरेश प्रजापति,गुलशेर रमेश प्रजापति,नरेश सहित यूनियन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव-2025 और गीता जयंती पर विशेष व्याख्यान का भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के भाषा विभाग, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय द्वारा भारतीय भाषा उत्सव 2025 का भव्य और सफल आयोजन किया गया। यह उत्सव राष्ट्रवादी कवि, लेखक एवं पत्रकार महाकवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं की बहुलता, सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मक अभिव्यक्तियों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत तिलक से अतिथियों के स्वागत, अतिथियों द्वारा अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर, मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा भारत मानचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करने जैसी सांस्कृतिक प्रथाओं के साथ हुआ, जिसने पूरे वातावरण को गरिमामयी एवं एकात्म भाव से पूर्ण कर दिया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले विशिष्ट अतिथियों में प्रति कुलपति प्रो. देवेंद्र स्वरूप, संकायाध्यक्ष कला एवं सामाजिक विज्ञान प्रो. सुधीर त्यागी, प्रो. मोनिका मेहरोत्रा तथा प्रो. एस. सी. तिवारी शामिल रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने पादप भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग देने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन, निर्णायकों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों, गैर-शिक्षण स्टाफ तथा तकनीकी दल का आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में प्रति कुलपति प्रो. देवेंद्र स्वरूप ने कहा कि भारतीय भाषाएँ राष्ट्र की सांस्कृतिक आत्मा हैं और उनकी संरक्षण-संवर्धन की जिम्मेदारी हम सबकी है। उन्होंने विद्यार्थियों को बहुभाषिकता अपनाने के लिए प्रेरित किया और भाषा विभाग के कार्यों की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों को सांस्कृतिक एकता के लिए आवश्यक बताया। प्रो. सुधीर त्यागी ने भारतीय भाषाओं की समृद्ध साहित्यिक परंपरा को देश की शक्ति बताते हुए विद्यार्थियों से मातृभाषा के साथ अन्य भारतीय भाषाओं को भी सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषा उत्सव जैसी गतिविधियाँ नई पीढ़ी में भाषाई गौरव, सृजनात्मकता और सांस्कृतिक समझ को




बढ़ाती हैं। उत्सव में गायन, नृत्य और समूह रैंप वॉक जैसी विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनका मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायकों डॉ. अमृता जोशी, डॉ. निशा सिंह और डॉ. सरिता राणा द्वारा किया गया। गायन प्रतियोगिता में दीपांकर (प्रथम), श्रुति शर्मा (द्वितीय) और ऋया पाल (तृतीय) को पुरस्कृत किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में विधि गोस्वामी (प्रथम), पियासा (द्वितीय) और अंशिका ठाकुर (तृतीय) विजेता रहीं। समूह रैंप वॉक में भारतीय पारंपरिक परिधान श्रेणी में भाषा विभाग ने प्रथम, विज्ञान संकाय ने द्वितीय तथा एलाइड एंड हेल्थ केयर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस पूरे आयोजन में भाषा विभाग के संकाय सदस्यों डॉ. मिनाक्षी मिश्रा, सुश्री अंकिता शर्मा, मोहम्मद जुबैर, डॉ. प्रीति सिंह, सुश्री शैली शर्मा, डॉ. रफत खानम, डॉ. यशपाल, डॉ. मनीषा लूथरा, डॉ. स्वाति शर्मा, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. रणवीर सिंह, डॉ. निशि राघव, डॉ. प्रीति शर्मा, सान्या अग्रवाल, अंकित कुमार, अभिजीत शर्मा, पुष्पेंद्र राजपूत एवं प्रिया शर्मा का उल्लेखनीय योगदान रहा। वहीं दूसरी ओर स्वामी विवेकानंद शोध पीठ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भगवद्गीता की सनातन शिक्षाओं को आधुनिक आर्थिक परिस्थितियों से जोड़ते हुए यह समझना था कि किस प्रकार प्राचीन भारतीय दर्शन आज की जटिल आर्थिक, सामाजिक और नैतिक चुनौतियों के समाधान में मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। कार्यक्रम का मुख्य विषय ह्लवर्तमान आर्थिक परिदृश्य में भगवद्गीता की प्रासंगिकताह्व था। कार्यक्रम का संचालन प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा, प्रोफेसर एवं संयोजिका, स्वामी विवेकानंद चेयर द्वारा किया गया। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंसेज के डीन, प्रो. (डॉ.) सुधीर त्यागी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की बौद्धिक गरिमा को और बढ़ाया। अपने स्वागत संबोधन में प्रो. मेहरोत्रा ने धर्म, कर्तव्यनिष्ठा, संतुलन, आत्मानुशासन और निष्काम कर्म जैसे सिद्धांतों को आधुनिक आर्थिक अध्ययन एवं नीति निर्धारण के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री, उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ उपस्थित रहे। उन्होंने गीता को नेतृत्व, नीति-निर्माण और अर्थव्यवस्था का दिशा-दर्शक बताते हुए निःस्वार्थ कर्म, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और व्यावसायिक नैतिकता पर गहन विचार प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि वक्ताओं डॉ. अजय कुमार (विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, बभनऊ, गोंडा, उ.प्र.) तथा डॉ. नरेंद्र कुमार (सहायक प्रोफेसर, लखनऊ) ने वैश्वीकरण, बेरोजगारी, संसाधनों के असंतुलित वितरण, पर्यावरणीय संकट और सतत विकास जैसे मुद्दों पर गीता के सिद्धांतों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में प्रो. (डॉ.) ज्योति गौर, डॉ. नेहा, डॉ. मोहिनी मित्तल, डॉ. किरण आर. पंवार, डॉ. दिनेश कुमार, श्री कपिल कुमार, सुश्री जूली, डॉ. लवली, अशपिन्द्रा कौर और डॉ. दुर्वेश कुमार सहित अनेक शोधार्थियों और विद्वानों ने सहभागिता की तथा अपने विचार रखकर चर्चा को समृद्ध किया।

# चेयरमैन मीनाक्षी स्वरुप ने 64 लाख से खरीदी गई 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को स्वच्छता अभियान के लिए किया रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** नगरपालिका मुजफ्फरनगर ने शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए 64 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई पांच नई ट्रैक्टरझ्ट्रॉलियों को जनता को समर्पित किया।गुरुवार को नगरपालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने मेरठ रोड स्थित कंपनी बाग में सभासदों और अधिशासी अधिकारी डा० प्रज्ञा सिंह के साथ ट्रैक्टर ट्रॉलियों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न वार्डों के लिए रवाना किया।यह खरीद 15 वें वित्त आयोग से मिले अनुदान से की गई है।नए वाहनों के शामिल होने से कूड़ा संग्रहण तेज और अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा।मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ नगरपालिका की नहीं, बल्कि पूरे शहर की जिम्मेदारी है।कूड़ा परिवहन की इस आधुनिक व्यवस्था से सफाई अभियान को नई गति मिलेगी और शहर को गारबेज फ्री बनाने में मदद मिलेगी।इसके बाद चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप और ईओ डा० प्रज्ञा सिंह ने कंपनी बाग का निरीक्षण कर सफाई,निर्माण कार्य, पथ-प्रकाश,पौधों की देखभाल और हरियाली बढ़ाने की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से पार्कों में साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर लगातार ध्यान देने के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान सभासद मौहम्मद खालिद,शौकत अंसारी, अमित पाल,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा० अजय प्रताप शाही, सीएसएफआई योगेश गोलियान, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती,लिपिक एसबीएम रूचि शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



# राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यक्रम में सहायक उपकरण व छात्रवृत्ति का किया वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए.तोमर)।** नुमाइश मैदान के पंडाल में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनो को ट्राई साइकिल,कृत्रिम अंग,कान की मशीन,बैसाखी सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए।कुल 217 ट्राई साइकिल,112 व्हीलचेयर, 51 स्मार्ट केन,22 कान की मशीनें और 40 बैसाखियां लाभार्थियों को प्रदान की गईं।इसके साथ ही पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम,दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत 50 छात्र-छात्राओं को सांकेतिक रूप से प्रमाणपत्र वितरित किए गए।विभाग द्वारा अब तक जनपद के 3525 पूर्व-दशम तथा 3059 कक्षा 11-12 के विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है।मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि आज उपस्थित दिव्यांगजन अपनी सभी आवश्यक सामग्री प्राप्त कर सकेंगे तथा जो लाभार्थी ठंड या दूरी के कारण नहीं पहुंच पाए उनके घर तक उपकरण पहुंचाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है.राधा माधव संगीत कला केंद्र की छात्रा द्वारा मां सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. राजीव कुमार ने किया।

वितरण समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी,एम.पी. सिंह (उपनिदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण),राजकुमार सिंह (उपनिदेशक,दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग),एडीएम संजय कुमार,जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति सरन श्रीवास्तव,जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दीक्षा उपाध्याय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी,जिला समाज कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 13 दिसंबर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए.तोमर)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीताराम ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेशार्नुसार जनपद मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर 2025 (द्वितीय शनिवार) को किया जाएगा।जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफ्फरनगर के निर्देशन में यह लोक अदालत दीवानी न्यायालय परिसर, मुजफ्फरनगर में आयोजित की जाएगी।इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के वादों के निस्तारण हेतु विशेष बेंचों का गठन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक वादों का आपसी सुलह-सहमति के आधार पर निपटारा किया जा सके।

# 17 दिसंबर को एसडी इंटर कॉलेज में होगा युवा उत्सव 2025-26 का जिला स्तरीय आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए.तोमर)।** जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल विभाग द्वारा विकसित भारत दीक्षित भारत युवा लीडर्स डेवलपमेंट (श्इ छऊ) कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 आगामी 17 दिसंबर 2025 को एस.डी. इंटर कॉलेज, रोडवेज बस स्टैंड के निकट, प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा।युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार यह उत्सव सांस्कृतिक एवं नवाचार गतिविधियों पर आधारित होगा जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी।प्रमुख प्रतियोगिताएँ इस प्रकार होंगी भाषण प्रतियोगिता (डिक्लेमेशन),कहानी लेखन चित्रकला (पेंटिंग),लोक नृत्य,लोक गीत,कविता लेखन,नवाचार / विज्ञान प्रदर्शनी आदि।प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष (01 सितंबर 2025 की तिथि के अनुसार) होना अनिवार्य है।प्रतिभागियों को आयु प्रमाण-पत्र (हाई स्कूल अंकपत्र आदि),आधार कार्ड की छाया प्रति एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना आवश्यक है.प्रतिभाग करने वाले युवाओं का विवरण एनेक्सर-01 के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें नाम,पिता का नाम, पता,जनपद,विधा तथा आधार संख्या का विवरण होगा।जिला युवा कल्याण अधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे अपने संस्थान के योग्य एवं प्रतिभाशाली युवाओं को अनिवार्य रूप से प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराएँ।आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए प्रतिभागी अजय कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षा दल अधिकारी, मुजफ्फरनगर से (मोबाइल-8859847118) संपर्क कर सकते हैं।

# भैंस बेचने के नाम पर हुई साइबर ठगी में थाना साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित के 78 हजार रुपये बैंक खाते में कराए वापस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए.तोमर)।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित से ठगे गए 1,21,000 रुपये में से 78,000 रुपये वापस दिलवाकर सराहनीय कार्य किया है।जानकारी के अनुसार वादी मेहरबान पुत्र सत्तार निवासी काटका थाना जानसठ ने शिकायत दर्ज कराई कि व्हाट्सएप पर भैंस बेचने का लालच देकर अज्ञात व्यक्ति ने उनके साथ 1,21,000 रुपये की साइबर ठगी की।शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में मु0अ0सं0 31/2025, धारा 318(4) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम टीम ने मामले में तेजी से कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को पीड़ित की 78,000 रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक उसके बैंक खाते में वापस कराई।

## दिलाई शपथ — मंडलायुक्त सहारनपुर डा० रूपेश कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

# हैदरपुर वेटलैंड बनेगा नया पर्यटन हब,"पानी की पाठशाला कार्यक्रम से दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा० एम.ए.तोमर)।** जनपद थाना रामराज क्षेत्र में बैराज पर स्थित हैदरपुर वेटलैंड को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित

**हैदरपुर वेटलैंड का पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होना जिले की पहचान के साथ ही पर्यावरण संवर्धन में भी देगा बड़ा योगदानः उमेश मिश्रा डीएम**

करने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक अहम पहल की है। जल एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित पानी की पाठशाला में विभिन्न विद्यालयों व कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जल बचाओ और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त सहारनपुर डा० रूपेश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पानी है तो जीवन है इसलिए सभी को जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए। उन्होंने अपील की कि पानी की बोतल को बिना आवश्यकता फेंकना नहीं चाहिए उसे पुनः प्रयोग में लाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिकाधिक पेड़ लगाने पर जोर दिया। किसानों से पराली न जलाने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि पराली खेत में जुताई कर छोड़ देने से यह खाद



का कार्य करेगी जिससे पैदावार भी बढ़ेगी।मंडलायुक्त ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। हैदरपुर वेटलैंड जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रामसर साइट के रूप में मान्यता प्राप्त है जल्द ही नए पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होने जा रहा है। पानी की पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया बल्कि वेटलैंड के महत्व,प्रवासी पक्षियों के संरक्षण व पर्यटन की संभावनाओं को भी उजागर किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों व नाटकों से हुई जिनमें जल संरक्षण,स्वच्छता और पर्यावरण बचाव का संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने बच्चों के साथ उपस्थित जनसमूह को जल बचाओ,पर्यावरण बचाओ की शपथ दिलाई।उन्होंने कहा कि हैदरपुर वेटलैंड प्रदेश का अनमोल प्राकृतिक खजाना है जहां प्रतिवर्ष हजारों प्रवासी पक्षी आते हैं। ऐसे में वेटलैंड का संरक्षण और इसका पर्यटन विकास प्राथमिकता है। कार्यक्रम में मंडलायुक्त रूपेश कुमार के साथ पद्मश्री सम्मानित उमाशंकर पांडे, सेतपाल सिंह और कमल सिंह चौहान,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा,एसपी बिजनौर अभिषेक कुमार वर्मा तथा मुजफ्फरनगर प्रशासन के सभी अधिकारी शामिल हुए जिससे इस पहल की गंभीरता और महत्व स्पष्ट हुआ। प्रशासन का लक्ष्य है कि हैदरपुर वेटलैंड में पर्यावरण पर्यटन को बढ़ावा देकर लोगों को प्राकृतिक सौंदर्य,प्रवासी पक्षियों और वेटलैंड के पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूक किया जाए साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी विकसित किए जाएं।इस अवसर पर सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण,एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार, एसपी देहात आदित्य बंसल,सीओ जानसठ यतेंद्र नागर वनाधिकारी अभिनव राजा, एसडीएम जानसठ,एसडीएम बुढ़ाना न्यायिक, तहसीलदार जानसठ,प्रगतिशील किसान,विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# फौजी की पत्नी से दुष्कर्म: आरोपी ने "वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिविल लाइंस थानाक्षेत्र में फौजी की पत्नी के साथ युवक ने दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया जिससे तंग आकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में 32 वर्षीय महिला ने बताया कि उसके पति भारतीय सेना में हैं और वर्तमान में उनकी तैनाती सिक्किम में चल रही है। वह अपने बेटे के साथ गांव में ही रहती हैं। 22 नवंबर की सुबह करीब 11:30 बजे वह घर में अकेली थी। उसका बेटा स्कूल गया था। ससुर और परिवार के अन्य लोग खेत पर गए थे। आरोप है कि इसी दौरान सिविल लाइंस के काजीपुरा निवासी हितेश उसके घर में घुस आया। आरोपी ने महिला के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म किया।

इस दौरान आरोपी ने मोबाइल से वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी ने धमकी दी कि अगर कहीं शिकायत करेगी तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। पीड़िता का कहना है कि उसने बदनामी के डर में किसी को कुछ नहीं बताया। आठ दिसंबर को आरोपी हितेश फिर से उसके घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा।

# 31 दिसम्बर 2025 तक बढ़ी निर्माण श्रमिक नवीनीकरण तिथि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** श्रमायुक्त श्वेता गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंनें 04 वर्ष या उससे अधिक अवधि से अपना श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण नहीं कराया है। उन निर्माण श्रमिकों को लंबित नवीनीकरण हेतु तिथि विस्तार 31 दिसम्बर 2025 तक कर दिया गया है।उन्होंने जनपद बदायूँ में बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त निर्माण श्रमिकों को सूचित किया है कि जिन पंजीकृत निर्माण श्रमिकों द्वारा 04 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नही कराया गया है, वे अपने पंजीयन का नवीनीकरण स्वयं से उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की बेवसाइट नचइवबूण्पद अथवा किसी नजदीकी जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से 31 दिसम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप से करा लें, अन्यथा उनके पंजीयन को निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर दिया जायेगा। ऐसी स्थिति में बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ भी प्राप्त नहीं कर पायेंगे।

# यूनिवर्सल हेल्थ डे पर अयाज फाउंडेशन ने बच्चों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल (सय्यद अतहर अली)।** यूनिवर्सल हेल्थ डे पर आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और स्वास्थ्य के महत्व पर सुंदर पोस्टर बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेवी अधिकारी रेहान अशरफ ने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और नेक इंसान बनने की प्रेरणा दी। डा. अलवीरा शारिक ने नारी शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि समाज में बदलाव शिक्षा से ही संभव है। डा. शारिक ने बताया कि स्वास्थ्य सबका अधिकार है। धर्म, जाति या आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को उपचार मिलना चाहिए। बताया कि इसी उद्देश्य से वे पिछले छह वर्षों से हर शुक्रवार को अयाज क्लीनिक पर निशुल्क ओपीडी चला रहे हैं, जिसमें 100-150 मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाता है। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार उन्जिला अकरम, द्वितीय कायनात तबिंदा और तृतीय स्थान पर तीसरी कक्षा के मोहम्मद फाहम को मिला। तीन कंसोलेशन प्राइज भी वितरित किए गए। मोहम्मद अहमद, शारिक जिलानी और फहीम कायनात ने ऐसे कार्यक्रमों को बच्चों के भविष्य के लिए आवश्यक बताया। इसमें शाह फहद, फरजंद वारसी, उमेद, मोहम्मद अतहर, पाकीजा अनवर आदि रहे। डा. शारिक का इसमें सहयोग रहा।

# संसद में गूंजा हाईकोर्ट बेंच का मुद्दा: सपा सांसद रुचिवीरा ने उठाई आवाज, सस्ते सुलभ व त्वरित "न्याय की मुहिम हुई तेज"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित किए जाने की पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। लंबे समय से कानूनी और सामाजिक मंचों पर उठ रही यह आवाज अब राजनीतिक गलियारों तक गूंजने लगी है। बृहस्पतिवार को संसद सत्र के दौरान सपा सांसद रुचिवीरा ने इस मुद्दे को दमदार तरीके से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेंच पश्चिमी यूपी में स्थापित की जाए ताकि करोड़ों लोगों को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय मिल सके।लोकसभा में सांसद रुचिवीरा ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच का अभाव न्याय व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यहां के लोगों को हर छोटे बड़े मामले के लिए इलाहाबाद तक सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। ट्रेन, बस या निजी वाहन किसी भी माध्यम से आने-जाने में समय और धन दोनो अनावश्यक व्यय होता है।



उन्होंने कानून मंत्री से अपील की कि वह इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करें और दशकों से लंबित इस मांग को पूरा करें। सांसद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेंच की मांग नई नहीं है। यह मांग कई दशक से की जा रही है। वकीलों से लेकर सामाजिककार्यकताओं तक ने इस मांग को बार-बार उठाया है।दूसरी ओर हाईकोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति ने भी 17 दिसंबर को मुरादाबाद बंद का आह्वान किया है। समिति का कहना है कि यह सिर्फ कानूनी व्यवस्था का मामला नहीं बल्कि लाखों आम नागरिकों की जीवन स्थितियों से जुड़ा संवेदनशील सवाल है। समिति का तर्क है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के बजाय अन्य प्रदेशों की हाईकोर्ट पश्चिमी जिलों से करीब है।

# जीएसटी चोरी के लिए बनाई 500 फर्जी फर्में: तीन लैपटॉप, मोबाइल फोन, 15 डेबिट-क्रेडिट कार्ड, चार चेकबुक, पैन कार्ड बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** करोड़ों की जीएसटी चोरी के मामले में दिल्ली के आरोपी सुमित कुमार को एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने जीएसटी चोरी के लिए 500 बोगस फर्में तैयार की थीं। काफी संख्या में बोगस फर्मों को पैसा लेकर उत्तर और दक्षिण भारत के लोगों को बेचा था। आरोपी ने अपने दो अन्य साथियों के बारे में जानकारी दी है। आरोपी के पास से तीन लैपटॉप, मोबाइल फोन, 15 डेबिट व क्रेडिट कार्ड, चार चेकबुक, पैन कार्ड आदि बरामद किया गया है।पुलिस लाइन में एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने पत्रकारों को बताया कि 23 और 24 अक्तूबर को राज्य कर विभाग के मोबाइल दस्तों ने हाईवे पर आयरन स्क्रैप के दो ट्रक पकड़े थे। पूछताछ के दौरान चालकों ने बताया कि दोनों ट्रकों में लदे माल लखनऊ के राजाजीपुरम आवास विकास कॉलोनी निवासी अंकित कुमार ने मुजफ्फरनगर के सौरभ इंटरप्राइजेज के लिए भेजा है। अपर आयुक्त ग्रेड-1 अशोक कुमार सिंह के निर्देश पर राज्य कर के अधिकारियों



ने जांच की तो पता चला कि दोनों ट्रकों में जिस अंकित का माल बताया जा रहा है, उसके मोबाइल नंबरों पर देश के अलग अलग राज्यों में 122 बोगस फर्में पंजीकृत हैं। जांच में करीब 1811 करोड़ का व्यापार कर करीब 341 करोड़ की जीएसटी चोरी की है। इसके बाद राज्य कर अधिकारी ने सिविल लाइंस थाने में दोनों मुकदमे दर्ज कराए।एसएसपी ने कुल आठ मामलों की जांच के लिए जिला स्तर पर एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। एसपी क्राइम ने बताया कि इस मामले में विवेचनात्मक कार्रवाई के बाद 22 नवंबर को मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी इखलाक और शाहजहांपुर के रामचंद्र मिशन थाना के चमकनी गरिपुरा निवासी इत्तेफाक आलम उर्फ दानिश कबाड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। दोनों के पूछताछ के दौरान लुधियाना के सीए और मेरठ के एक अन्य आरोपी के नाम सामने आए। इस मामले में एसआईटी के निरीक्षक शैलेंद्र सिंह की टीम ने इस मामले में नार्थ-वेस्ट दिल्ली के स्वरूप नगर गली नंबर-8 निवासी सुमित कुमार को गिरफ्तार किया है।आरोपी के पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन, सिम कार्ड, तीन लैपटॉप, एक पेन कार्ड, 15 डेबिट व क्रेडिट कार्ड, 4 चेकबुक बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी सुमित कुमार ने बताया कि बोगम फर्म पंजीकृत कर उसे बेचने का काम करता है। उसने ही इकलाख और दानिश को बोगम फर्म बनाकर बेची थी। दोनों ने फर्जी ई-वे बिल पर व्यापार दिखाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी की है। इस मामले में दो सीए समेत चार और नाम सामने आए हैं। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने कोर्ट के समक्ष पेश किया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

# बरेली में बढ़ा ठंड के साथ कोहरे का प्रकोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** ठंड के साथ ही बरेली जिले में कोहरे का प्रकोप बढ़ रहा है। रात से घना कोहरा छा गया। शुक्रवार तड़के चार से घने कोहरे की वजह से शहर के बाहरी इलाकों में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। हाईवे पर वाहन कतार में रेंगते नजर आए। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही, रात के तापमान में और गिरावट का अनुमान जताया है। रात में वाहन चलाते वक्त सावधानी बरतने की अपील की है। बरेली मंडल के बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में भी सुबह-सुबह भयंकर कोहरा छाया रहा। सर्द हवा से लोग ठिठुरते नजर आए।



मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को नया विक्षोभ सक्रिय होने से पुरवाई चलेगी। इसके असर से अगले तीन दिनों में रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस गिरावट का अनुमान है। इस दौरान हवा में ठंड और गलन बरकरार रहेगी। कहीं छिटपुट बादल भी छा सकते हैं। बृहस्पतिवार को जिले का न्यूनतम तापमान 7.2 व अधिकतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अस्थायी रैन बसेरे बने नहीं, ठंड में ठिठुर रहे लोग

पूस की कड़कड़ाती सर्दी में लोग खुले आसमान के नीचे सो रहे हैं। इनमें से कुछ लोगों को रैन बसेरों के बारे में जानकारी नहीं है तो कई लोग आधार कार्ड न होने से इनमें प्रवेश से वंचित हैं। सरकारी व्यवस्था के नाम पर सिर्फ अलाव जल रहे हैं। बृहस्पतिवार रात की गई पड़ताल में यही हकीकत सामने आई। सेटेलाइट बस अड्डे पर अस्थायी रैन बसेरा अब तक नहीं बना है। बस अड्डे पर लोग खुले में सोते दिखे।

नगर निगम के रैन बसेरे का हाल ठीक मिला, पर उसके बाहर भी लोग खुले में सोते दिखे। नगर निगम के जलकल विभाग के नीचे रिक्शे पर भी कुछ लोग सो रहे थे। पुराने बस अड्डे पर भी लोग खुले में सोते मिले। रिठौरा की तुलसीया और पास बैठी रामप्यारी एक पतले कंबल में लिपटी थीं। बताया कि उनके पास आधार कार्ड नहीं है, इसलिए कोई उन्हें रैन बसेरे में जगह नहीं देता है। रेलवे स्टेशन पर भी रात 11 बजे लोग खुले आसमान के नीचे व प्लेटफॉर्म पर सोते मिले। इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

# आय वृद्धि में "प्रदेश में चौथे स्थान पर रहा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) आय वृद्धि के मामले में 43.50 करोड़ की आय के साथ प्रदेश में चौथे स्थान पर रहा है। इससे अधिक आयवृद्धि में लखनऊ, गाजियाबाद और मुथुरा-वृंदावन टॉप-3 में शामिल हैं।एमडीए के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि प्रदेश शासन की ओर से लागू किए गए मॉडल भवन उपविधि व मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के बाद एमडीए की आय में वृद्धि हुई है। उपविधि एवं जोनिंग रेगुलेशंस प्रभावी होने के बाद मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की आय 43.50 करोड रुपये हुई है। इस मामले में एमडीए पूरे प्रदेश में चौथे स्थान पर रहा।शासन की ओर से 18 मीटर व अधिक चौड़ी सड़कों




पर मिश्रित क्रियाएं अनुमन्य हुई। शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत शिवालिक व गोविंदपुरम योजना के लिए लगभग 255 एकड भूमि क्रय की गई है, जिसमें 67.1 एकड़ भूमि पर तलपट मानचित्र तैयार कर स्वीकृति दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसआईआर: सूची से जुड़ने के लिए 3.72 लाख वोटरों को देने होंगे साक्ष्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एसआईआर अभियान के दौरान जिला प्रशासन का ध्यान अब अनकलेक्टिव मतदाताओं (एएसडी) पर केंद्रित रहेगा। एएसडी का अर्थ अनुपस्थित, शिफ्टेड और मृतक से लगाया जा रहा है। ऐसे मतदाताओं के साक्ष्य मिलने पर उनको सूची में शामिल किया जाएगा। अन्यथा ऐसे मतदाता सूची से बाहर कर दिए जाएंगे। केंद्रीय चुनाव आयोग ने एसआईआर अभियान की तिथि बढ़ा दी है। इस कारण आम लोगों को भी मतदाता साक्ष्य जुटाने के लिए अवसर मिल जाएगा।जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 24.59 लाख है। इनमें 84 प्रतिशत से अधिक लोगों ने फार्म भरकर जमा कर दिया है। जिला प्रशासन ने करीब 15 प्रतिशत मतदाताओं को एएसडी श्रेणी में डाला है। लगभग एक हजार गणना फार्म जमा करने में शेष रह गए थे। अब तिथि बढ़ने के कारण उनको अच्छा अवसर मिल गया है। जिले में सबसे अधिक 4.31 लाख शहर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने गणना फार्म जमा किया है। दूसरे नंबर पर कुंदरकी विधानसभा हैं जहां 3.47 लाख लोगों ने फार्म जमा किया है। सबसे कम फार्म मुरादाबाद ग्रामीण क्षेत्र से आए हैं।13 दिसंबर को बीएलए 2 और बीएलओ की बूथों पर बैठक आयोजित होगी। जिला प्रशासन ने प्रत्येक राजनीतिक दलों की भी समस्याओं को सुनने के लिए बैठकों का आयोजन किया है। इस मामले में राजनीतिक दलों के प्रमुख लोगों को सूचना दी गई है।

### शासन से "मुरादाबाद की दस सड़कों के निर्माण को मिली मंजूरी"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन ने जिले की दस सड़कों को निर्माण और मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग को धन की मंजूरी दे दी है। मार्गों के निर्माण के लिए विभाग को 50 प्रतिशत धन भी अवमुक्त कर दिया गया है।प्रदेश के वित्त नियंत्रक ने पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता को जिले की दस सड़कों और नालों के निर्माण की मंजूरी के साथ धन भी एक साथ दिया है। जनप्रतिनिधियों से जर्जर सड़कों के प्रस्ताव पहले ही जिले के अधिकारियों को इस आशय की जानकारी दी गई है। शासन ने शीघ्र ही सड़कों के निर्माण के लिए आदेश दिए हैं। इसमें अधिकतर सड़कें ठाकुरद्वारा क्षेत्र की बताई जा रही हैं। इसके पहले कुंदरकी सहित अन्य 40 सड़कों के निर्माण की मंजूरी मिली थी। सड़कों के नाम:सप्तीखेड़ा से उदमावाला की तालाब की रिटेनिंग वाल का निर्माण,ठाकुरद्वारा रतूपुर मार्ग से लालावाला मार्ग की मरम्मत के लिएकेआरएसजे मार्ग से टांडा आलम मार्ग की मरम्मत,टिहरी मुरादाबाद एवं भरतावाला मार्ग की मरम्मत,केआरएसजे मार्ग से उदरवाला संपर्क मार्ग की मरम्मत,मदारपुर से बुध नगर मार्ग की मरम्मत,टांडा आलम से देवीपुरा मार्ग की मरम्मत,भूड़ से सहसपुरी सिंहवाला मार्ग की मरम्मत,लौंगी कल्याणपुर से गझेड़ा मार्ग की मरम्मत,दोराहा डिलारी करनपुर सुरजननगर जसपुर मार्ग पर ग्राम तगाला और मानपुर साबित की आबादी भाग में नाला निर्माण का कार्य।

# भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिलेगा रविवार को: बुलन्द संदेश की "खबर पर लगी मोहर"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** यूपी के भाजपा अध्यक्ष के चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। अध्यक्ष पद के लिए 13 दिसंबर को दोपहर 1 से 2 बजे तक नामांकन किया जाएगा और 14 दिसंबर को प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव संपन्न होगा।

यह जानकारी देते हुए पार्टी की ओर से नियुक्त संगठन के चुनाव अधिकारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े भी लखनऊ में शनिवार को आएंगे। उनके सामने ही प्रदेश अध्यक्ष के लिए नमांकन पत्र लिया जाएगा। जबकि केंद्रीय चुनाव अधिकारी के तौर


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा 15 दिसंबर तक होने की उम्मीद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में 14 दिसंबर को चुनाव संपन्न कराया जाएगा। उल्लेखनीय है की "बुलन्द संदेश" ने 5 दिसंबर के अंक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा 15 दिसंबर तक होने की उम्मीद शीर्षक से खबर।

# 12 स्कूलों को केंद्र से हटाने का प्रस्ताव:यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को बनाए 114 परीक्षा केंद्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के बीच परीक्षा केंद्र बनाने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जिला स्तरीय समिति की बैठक में सभी आपत्तियों का निस्तारण कर लिया गया है। परीक्षा के अनुरूप व्यवस्थाएं न होने की वजह से 12 राजकीय हाईस्कूलों को सूची से हटाने का प्रस्ताव रखकर केंद्रों की सूची तैयार की जा रही है। इसके बाद इसे बोर्ड को भेज दिया जाएगा।यूपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षा में इस बार 77613 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसमें हाईस्कूल के 39715 विद्यार्थी हैं, जबकि इंटरमीडिएट के इस बार




37838 विद्यार्थी शामिल होंगे। बोर्ड की सूची में कई ऐसे विद्यालय परीक्षा का केंद्र बनने के लिए सभी मानक पूरे कर रहे थे, लेकिन उनको केंद्र नहीं बनाया गया था। ऐसे में स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों ने अपने विद्यालयों को केंद्र बनाने का प्रस्ताव दिया था। इस पर शहर के तीन और कांठ के दो विद्यालयों को भी केंद्र बनाने के लिए अधिकारियों ने अपनी सूची में प्रस्तावित किया है।डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हो गई है। उसी के अनुरूप अब केंद्रों की सूची तैयार की जा रही है। इसे बोर्ड को भेज दिया जाएगा। इसके बाद बोर्ड की ओर से केंद्र बनाए जाएंगे। पहले आपत्तियां मांगी गई। इन सभी केंद्रों के सापेक्ष जिले से 167 आपत्तियां प्राप्त हुई। विभाग की ओर से आपत्तियों कानिस्तारण करने के लिए टीमों का गठन किया था। इन टीमों ने भौतिक सत्यापन के बाद रिपोर्ट विभाग में जमा की थी।

### जिला स्तरीय खेलकूद बाल कीड़ा प्रतियोगिता स्थगित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** 'उ०प्र० खेल भवन लखनऊ के पत्रांकः 1/369326/2025/ शासन सन्दर्भ पत्रा0/2025-26 दिनांक 05.12.2025 के द्वारा क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी मुरादाबाद को सम्बोंधित पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली-एन०सी०आर० में वायु प्रदूषण से सम्बन्धित डब्ल्यूपी(सी) संख्या-13029/1985 की सुनवाई करते हुए निर्देश दिये हैं कि माह नवम्बर व दिसम्बर के महीनो में आयोजित होने वाले खेल और खेल प्रतियोगिता को स्थगित करने के निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के पत्रांकः 1310/ग्रा०अ०/2025-26 दिनांक 09 दिसम्बर 2025 के द्वारा खेल निदेशालय उ०प्र० खेल भवन लखनऊ से प्राप्त पत्रों में वर्णित निदेशों के अनुपालन में जिला स्तरीय खेलकूद/बाल क्रीडा प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 अग्रिम आदेशों तक स्थगित की जाती है।

### चंदौसी में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आज, विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण का अवसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल द्वारा 13 दिसंबर 2025 को जनपद न्यायालय संभल, स्थित चंदौसी में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

सौंपा ज्ञापन

शीघ्र टीम गठित कर चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाए

# नगर में बढ़ती चोरी की वारदातों पर रोक लगे–व्यापार मंडल ने प्रभारी निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नव नियुक्त प्रभारी निरीक्षक चंदौसी अनुज कुमार तोमर से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल मिला और शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि हाल के दिनों में ताबड़तोड़ चोरी की वारदातों ने नगरवासियों और व्यापारियों में दहशत का माहौल बना दिया है। चंदौसी एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र होने के कारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते हैं, ऐसे में इस तरह की घटनाएँ लोगों में भय पैदा करती हैं।

व्यापार मंडल ने मांग की कि प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में शीघ्र टीम गठित कर चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाए। साथ ही बताया कि सर्दी और कोहरे के मौसम में अपराधी घटनाओं को अंजाम देने में अधिक सक्रिय रहते हैं, इसलिए नगर में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।



प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने प्रतिनिधि मंडल को सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, जिला महामंत्री प्रभात कृष्णा, युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता, उमेश वार्ष्णेय, विक्रांत लाल, सुशील अग्रवाल, वसीम कुरेशी, मोहित सक्सेना, सद्दाम हुसैन आदि व्यापारी शामिल रहे।

# पत्रकारों की सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (संभल)।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देशन में, मंडल अध्यक्ष अरुण गोस्वामी और जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा के नेतृत्व में मीडिया कर्मियों ने चंदौसी विधायक एवं राज्य मंत्री गुलाब देवी को पत्रकार समस्याओं से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी, असुरक्षा और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण उन्हें लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एसोसिएशन ने कहा कि सरकार द्वारा पत्रकार सुरक्षा और मान्यता से जुड़े आदेश लागू हैं, लेकिन इनका जमीनी स्तर पर पालन नहीं हो रहा।

ज्ञापन में सुरक्षा आदेशों के कड़ाई से अनुपालन, मान्यता प्रक्रिया को सरल बनाने, समाचार संकलन के दौरान घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई और जिला स्तर पर सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की गई।

साथ ही राज्य स्तरीय समितियों में ग्रामीण पत्रकारों को प्रतिनिधित्व देने की भी मांग उठाई गई। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान जल्द न होने पर संगठन को आंदोलन करना पड़ेगा।

ज्ञापन सौंपते समय अरुण गोस्वामी, आलोक शर्मा, महेश राघव, विनय राठौर, नवल किशोर गुप्ता, मनीष शर्मा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश



# डिजिटल क्रिएशन पर बोलीं प्राजक्ता कोली- यहां कोई रोडमैपनहीं,रोलरकोस्टर है

यूट्यूबर और एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली ने साफ कहा है कि डिजिटल कंटेंट क्रिएशन का दौर न तो खत्म हुआ है और न ही धीमा पड़ा है, बल्कि पिछले दस साल में यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ा, तेज और अनिश्चित हो गया है। प्राजक्ता ने कहा, मुझे बिल्कुल ऐसा नहीं लगता।


यह कम नहीं हुआ है, बस बदल गया है। दस-ग्यारह साल पहले जब हमने काम शुरू किया था, तब सिर्फ लॉन्ग-फॉर्म वीडियो चलते थे। आज लोगों का अटेंशन बस बंट गया है। आज कई नए-नए प्लेटफॉर्म्स आ गए हैं। प्राजक्ता ने साल 2017 के डिजिटल बूम को गेम-चेंजर बताया। उन्होंने कहा, उसी बूम की वजह से आज भारत में इतना काम है कि पहले से कहीं ज्यादा क्रिएटर्स मौजूद हैं। यही कारण है कि आज भारत दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल इकॉनमी बन चुका है। हर बड़ा ब्रांड, हर बड़ी कंपनी भारत की तरफ देख रही है और हमारे साथ काम करना चाहती है। क्रिएटर बनने की जर्नी को उन्होंने पूरी तरह अनप्रेडिक्टेबल बताया। प्राजक्ता ने कहा, इस इंडस्ट्री में कोई तय रोडमैप या ब्लूप्रिंट नहीं होता। यह एक रोलरकोस्टर राइड है। कभी लगता है कि तीन-चार अच्छे वीडियो बन गए, जिंदगी सेट हो गई। फिर पांचवां वीडियो आते-आते सब बदल जाता है। इस पागलपन में कोई पैटर्न नहीं, कोई रिदम नहीं। सब कुछ खुद ही करना पड़ता है। उन्होंने यह भी माना कि पिछले दस साल में उनकी सबसे बड़ी सीख यही रही है कि बदलाव को जल्दी अपनाना जरूरी है। उन्होंने बताया, मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण रहा यह समझना कि इस समय कौन-सी चीज चल रही है, कौन सी चलनी बंद हो गई और फिर बिना रुके अगली चीज की तरफ बढ़ जाना। प्राजक्ता का मानना है कि डिजिटल स्पेस का सफर जितना चुनौतीपूर्ण है, उतना ही रोमांचक भी है। 'मोस्टलीसेन चैनल से मशहूर हुईं प्राजक्ता 'मिस्मैच्ड और 'जुग जुग जीयो जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं।

# आरजे महवश की बॉलीवुड में एंट्री, पहली फिल्म 'टेढ़ी है पर मेरी है, की हुई घोषणा; जितेंद्र कुमार के साथ फरमाएंगी इश्क

सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की गर्लफ्रेंड आरजे महवश अब बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली फिल्म 'टेढ़ी है पर मेरी हैइ की घोषणा आज हो गई है। इस फिल्म को कोरियोग्राफर और निर्देशक रेमो डिसूजा प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा करते हुए एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया है।

फिल्म को प्रस्तुत करने वाले कोरियोग्राफर-निर्देशक रेमो डिसूजा ने फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में जितेंद्र कुमार की आवाज में वॉइस ओवर है, जो फिल्म में लीड रोल निभा रहे हैं। फिल्म में जितेंद्र कुमार गुलाब हकीम के किरदार में नजर आएंगे, जबकि आरजे महवश नगमा का किरदार निभाएंगी। हालांकि, आरजे महवश की झलक अभी नहीं दिखी है। वहीं जितेंद्र कुमार भी सिर्फ एक तस्वीर में नजर आए हैं। वीडियो में सिर्फ फिल्म के मेकर्स और कास्ट का खुलासा हुआ है। अनाउंसमेंट वीडियो में जितेंद्र कुमार गुलाब और नगमा की मोहब्बत की कहानी का परिचय देते हैं।






इस अनाउंसमेंट वीडियो को शेयर करते हुए रेमो डिसूजा ने कैप्शन में लिखा है, 'गुलाब और नगमा की मोहब्बत। एक ऐसी मोहब्बत जिसमें जान कम है, लेकिन जुनून ज्यादा है। गुलाब में मोहब्बत का कीड़ा है और नगमा में एक कुदरत का। दिल धड़कता है, कहानी मोड़ लेती है और प्यार जिद दिखाता है और उसी जिद में दिल धड़कते हैं। प्रस्तुत करते हैं- टेढ़ी है पर मेरी है। रेमो डिसूजा द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्देशन जयेश प्रधान ने किया है। जबकि फिल्म में संगीत नेशनल अवॉर्ड विनर संगीतकार इस्माइल दरबार ने दिया है। 'टेढ़ी है पर मेरी हैइ आरजे महवश की पहली फिल्म है। इस फिल्म से महवश बॉलीवुड में अपनी शुरूआत करने जा रही हैं। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें 'पंचायतइ के सचिव जी यानी जितेंद्र कुमार प्रमुख भूमिका में होंगे। फिल्म की अभी सिर्फ घोषणा हुई है।

# रोशन कनकला, साक्षी म्हाडोलकर की फिल्म मोगली 2025 आज रिलीज होगी

युवा हीरो रोशन कनकवाला अपनी दूसरी फिल्म मोगली 2025 की रिलीज के लिए तैयार हैं। इस फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संदीप राज ने किया है और इसका निर्माण टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद ने पीपल मीडिया फैक्ट्री बैनर के तहत किया है। फिल्म ने अपने टीजर, गानों और ट्रेलर से ही जबरदस्त चर्चा बटोर ली है। विशेष रूप से, ट्रेलर, जिसने फिल्म की दुनिया की एक झलक पेश की, को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है।

मूल रूप से 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली यह फिल्म अब आज 13 दिसंबर तक टाल दी गई है, निमार्ताओं को भरोसा है कि शुरूआती प्रीमियर की चर्चा फिल्म की संभावनाओं को और बढ़ाएगी। रिलीज-डेट पोस्टर में रोशन कनकला और साक्षी म्हाडोलकर के हंसमुख चेहरे हैं, जबकि बंदी सरोज कुमार एक गंभीर अवतार में नजर आते हैं। कहानी इन तीन किरदारों के बीच के संबंधों के इर्द-गिर्द घूमती है: मुख्य जोड़ी, जिन्हें आधुनिक राम और सीता के रूप में अपने प्यार के लिए लड़ते हुए दिखाया गया है, और सरोज का किरदार रावण जैसे खलनायक का रूप धारण करता है




रोशन कनकला ने फिल्म के लिए अपना पूरा लुक बदल लिया है और इस फिल्म में उन्हें कुछ बेहद रोमांचक स्टंट करते हुए देखा जा सकता है। यह फिल्म एक गहन ड्रामा होने के साथ-साथ एक दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी का भी संगम है। हर्षा चेमुडु एक महत्वपूर्ण सहायक भूमिका निभा रहे हैं।

फिल्म की छायांकन रामा मारुति एम ने की है, संगीत काला भैरव ने तैयार किया है। संपादन कोडाती पवन कल्याण ने, प्रोडक्शन डिजाइन किरण मामिडी ने और एक्शन कोरियोग्राफी नटराज मदिगोंडा ने की है।

प्रेम और एक्शन से भरपूर इस ड्रामा को सिनेमाघरों में देखने के लिए सिर्फ तीन दिन और बचे हैं।

# मोनालिसा ने शॉर्ट स्कर्ट में दिए हॉट पोज, फैंस को पसंद आया एक्ट्रेस का बोल्ड लुक

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपनी हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर फैंस के बीच तबाही मचाती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है। ब्राउन क्रॉप टॉप और शॉर्ट स्कर्ट में मोनालिसा बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। मोनालिसा का यह लूक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा हैं। मोनालिसा ने इस लूक में कई सिजलिंग पोज दिए। इन तस्वीरों के साथ मोनालिसा ने कैप्शन में लिखा- कभी-कभी पोज देती हुं। मोनालिसा ने बेहद



ही कम समय में टीवी इंडस्ट्री में अपनी अच्छी-खासी पहचान बना ली है। ये ही नहीं एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट में फैंस के बीच साझा करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती है।

हालांकि फैंस को भी उनका ये लुक बेहद पसंद आ रहा है। साथ ही वो उनके लुक पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोग अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते रहते हैं। मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

# सर्दियों में हाई नेक ड्रेस पहनती हैं? इन बातों का रखें खास ध्यान

सर्दियों में महिलाएं हाई नेक ड्रेस पहनना पसंद करती हैं क्योंकि ये न केवल ठंड से बचाती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। हालांकि, इनकी देखभाल करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। सही तरीके से देखभाल करने पर इनकी उम्र बढ़ सकती है और ये हमेशा नई जैसी दिखती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी हाई नेक ड्रेस की देखभाल कर सकती हैं।



**ड्रेस को धोने का सही तरीका अपनाएं**

हाई नेक ड्रेस को धोने का सही तरीका अपनाना बहुत जरूरी है। हमेशा लेबल पर लिखी धुलाई की दिशा निदेर्शों का पालन करें। अगर ड्रेस पर हाथ से धोएं लिखा हो तो उसे हाथ से ही धोएं। गर्म पानी का उपयोग न करें क्योंकि इससे कपड़ा सिकुड़ सकता है और रंग उड़ सकता है। ठंडे पानी और हल्के साबुन का उपयोग करें। इसके अलावा ड्रेस को उल्टा कर-के धोएं ताकि रंग फीका न हो।

**सुखाने का तरीका भी है अहम**

ड्रेस को सुखाने का तरीका भी अहम है। कभी भी ड्रेस को सीधे धूप में न सुखाएं क्योंकि इससे रंग फीका पड़ सकता है और कपड़ा खराब हो सकता है। बेहतर होगा कि आप ड्रेस को हवा में सुखाने के लिए किसी हुक या रॉड पर लटका दें। अगर संभव हो तो इसे छायादार जगह पर रखें ताकि प्राकृतिक हवा से यह सूख जाए। इससे आपकी ड्रेस की गुणवत्ता बनी रहेगी और वह जल्दी सूख जाएगी।

**आयरन करने का तरीका जानें**

अगर आपकी हाई नेक ड्रेस रेशम या किसी नाजुक कपड़े से बनी हुई है तो आयरन करते समय खास ध्यान रखें। सबसे पहले आयरन को उल्टे तरफ से करें यानी अंदर की तरफ से आयरन करें। इससे बाहरी सतह पर कोई निशान नहीं पड़ेंगे। अगर आपके पास भाप वाला आयरन है तो उसका उपयोग करें क्योंकि यह सिलवटें हटाने में मदद करता है बिना कपड़े को नुकसान पहुंचाए।

**स्टोर करने का तरीका अपनाएं**

जब आप अपनी हाई नेक ड्रेस को स्टोर कर रही हों तो ध्यान रखें कि वह पूरी तरह से साफ हो चुकी हो। गंदी ड्रेस में कीड़े लगने का खतरा बढ़ जाता है इसलिए उसे धोकर सुखाने के बाद ही अलमारी में रखें। बेहतर होगा कि आप प्लास्टिक बैग की बजाय कपड़े के थैले में रखें ताकि हवा आ सके और कोई नमी न बने। इसके अलावा समय-समय पर अपनी ड्रेस की जांच करते रहें।

**गहनों का चयन भी है जरूरी**

हाई नेक ड्रेस पहनते समय सही गहनों का चयन करना भी जरूरी है ताकि आपका लुक पूरा हो सके। अगर आपकी ड्रेस साधारण है तो आप उसमें थोड़ा चमक-धमक जोड़ सकती हैं जैसे कि झुमके या चेन पहनकर, वहीं अगर आपकी ड्रेस पहले से ही भारी कढ़ाई वाली है तो साधारण गहने ही चुनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे।

# पालक बनाम केल: इनमें से किसका सेवन सेहत के लिए है ज्यादा फायदेमंद?

सब्जियों को सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है क्योंकि इनमें कई पोषक तत्व होते हैं। हालांकि, पालक और केल जैसी कुछ पत्तेदार सब्जियां ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जो सेहत के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती हैं। इन दोनों पत्तेदार सब्जियों में पोषक तत्वों की मात्रा अधिक होती है, लेकिन इनमें से एक का सेवन सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद है। आइए जानते हैं कि इन दोनों में से किसका सेवन ज्यादा लाभकारी है।




**पालक के फायदे**

पालक विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-के और आयरन से भरपूर होता है। यह दिल की सेहत को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है क्योंकि इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर में होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। पालक का सेवन ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने, सूजन को कम करने और आंखों की रोशनी को तेज करने में भी मदद कर सकता है।

**केल के सेवन से मिलने वाले फायदे**

केल को सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है और यह विटामिन-के, विटामिन-सी, विटामिन-ए और कैल्शियम का एक अच्छा स्त्रोत है। केल का सेवन दिल की बीमारी के खतरे को कम करने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। केल में एंटी-ऑक्सीडेंट भी होते हैं, जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा यह पाचन को भी स्वस्थ रख सकता है।

**दोनों में से किसका सेवन है ज्यादा फायदेमंद?**

पालक और केल दोनों ही सेहत के लिए फायदेमंद पत्तेदार सब्जियां हैं, लेकिन इनमें से पालक का सेवन ज्यादा फायदेमंद है। इसमें मौजूद आयरन और फोलेट गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत जरूरी होते हैं, वहीं इसमें मौजूद विटामिन-सी आयरन के अवशोषण को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा पालक में केल की तुलना में अधिक फाइबर और कम कैलोरी होती हैं, जो पाचन को बेहतर रखने में सहायक हैं।

पालक और केल से बनाए जाने वाले व्यंजन

पालक से आप कई तरह के व्यंजन तैयार कर सकते हैं, जिसमें पालक का परांठा, पालक की खिचड़ी, पालक का हलवा, पालक की सब्जी और पालक के पकौड़े आदि। वहीं केल का इस्तेमाल स्मूदी से लेकर सूप में किया जा सकता है। आप चाहें तो अपनी जरूरत के हिसाब से इन सब्जियों का सेवन कर सकते हैं, लेकिन इनका सेवन सलाद के तौर पर कच्चा न करें।

# एचपीडीए की आनंद विहार कालोनी में बनेगा मुख्य फायर स्टेशन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने अपनी आनंद विहार आवासी कालोनी के ए ब्लाक में मुख्य फायर स्टेशन निर्माण करने के लिए अग्निशमन विभाग को निःशुल्क करीब 7800 वर्ग मीटर भूमि दी है। मुख्य अग्निशमन

- **प्राधिकरण ने अग्निशमन विभाग को दी निःशुल्क 7800 वर्ग मीटर भूमि**
- **मुख्य फायर स्टेशन निर्माण कराने हेतु एचपीडीए को किया पत्राचार**
- **शहर में आग लगने की घटना पर तीन मिनट में पहुंचेगी फायर बिग्रेड:सीएफओ**

अधिकारी द्वारा मुख्य फायर स्टेशन निर्माण कराने के लिए एचपीडीए को पत्राचार किया है। मुख्य फायर स्टेशन शुरू होने से शहर में आग लगने की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी मात्र तीन मिनट में पहुंचेगी।

आपको बता दें,कि शहर के स्वर्ग आश्रम रोड पर पिछले काफी समय से फायर स्टेशन संचालित हो रहा है। वहां की सड़के संकरी होने के कारण कभी-कभी आग लगने की सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंचने में देर हो जाती है। जनपद बनने के बाद से मुख्य फायर स्टेशन निर्माण की मांग जनता व विभागीय अधिकारियों द्वारा सरकारी से की जा रही है। मुख्य फायर स्टेशन शहर से बाहर बनने पर आग लगने की घटना की सूचना मिलने पर फाया बिग्रेड की गाड़ी समय से पहुंचेगी,और



आनंद विहार ए ब्लाक की इस भूमि पर बनेगा मुख्य फायर स्टेशन

आग की घटना पर काबू पाया जा सकेगा।



सचिव अजय शर्मा

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा अपनी आवासीय कालोनी आनंद विहार के ए ब्लाक में निःशुल्क करीब 7800 वर्ग मीटर मुख्य फायर स्टेशन निर्माण कराने के लिए दी है। भूमि पर अग्निशमन विभाग को कब्जा भी दे दिया गया है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि दिल्ली रोड पर मुख्य फायर स्टेशन के शुरू होने से शहर में आग लगने की सूचना पर तीन मिनट में फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचेगी। मुख्य फायर स्टेशन का निर्माण आगामी 25 वर्षों की कार्य योजना के आधार पर कराया जायेगा। प्राधिकरण द्वारा करीब 7800 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध कराई है। उन्होंने बताया कि मुख्य फायर स्टेशन के निर्माण के लिए उनके द्वारा हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण को पत्राचार भी किया गया है। लेकिन प्राधिकरण ने बजट का अभाव बताया है। जिस कारण फायर स्टेशन निर्माण में विलंब हो रहा है।

## कोचिंग सेंटर में छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

# डीएम ने आईएएस,पीसीएस कोचिंग सेंटर का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने निजामपुर आईएएस/पीसीएस कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान डीएम ने कोचिंग में उपस्थित छात्रों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।





कोचिंग सेंटर की छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय को कोचिंग संस्थान की समस्याओं जैसे पानी,किताबें,प्रिंटआउट मशीन,साफ सफाई व्यवस्था एवं डिजिटल क्लासेस आदि के बारे में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को सुनते हुए उनके जल्द निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# युवा पुरुषों में बढ रही इरेक्टाइलडिसफंक्शन की समस्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली।** भारत में पुरुषों की प्रजनन से जुड़ी समस्याएँ बढ़ रही हैं। इरेक्टाइल डिसफंक्शन जिसे पहले बुजुर्गों की समस्या माना जाता था, अब २०-३०

**प्रजनन क्षमता पर बुरा असर 35 साल से कम उम्र के पुरुषों में इरेक्टाइल डिसफंक्शन तेजी से बढ़ रहा है,अगर ईडी का समय पर इलाज न कियाजाए तो दंपति के बच्चे होने की संभावना कम हो सकती है। इसलिए जल्दी पहचान और इलाज जरूरी है**

साल के युवाओं में भी ज्यादा देखा जा रहा है। इरेक्टाइल डिसफंक्शन में पुरुष को संभोग के लिए जरूरी इरेक्शन नहीं हो पाता या वह टिकता नहीं है। यह स्थिति बार-बार हो तो इलाज जरूरी है।

दिल्ली के वसंत विहार के नोवा आयवीएफ फर्टिलिटी के फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. पारूल गुप्ता खन्ना ने कहॉ, ह्लतनाव, चिंता, परफॉर्मेंस प्रेशर, धूम्रपान, ज्यादा शराब पीना, कम टेस्टोस्टेरोन, मोटापा, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल और खराब नींद यह इरेक्टाइल डिसफंक्शन के कारण हैं। अत्यधिक पॉर्न देखने की आदत, व्यायाम की कमी और रिलेशनशिप में तनाव भी कारण बन सकते हैं। कई बार इरेक्टाइल डिसफंक्शन दिल की बीमारी का शुरूआती संकेत भी होता है। इसके लक्षणों में इरेक्शन पाने या बनाए रखने में परेशानी, यौन इच्छा में कमी, और सेक्स के समय चिंता शामिल है। लंबे समय तक इलाज न होने पर



आत्मविश्वास कम होना, रिश्तों में तनाव और गर्भधारण में देरी जैसी समस्याएँ हो सकती हैं। २७-३५ वर्ष के पुरुषों में हर महीने १० में से लगभग ५ युवक ऐसे लक्षणों के साथ आ रहे हैं।

डॉ. पारुल ने आगे कहां, इरेक्टाइल डिसफंक्शन सीधे स्पर्म को खराब नहीं करता, लेकिन नियमित संभोग न होने से गर्भधारण के मौके कम हो जाते हैं। कुछ पुरुष शर्म या तनाव के कारण सेक्स से दूर रहने लगते हैं। कई बार एऊके साथ टेस्टोस्टेरोन भी कम होता है, जिससे स्पर्म काउंट घट सकता है।

इरेक्टाइल डिसफंक्शन को नियंत्रित करने के लिए क्या करें
वजन कंट्रोल में रखें
रोज थोड़ा व्यायाम करें
तनाव कम करें–योग, मेडिटेशन
शराब कम करें, धूम्रपान छोड़ें
रोज 7-8 घंटे नींद लें
डायबिटीज, इढ, कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करें
पार्टनर से खुलकर बात करें
देर न करें, डॉक्टर से समय पर सलाह लें विशेषज्ञ आवश्यकता के अनुसार काउंसलिंग, रक्त प्रवाह सुधारने वाली दवाएं, हॉरमोन टेस्ट, पेनाइल इंजेक्शन, वैक्यूम डिवाइस, या शॉकवेव थेरेपी जैसे विकल्प सुझा सकते हैं।

कुछ मामलों में मिनिमली इनवेसिव प्रक्रियाएं या पेनाइल इम्प्लांट भी किए जाते हैं।

यह सब पुरुष की उम्र, स्वास्थ्य और इरेक्टाइल डिसफंक्शन के कारणों के आधार पर तय किया जाता है।

# कुलिनरी एक्सप्लोरर अनुभव सप्रा ने भारत के स्ट्रीट फूड के पीछे छिपे विज्ञान और गुमराह करने वाले फूड लेबल्स के बारे में बताया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** करारी पकौड़ी से लेकर चटपटे समोसे तक–स्ट्रीट फूड पूरे भारत में सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि एक भाव है। लेकिन हर परिपूर्ण तरीके से तला हुआ स्नैक उस तेल पर निर्भर करता है जिसमें वह तैयार किया जाता है–और इस पहलू को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। इसी विषय पर एक पॉडकास्ट सीरीज में कुलिनरी एक्सप्लोरर और दिल्ली फूड वॉक?स के संस्थापक अनुभव सप्रा को दिखाया गया है, जहाँ उन्होंने स्ट्रीट फूड में उपयोग होने वाले तेलों की भूमिका को सरल तरीके से समझाया और भ्रामक फूड लेबल्स के पीछे छिपे सच को उजागर किया।

**एपिसोड पर एक नजर**

पहले एपिसोड साइलेंट हीरोः द साइंस ऑफ व्हाट वी ईट में अनुभव बताते हैं कि स्ट्रीट वेंडर्स पाम तेल का व्यापक उपयोग क्यों करते हैं। उच्च तापमान पर इसकी स्थिरता, न्यूट्रल स्वाद और लगातार एकसमान तलने की क्षमता भारतीय स्नैक्स को उनका विशिष्ट कुरकुरापन देती है।

दूसरे एपिसोड नो पाम ऑयल? डोंट बी फूल्ड में वे नो पाम ऑयल लेबल्स की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रकाश डालते हैं और बताते हैं कि ये टैग अक्सर उपभोक्ताओं में भ्रामक स्वास्थ्य धारणाएँ पैदा करते हैं। वे सलाह देते हैं कि उपभोक्ता पैकेट के सामने दावों पर निर्भर रहने के बजाय पूरी सामग्री सूची और पोषण तथ्यों को अवश्य पढ़ें।



**इंफ्लुएंसर की जानकारी**

दोनों एपिसोड में अनुभव ने महत्वपूर्ण बिंदु साझा किए:

स्ट्रीट वेंडर ऐसे तेलों को प्राथमिकता देते हैं जो उच्च तापमान पर स्थिर रहें, जिनका स्मोक पॉइंट उच्च हो और जो आसानी से टूटे नहीं।

पाम तेल का न्यूट्रल स्वाद भोजन के असली फ्लेवर को बनाए रखता है।

कई उपभोक्ता यह नहीं जानते कि पाम तेल स्वाभाविक रूप से ट्रांस-फैट फ्री और कोलेस्ट्रॉल-फ्री होता है।

सुरक्षित कुकिंग आदतें बेहद जरूरी हैं–ताजे तेल का उपयोग करें, अत्यधिक गरम करने से बचें और घर पर समय-समय पर विभिन्न तेलों का उपयोग बदलकर करें।

**पाम तेल के बारे में क्या कहता है विज्ञान**

पाम तेल स्वाभाविक रूप से कोलेस्ट्रॉल-फ्री होता है, क्योंकि कोलेस्ट्रॉल केवल पशु-आधारित वसा में पाया जाता है। संतुलित आहार का हिस्सा बनने पर पाम तेल का रक्त कोलेस्ट्रॉल स्तर पर न्यूट्रल प्रभाव पड़ता है। इसमें टोकोट्रियनोल नामक विटामिन-ई यौगिक भी मौजूद होते हैं, जो अपने शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट गुणों और सेल स्तर तथा हृदय स्वास्थ्य को समर्थन देने में संभावित भूमिका के लिए पहचाने जाते हैं।

**आईसीएमआर के आहार दिशानिर्देशों के अनुरूप**

ICMR–NIN 2024 के दिशा-निदेशों को दोहराते हुए यह अनुशंसा की जाती है कि तेल/वसा का उपयोग उचित मात्रा में किया जाए और आवश्यक फैटी एसिड तथा दैनिक वसा आवश्यकता पूरी करने के लिए विभिन्न प्रकार के तिलहन, नट्स, न्यूट्रिसीरियल्स और फलियों को आहार में शामिल किया जाए।

NMEO–OP : भारत के खाद्य तेल लक्ष्यअनुभव ने भारत के खाद्य तेल इकोसिस्टम को मजबूत करने के व्यापक प्रयासों पर भी प्रकाश डाला।

# एसबीआई कप एलएमपीएल 13 दिसंबर से, उद्घाटन करेंगे पीयूष सिंह चौहान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ,।** लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान में आयोजित एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल) 2025 का आगाज 13 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर होगा। एलएसजेए सचिव एसएम अरशद ने बताया कि लीग का उद्घाटन सुबह 9:30 बजे मुख्य अतिथि एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के उपाध्यक्ष पीयूष सिंह चौहान के करकमलों द्वारा किया जाएगा।

लीग का पहला मैच सुबह 9:45 बजे से पिछले संस्करण की विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश व हिंदुस्तान टाइम्स के बीच खेला जाएगा। वहीं दोपहर 12:30 से दूसरे मैच में मेजबान एलएसजेए एकादश व मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश का मुकाबला होगा। उन्होंने बताया कि इस लीग की सह आयोजक कैवेल्य कम्युनिकेशंस है जिसके सभी मैच रंगीन ड्रेस व सफेद गेंद में होंगे और 17 दिसंबर तक लीग मैच खेले जाएंगे। उसके बाद 18 दिसंबर को सेमीफाइनल होगा और 19 दिसंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शाम 4 बजे से दूधिया रोशनी में मैच खेला जाएगा।

इस लीग का मुख्य प्रायोजक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) व योनो एसबीआई है। वहीं सह प्रायोजकों में ओमैक्स, शुद्ध दूध, इकाना स्पोर्ट्स सिटी, आरईपीएल लखनऊ चैलेंजर्स, क्वैड स्पोर्ट्स, भारत एक्सप्रेस, राधे गारमेंट्स, जेड स्टार फनीचर्स, क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ, पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन, इंसोलॉक्स, उत्तर प्रदेश अंडर वाटर एवं फिन स्वीमिंग एसोसिएशन, दिव्य न्यूज नेटवर्क व राज गार्डन मैरिज हाल है।

# लखनऊ के अंकित बने उत्तर प्रदेश की पुरुष सीनियर हैंडबॉल टीम के कप्तान 54वीं सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में करेगी प्रतिभाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी 54वीं सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए लखनऊ के अंकित को उत्तर प्रदेश की पुरुष सीनियर हैंडबॉल टीम का कप्तान बनाया गया है। उत्तर प्रदेश टीम की घोषणा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेल विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर की शुक्रवार को समाप्ति के बाद की गई।

उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने टीम में चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करते हुए चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगे बताया कि 54वीं सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप 15 से 20 दिसंबर 2025 तक पश्चिम बंगाल के चिनसुरा (हुगली) में आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश की टीम शनिवार को पश्चिम बंगाल के लिए रवाना होगी।



**उत्तर प्रदेश की चयनित पुरुष सीनियर हैंडबॉल टीम इस प्रकार हैं:**

जय सिंह (अयोध्या), अमित, विक्रांत, शाहरुख, प्रदीप, निहाल, अमन, शुभम सरोज, मनकेश (यूपी पुलिस), गोपाल, भारत(बस्ती), अंकित (कप्तान-लखनऊ), शुभम सिंह, अभिनाश, रोहन (लखनऊ), रजनीश यादव, अनीश यादव (वाराणसी), मानवेंद्र यादव (गोरखपुर), कोचः मो.तौहीद व आदित्य, मैनेजर : मनोज।

# समाजसेवी ने बाईपास के स्थान पर गंगा नदी पर पुल बनवाने की उठाई मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित ब्रजघाट टोल के निकट से अत्यधिक धन खर्च कर बाईपास बनाने के स्थान पर जनहित में तिगरी की और से गढ़मुक्तेश्वर की तरफ को बाईपास के मुकाबले अत्यधिक कम धन खर्च गंगा दी पर पुल बनाने की मांग को लेकर समाज सेवी पंकज लोधी ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी,उत्तर प्रदेश सरकार व जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय को पत्र भेजा है। समाजसेवी पंकज लोधी ने पत्र भेजकर केंद्रीय परिवहन मंत्री निजिन गडकरी को अवगत कराते हुए बताया की वर्ष 2011-12 में ब्रजघाट गंगा नदी पर बने छोटे से पुल का हवाला देकर 15 साल तक लगातार टोल वसूल किया जा रहा है,जिसका कोई भी जानकारी नहीं दे रहा है,कि कितना वसूल किया जा चुका है। इन परिस्थितियों में यदि टोल के पास से बाईपास शमशान घाट की तरफ को होता हुआ गंगा नदी पर पुल बनाकर निकाला जाता है तो वह निश्चित ही टोल प्लाजा की समय सीमा अत्यधिक बढ़ा दी जाएगी,जबकि उच्चन्यायालय में ब्रजघाट टोल हटाने की याचिका विचाराधीन है।

- **केन्द्र परिवहन मंत्री,यूपी सरकार व जिलाधिकारी को समाजसेवी ने भेजा पत्र**
- **ब्रजघाट टोल के निकट से बाईपास बनने से टोल की सीमा भी बढ़ाई जायेगा**
- **सीएम योगी तिगरी में गंगा नदी पर दो बार पुल बनवाने की घोषणा भी कर चुके है**

उन्होंने कहा कि जिस जाम की समस्या की समाप्त होने की बात कही जा रही है,वह सारा जाम ही ब्रजघाट टोल पर लगता है,जो श्रद्धालु गंगा नदी में स्नान करने के लिए आते हैं वह तो गंगा नदी पर ही जाएंगे तो उन श्रद्धालुओं का ही जाम होता है,कितना ही भी बड़ा बाईपास बना दिया जाए उस जाम से निजात नहीं मिल पाएगी।

समाजसेवी ने केन्द्रीय मंत्री से बाईपास के स्थान पर तिगरी गांव की तरफ से गढ़मुक्तेश्वर की ओर को गंगा नदी पर बाईपास के मुकाबले कम खर्चे में पुल बनाकर यह समस्या का समाधान किया जा सकता है। दो बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गढ़ गंगा मेले पर आने के दौरान तिगरी पुल बनवाने की घोषणा कर चुके हैं,यह पुल बनाया जाता है तो मेरठ क्षेत्र का तमाम आवागमन इस पुल से होता हुआ बिजनौर धमपुर रामपुर इत्यादि की तरफ इसी पुल से होकर जाएगा,जिसका भार ब्रजघाट हाईवे से अत्यधिक कम हो जाएगा जिसके कारण जाम से निश्चित निजात मिल पाएगी।



समाजसेवी पंकज लोधी ने केंद्रीय परिवहन मंत्री को अवगत कराया कि बाईपास बनाकर टोल प्लाजा ब्रजघाट की समय सीमा बढ़ाई जाती है तो यह निश्चित ही खेद जनक होगा,क्योंकि बहुत-बहुत लंबे समय से गढ़ क्षेत्र की जनता उस पुल का शुल्क दे रही है,जिस पुल पर वह जा ही नहीं पा रही,यदि यह बाईपास बनता है तो निश्चित ही इसकी शुल्क पूर्ति के लिए ब्रजघाट टोल प्लाजा की समय सीमा बढ़ाई जाएगी जो की क्षेत्रवासियों के लिए अत्यधिक दुविधाजनक होगी। जनहित में बाईपास के स्थान पर गंगा नदी पर पुल का निर्माण कराया जाये।

## ऑपरेशन प्रहार

## -मेरठ रेंज के सभी थानों द्वारा अपराधियों पर किया कड़ा प्रहार : डीआईजी

# गैंगस्टर के 207 अभियोग में 913 अभियुक्तों पर कार्रवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ,हापुड़।** डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपदों में अपराध की रोकथाम के लिए परिक्षेत्र स्तर पर ऑपरेशन प्रहार एक जनवरी 2025 से 30 नवंबर 2025 तक चलाया गया है। जिसमें रेंज के अधीनस्थ जनपदों में पुलिस द्वारा अपराधियों पर कड़ा प्रहार किया है। जिसके फलस्वरुप विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अपराध में कमी आई है। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि परिक्षेत्र स्तर पर ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत इस वर्ष 2025 में अब तक गैंगस्टर अधिनियम में 207,राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम में 04,शस्त्र अधिनियम में 3298, एनडीपीएस अधिनियम में 319,आबकारी अधिनियम में 3131 अभियोग पंजीकृत किये गये हैं तथा 673 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इसके अलावा गुण्डा अधिनियम के अन्तर्गत 1695 अपराधियों पर कार्यवाही करते हुए 444 अपराधियों को जिला बदर किया गया एवं 404 अपराधियो पर पुरस्कार घोषित किया गया है ।

- **1695 अपराधियों पर लगा गुण्डा एक्ट,444 को किया जिला बदर**
- **673 अपराधियो की खोली गयी हिस्ट्रीशीट,404 अपराधियों पर घोषित किया इनाम**
- **अपराधियों एवं संगठित गिरोहों पर कहर बनकर टूटें**

आपरेशन प्रहार में जनपद हापुड़ में गैंगस्टर अधिनियम के 23,शस्त्र अधिनियम के 506,एनडीपीएस अधिनियम के 32,आबकारी अधिनियम के 380 अभियोग दर्ज किये गये है। डीआईजी महोदय ने कहा कि शासन द्वारा संचालित प्रमुख अभियानों मिशन शक्ति 5.0, जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट तथा साइबर अपराधों के विरुद्ध विशेष अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करते हुए इनके परिणामों को जमीनी स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समस्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि महिला सुरक्षा,सड़क सुरक्षा तथा साइबर सुरक्षा से सम्बंधित प्रत्येक कार्रवाई समयबद्ध,दृश्यमूलक तथा अधिकतम प्रभावी हो,जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अपराधियों में भय की भावना और अधिक मजबूत हो। निरोधात्मक कार्यवाही में कमी से अपराधियों का मनोबल बढ़ता है,अपराधियों के विरुद्ध अधिक से अधिक प्रभावी एवं ठोस निरोधात्मक कार्यवाही की जाए तथा अभ्यस्त अपराधियों एवं संगठित गिरोहों पर कहर बनकर टूटें ।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267